पलवल

वर्षः 3, अंकः 122,
रविवार,
21 अप्रैल 2024
पृष्ठः 12
मूल्यः 4 रुपये

RNI No. HARHIN/2021/81389

www.deshrojana.com

# देश रोजाना

हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में प्रसारित हिन्दी दैनिक

बेबाक सच...

स्पोर्ट्स



P 11

टी20 विश्व कप के लिए टीम को लेकर 27 अप्रैल को चयनकर्ताओं से मिल सकते हैं रोहित

सोना (24 कैरेट) ₹ 75,935.00 प्रति 10 ग्राम

चांदी ₹865 प्रति 10 ग्राम

मौसम
सूर्योदय...5:52 (बजे)
सूर्यास्त...6:50 (बजे)
38° (+2)
24° (+2)



P 03

हर किसान को मिलेगा मुआवजा : मुख्यमंत्री

## न्यूज Window

### विनेश और अंशु ने दिलाया ओलंपिक कोटा

**देश रोजाना ब्यूरो, सोनीपत।** एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर में प्रतियोगिता में दूसरे दिन भारत के लिए अच्छी खबर आई है। प्रतियोगिता में 50 किलो भार वर्ग में विनेश फोगाट (सोनीपत) व 57 किलो में अंशु मलिक (जींद) ने फाइनल में प्रवेश कर देश के लिए ओलंपिक कोटा प्राप्त कर लिया है। सेमीफाइनल मुकाबले में दोनों ने ही पहलवानों ने एक तरफ जीत दर्ज की। विनेश ने कजाकिस्तान की पहलवान लौरा गैनिकिजी को 10-0 व अंशु मलिक ने उज्बेकिस्तान की पहलवान लैलोखोन सोबिरोवा को 10-0 से हराया। पहलवान बजरंग व साक्षी मलिक ने विनेध फोगाट की जीत पर उन्हें बधाई दी है। बजरंग ने एक्स पर लिखा कि संघर्ष का मैदान हो या खेल का मैदान, विनेश हमेशा जमकर लड़ती हैं।

### रेलवे ट्रैक पर डटे किसान, 72 ट्रेन रद्द

**देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़।** हरियाणा पंजाब के किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं। किसानों द्वारा शंभू बॉर्डर कारण चौथे दिन भी ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। रेलवे ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए 72 ट्रेनों को पूर्ण रुप से रद्द कर दिया। वहीं 63 ट्रेनों को बदले मार्ग से, पांच ट्रेनों को बीच रास्ते रद्द तो पांच ट्रेनों को बीच रास्ते के रेलवे स्टेशनों से पुनः चलाया गया। ट्रेनों के लगातार रद्द होने से अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर अभी तक लगभग 12 लाख रुपये का रिफंड दिया जा चुका है।

### मनीष सिसोदिया ने वापस ली अंतरिम जमानत याचिका

**देश रोजाना ब्यूरो, नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की अंतरिम जमानत याचिका वापस ली। सिसोदिया के वकील ने कहा अदालत नियमित जमानत पर फैसला कोर्ट सुरक्षित कर चुकी है, इसलिए वह अंतरिम जमानत की याचिका वापस ले रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत की मांग की थी। सिसोदिया की जमानत का विरोध करते हुए सीबीआई ने कहा पूरी सोसायटी आर्थिक अपराधों से पीड़ित है, इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार कहा था कि भ्रष्टाचार समाज के लिए कैंसर है, अगर जमानत दी गई तो सिसोदिया आगे की जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया की नियामित जमानत याचिका पर राउज ऐवन्यू कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा, 30 अप्रैल को फैसला सुनाएगा। सीबीआई ने कहा सिसोदिया घोटाले के किंगपिन हैं उनको जमानत नहीं दी जानी चाहिए, जमानत मिली तो सिसोदिया सबूतों से छेडछाड कर सकते हैं।

## तिरछी नजर

धर्मेंद्र व्यास




पीएम नरेंद्र मोदी ने पहले चरण में वोट देने वालों को किया धन्यवाद

# राहुल जैसे अमेठी छोड़कर भागे वैसे वायनाड छोड़कर भागेंगे : मोदी

- कहा-इंडी गठबंधन को उम्मीदवार नहीं मिल रहा। वायनाड में राहुल को संकट दिख रहा है

**एजेंसी, महाराष्ट्र/नांदेड़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार दोपहर महाराष्ट्र के नांदेड़ में चुनावी रैली की जहां उन्होंने पहले चरण में वोट देने वालों को धन्यवाद दिया। पीएम ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा- इंडी गठबंधन को उम्मीदवार नहीं मिल रहा। वायनाड में राहुल को संकट दिख रहा है। जैसे वे अमेठी छोड़कर भागे हैं, उन्हें वायनाड छोड़कर भी भागना पड़ेगा।

नांदेड़ के बाद मोदी ने परभणी भी जनसभा की। यहां उन्होंने कहा, ह्य2014 में जब मैं पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहा था, तब आतंकी हमलों के डर, आए दिन बम धमाके की खबरें छाई रहती थीं। 5 साल बाद 2019 में सीमा पार से होने वाले हमलों की चर्चा बंद हो गई और सर्जिकल स्ट्राइक की चर्चा होने लगी। ये तो मोदी है, घर में घुसकर मारता है। हर जगह यही चर्चा होने लगी। पीएम ने नांदेड़ में इंडी गठबंधन को लेकर यह भी कहा कि आपकी समस्याओं का ये कभी समाधान कर सकते हैं क्या? कांग्रेस ने दशकों तक महाराष्ट्र और विदर्भ-मराठवाड़ के आसपास दम घोंटने वाला काम किया है। इस क्षेत्र में सूखे की स्थिति पानी का संकट एक दिन में नहीं पैदा हुआ है। कांग्रेस के रवैए के चलते किसान कमजोर होते गए। लाखों युवाओं को पलायन करना पड़ा।

अब 80 फीसदी से ज्यादा घरों में नल से जल आने लगा है। अपर गंगा प्रोजेक्ट चल रहा है। किसानों को प्रीमियम से 5 गुना ज्यादा क्लेम फसल बीमा के तहत दिलाया। नांदेड़ के किसानों को 1300 करोड़ से ज्यादा किसान सम्मान निधि से मिले। हमारी सरकार ने मोटे अनाज को पहचान दी, श्री अन्न कहा। ये यहां बहुत पैदा होते हैं। ये दुनियाभर में सुपरफूड बोला जा रहा है।



### 4 जून के बाद इंडी गठबंधन एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेगा

पीएम ने कहा कि 4 जून के बाद इंडी गठबंधन एक-दूसरे के कपड़े फाड़ेगा। एक दूसरे के बाल नोंचने वाले हैं। आप बताईए कोई भी समझदार नागरिक इनके लिए वोट करेगा क्या? मैं मतदाताओं को कहता हूं कि आइए जी-भरकर ठळअ को वोट दीजिए। ठळअ को वोट करना है। आज भी एनडीए सरकार गरीब के लिए कोई काम करती है तो कांग्रेस उसका मजाक उड़ाती है। कांग्रेस गरीब, दलित, वंचित, मजदूर किसान के विकास के सामने हमेशा दीवार बनकर खड़ी है। आजादी के 6 दशक बाद हमने करोड़ों गरीब महिलाओं को शौचालय देने का अभियान छेड़ दिया। तब कांग्रेस और इंडी अघाड़ी वाले लोग मजाक उड़ाते थे।

### एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती है

मोदी ने आगे कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक की बात सुनकर शौर्य की ये धरती महाराष्ट्र भी गर्व से भर गई थी। हिंदुस्तान के हर नागरिक को इस पर गर्व हुआ था। एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर काम करती है। हमारी सरकार हर जाति, पंथ के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के बाद कर्नाटक के चिकबल्लापुर और बेंगलुरु में चुनावी रैलियां करेंगे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भागलपुर में जनसभा की

# सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे: राहुल गांधी



- मैं कहता हूं-एनडीए को 150 से ज्यादा सीट नहीं आएगी

**एजेंसी, बिहार/भागलपुर**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भागलपुर में जनसभा की। यहां उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग बात करते हैं, इतनी सीटें आएंगी, उतनी सीटें आएंगी, लेकिन मैं कहता हूं- एनडीए को 150 से ज्यादा सीट नहीं आएगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को उठाकर फेंक देंगे। देश को 2 तरह के शहीद नहीं चाहिए।

राहुल गांधी के 12 मिनट के भाषण में उनका जोर रोजगार पर था। उन्होंने बताया कि इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो किस तरह की योजना लाएंगे। उन्होंने कहा कि जो पैसा मोदी सरकार ने अमीरों में बांटा वो हमारी सरकार बनी तो गरीबों को देंगे।

भागलपुर सैंडिस कंपाउंड में राहुल की सभा में तेजस्वी यादव, मुकेश सहनी, प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी शामिल हुए। तेजस्वी यादव ने अपने 3 मिनट के भाषण में कहा कि 400 पार की फिल्म फ्लॉप हो चुकी है। पहले और दूसरे फेज में हम जीत रहे हैं। उन्होंने पूर्णिया से राजद प्रत्याशी बीमा भारती के पक्ष में भी प्रचार किया।

बता दें कि भागलपुर से इस सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी अजीत शर्मा हैं। यहां उनका मुकाबला जेडीयू प्रत्याशी और सीटिंग सांसद अजय कुमार मंडल से है। वहीं पूर्णिया से राजद उम्मीदवार बीमा भारती भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

# कर्नाटक में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या



- लड़की के पिता और बीजेपी ने लव जिहाद बताया, सिद्धारमैया बोले-हत्या निजी कारणों से की गई

**एजेंसी, कर्नाटक**

कर्नाटक के हुबली में कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की बेटी के मर्डर केस को भाजपा ने लव जिहाद का मामला बताया है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि इस घटना के पीछे लव जिहाद का एंगल है। कांग्रेस के शासन में कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई है। उधर, लड़की के पिता ने भी घटना को लव जिहाद का मामला बताया। उन्होंने दावा किया कि आरोपी ने उनकी बेटी को फंसाने की योजना बनाई थी। वे उसे धमकी दे रहे थे, लेकिन हमारी लड़की ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इस बीच राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने लव जिहाद के दावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह हत्या निजी कारणों से की गई है और राज्य में कानून व्यवस्था बिल्कुल दुरुस्त है।

दरअसल, कर्नाटक के हुबली स्थित बीवीबी कॉलेज कैंपस में गुरुवार,18 अप्रैल को कांग्रेस पार्षद निरंजन हिरेमथ की 23 साल की बेटी नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

### पार्टी के ही नेता के खिलाफ भूख हड़ताल पर टीएमसी नेता

**एजेंसी, पश्चिम बंगाल।** तृणमूल कांग्रेस की एक पार्षद बीते छह दिनों से अपनी ही पार्टी के एक नेता के खिलाफ भूख हड़ताल कर रही हैं। टीएमसी की महिला नेता का आरोप है कि उन्हें काम नहीं करने दिया जा रहा है और उनके इलाके में एक अन्य टीएमसी नेता ने अपना कार्यालय खोल लिया है। टीएमसी नेतृत्व की तरफ से अभी तक इस मामले पर कोई बयान नहीं दिया गया है। कोलकाता म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के वार्ड 49 से पार्षद मोनालिसा बनर्जी बीते छह दिनों से अपने कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर बैठी हैं। मोनालिसा बनर्जी का आरोप है कि उनकी ही पार्टी के एक अन्य दबंग नेता देबाशीष बनर्जी ने उनके इलाके में अपना ऑफिस खोल लिया है। मोनालिसा साल 2020 में कांग्रेस छोड़कर टीएमसी में शामिल हुईं थी। टीएमसी पार्षद का आरोप है कि उन्हें नए ऑफिस के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई और पुराना ऑफिस होने के बावजूद नया ऑफिस खोला गया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में सीतापुर जिले के बच्चों ने किया प्रदेश में नाम रोशन

**एजेंसी, सीतापुर**

यूपी बोर्ड रिजल्ट 2024 का दसवीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शनिवार दोपहर को घोषित हुआ। जिसमें 10वीं के परीक्षा परिणाम में प्राची निगम ने 98.50 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया और 12वीं की परीक्षा में शुभम वर्मा ने 97.80 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया। दोनों छात्र सीतापुर के रहने वाले हैं। इसके अलावा दसवीं और 12वीं की सूची में जिले के कई बच्चों ने जगह बनाई है। बाहरवीं की परीक्षा में टॉप करने वाले शुभम वर्मा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ गुरुजनों को भी दिया है।



### आईएएस बनकर देश की सेवा

शुभम ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता के साथ अपने टीचरों को दिया। उन्होंने कहा कि टीचरों के मार्गदर्शन में ही यह सफलता मिल सकी है। उन्होंने कहा कि आईएएस बनकर देशसेवा करना चाहते हैं। शुभम के पिता राजेश कुमार किसान हैं।

### इंजीनियरिंग में करियर

हाईस्कूल की परीक्षा में टॉप करने वाली प्राची निगम इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहती हैं। उन्होंने सफलता का श्रेय माता पिता और गुरुजनों को दिया है। प्राची ने कहा कि उनकी सफलता के पीछे नियमित पढ़ाई है। ऐसा कोई दिन नहीं है जब उन्होंने तय टाइम टेबल से पढ़ाई ना की हो।

उठाला (रस्म पगड़ी)



बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है की हमारे
परम पूज्य पिता जी
स्व. श्री किशोरी लाल पाहूजा
का आकस्मिक निधन दिनांक 18.04.2024 दिन वीरवार
को हो गया है |
उनकी आत्मा की शांति हेतु रसम पगड़ी निम्नानुसार होगी |
दिनांक
21 अप्रैल 2024
समय
दोपहर 3-4 बजे
पता - सनातन धर्म मन्दिर
सैक्टर - 9, फरीदाबाद
पाहूजा परिवार
M. 9034549488, 9312113873





# जागरूकता नहीं आई काम, 15 साल पीछे के आंकड़े पर आ गए हम

- सर्विस मतदाता, दिव्यांग, बुजुर्ग, कर्मचारियों के मतदान को मिलाकर खुद चुनाव आयोग इस आंकड़े के 55 से 56 प्रतिशत तक रहने का अनुमान जता रहा है

**एजेंसी, देहरादून**



चुनाव आयोग का राज्य में 75 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखकर जितनी भी कवायद कीं, उसके बावजूद राज्य 15 साल पीछे चला गया। सोशल मीडिया से लेकर हर बूथ तक पहुंच, शपथ से लेकर कम वोट प्रतिशत वाले बूथों पर विशेष कोशिशें करने के बाद भी मतदान का आंकड़ा 53 प्रतिशत पर अटक गया। अब सर्विस मतदाता, दिव्यांग, बुजुर्ग, कर्मचारियों के मतदान को मिलाकर खुद चुनाव आयोग इस आंकड़े के 55 से 56 प्रतिशत तक रहने का अनुमान जता रहा है।

चुनाव आयोग की पूरी टीम ने प्रदेशभर में स्वीप की मदद से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं। दावा किया कि 60 लाख लोगों को मतदान की शपथ दिलाई गई, लेकिन नतीजा ये रहा कि 83 लाख में से करीब 42 से 43 लाख ही अपना वोट डालने आए। चुनाव आयोग ने हर गांव के हर बूथ तक पहुंच बनाने के लिए टर्नआउट इंप्लीमेंटेशन प्लान कमेटी गठित की। राज्य स्तर के अलावा हर जिले में मुख्य विकास अधिकारी को इसका नोडल बनाया गया। उन्हें जिम्मेदारी दी गई कि वह सहकारी समितियों व अन्य के माध्यम से हर बूथ तक मतदाताओं को जागरूक करें, ताकि वह मतदान को बाहर आएं। नतीजा निराशाजनक रहा।

सोशल मीडिया में चुनाव आयोग ने विशेष प्रयास किए। युवाओं को जागरूक करने के लिए इंस्टाग्राम पर रील की प्रतियोगिता, फेसबुक पर सवालों की क्विज समेत तमाम कवायदें की गईं। ब्रांड एंबेसडर से भी अपील करवाई गई और सोशल मीडिया से मतदाताओं तक भेजी गई। इसका भी असर नजर नहीं आया। चुनाव आयोग ने कम वोटिंग वाले बूथों को खासतौर से चिह्नित किया। यहां मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए खुद आयोग के अधिकारी भी मैदान में उतरे। लोगों से मतदान की अपील की लेकिन वह बेअसर रही।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे का कहना है कि वैसे तो कम मतदान के कई कारण हो सकते हैं। शादी-विवाह अधिक थे। मैदानी जिलों में गर्मी भी ज्यादा थी। उन्होंने कहा, अब रिपोर्ट आने के बाद ही इस मुख्य कारणों की तस्वीर साफ हो सकेगी। ये भी बताया जा रहा कि इस बार राजनीतिक दल भी चुनाव को लेकर उस तरह का माहौल नहीं बना पाए, जिससे आम मतदाताओं की सहभागिता कम हो गई। राज्य में 2004 में 49.25 प्रतिशत, 2009 में 53.96 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके बाद 2014 में मतदान प्रतिशत बढ़कर 62.15 प्रतिशत पर पहुंच गया। फिर 2019 में यह आंकड़ा गिरकर 61.50 प्रतिशत पर आया। इस बार यह आंकड़ा 2009 के बराबर यानी 53.75 प्रतिशत तक आ गया है, जिसमें एक से दो प्रतिशत की ही बढ़ोतरी संभावित है।

डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, मुख्य चुनाव अधिकारी, उत्तराखंड ने कहा कि हमने जिस हिसाब से मेहनत की थी, उसका बेहतर नतीजा सामने आया है। मुझे लगता है कि पोस्टल बैलेट आदि को जोड़कर हम 57 से 58 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे। अभी कम मतदान के बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगा। विश्लेषण के बाद ही इसके कुछ कारण स्पष्ट हो सकते हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का टीएमसी सरकार पर हमला

- बोले-शोभायात्रा के दौरान हिंसा सनातन आस्था को आहत करने का प्रयास

**एजेंसी, लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा कि बंगाल में रामनवमी पर शोभायात्रा के दौरान हिंसा सनातन आस्था को आहत करने की कुचेष्टा है। उन्होंने कहा कि...अभी राम नवमी का आयोजन संपन्न हुआ है। भाजपा शासित सभी राज्यों में राम नवमी के उत्सव और शोभायात्राएं सकुशल संपन्न हुईं लेकिन पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस की सरकार के कारण वहां राम नवमी की शोभायात्राओं पर हमले हुए हैं, यानी सनातन आस्था को आहत करने की किस हद तक की कुचेष्टाएं हो रही हैं, यह एक बार फिर से वहां देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि हमें नहीं भूलना चाहिए की सुशासन की पहली शर्त कानून का शासन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश में और भाजपा की राज्य सरकारों ने भी सुरक्षा का बेहतर माहौल देने का काम किया है।

लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान हुआ। इस दौरान हिंसा की छिटपुट घटनाएं भी हुईं।

# 'कांग्रेस के पास न नीति, न नीयत और न नेता' : गृह मंत्री अमित शाह

- कहा, राजस्थान की सभी सीटें बीजेपी जीत रही है

**एजेंसी, भीलवाड़ा**



शाहपुरा जिले के शकरगढ़ ग्राम में शनिवार को भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में भाजपा की चुनावी महासंकल्प सभा का आयोजन हुआ, जिसे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। अपने चिर-परिचित अंदाज में अमित शाह ने कांग्रेस पर करारा वार करते हुए कहा कि राजस्थान की सभी सीटें बीजेपी जीत रही है, इसमें कोई शक नहीं है।

भीलवाड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा की जीत रिकॉर्ड तोड़ेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत केवल अपने बेटे के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि रामलला के दर्शन नहीं करने वाले को जनता कभी माफ नहीं करेगी। कांग्रेस पार्टी ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नहीं पहुंचकर जनता का अपमान किया है।

साल 2047 में विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान करते हुए अमित शाह ने कहा कि राजस्थान की तरह समूचे देश में इस बार भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही है। अमित शाह ने कहा कि राजस्थान 25 की 25 सीटें भाजपा को देने जा रहा है। प्रथम चरण में कल जो चुनाव हुआ है, उसमें 12 की 12 सीटें नरेंद्र मोदी की झोली में जा रहा है। अशोक गहलोत का बेटा भी बड़ी मार्जिन से हार रहा है।

अमित शाह ने कहा कि जो लोग वोट बैंक के लालच से रामलला के दर्शन नहीं करते हैं, उसे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। मोदी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है। मोदी ने भारत को 10 साल में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से 5वें नंबर पर पहुंचा दिया। नरेंद्र मोदी ने सबसे बड़ा काम 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देने का काम किया। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने भीलवाड़ा के सांसद सुभाष भेड़िया के कार्यकाल में केंद्र सरकार द्वारा कराए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि नेशनल हाइवे-158, जयपुर-उदयपुर वंदे मातरम ट्रेन, भीलवाड़ा में मेडिकल कॉलेज, भीलवाड़ा से आसींद व गुलाबपुरा रोड पर नेशनल हाइवे, भीलवाड़ा स्टेशन का जीर्णोद्धार यह सब सांसद बहेड़िया के विकास कार्यों के खाते में जाता है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में विकास जो कराए गए हैं, वह केवल भाजपा के शासन में ही हुए हैं।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, नरेंद्र मोदी ने एक झटके से ट्रिपल तलाक को हटाया है। नई संसद भवन बनाया गया है। कर्त्तव्य पथ बनाया। अंग्रेजों के कानून को हटाकर नया कानून बनाया। 80 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए काम किया। मुफ्त राशन दिया। 12 करोड़ शौचालय बनाकर माताओं-बहनों का सम्मान किया। 10 करोड़ लोगों को उज्ज्वला का कनेक्शन दिया।

# गंगूराम मुसाफिर ने कांग्रेस में की घर वापसी

- राजीव भवन शिमला में समर्थकों के साथ हुए शामिल

**एजेंसी, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के पच्छाद निर्वाचन क्षेत्र से बीते विधानसभा चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रहे दिग्गज कांग्रेस नेता गंगूराम मुसाफिर ने घर वापसी की है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की मौजूदगी में गंगूराम मुसाफिर समर्थकों के साथ पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित पार्टी कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी व अन्य नेता मौजूद रहे। बता दें कि गंगूराम मुसाफिर 1982 में पहली बार निर्दलीय विधायक बने थे।

इसके बाद उन्होंने कांग्रेस की टिकट पर लगातार छह बार पच्छाद सीट से जीत हासिल की। मुसाफिर 1982 के बाद 1985, 1990, 1993, 1998, 2003 और 2007 में लगातार विधानसभा पहुंचे हैं। इस दौरान वह विधानसभा अध्यक्ष से लेकर मंत्री तक की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। पिछले चार दशक से कांग्रेस के साथ रहे गंगूराम मुसाफिर 2022 में टिकट ना मिलने पर कांग्रेस पार्टी से अलग हुए थे और निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे थे।


## सांसद संतोख सिंह की पत्नी कर्मजीत कौर भाजपा में शामिल

**देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़।** जालंधर के दिवंगत सांसद संतोख सिंह की पत्नी कर्मजीत कौर चौधरी भाजपा में शामिल हो गई हैं। चौधरी परिवार जालंधर से चरणजीत चन्नी को उम्मीदवार बनाने के बाद से पार्टी नेतृत्व से नाराज चल रहा था। संतोख चौधरी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद कर्मजीत कौर ने जालंधर से उपचुनाव लड़ा था। हालांकि वे आप के सुशील रिंकू से हार गई थी। कर्मजीत चौधरी के बेटे विक्रमजीत सिंह चौधरी फिल्लौर से विधायक हैं। उन्होंने कुछ दिन पहले ही कांग्रेस पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बार जालंधर से चौधरी परिवार टिकट की मांग कर रहा था लेकिन कांग्रेस की तरफ से पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी को उतार दिया गया। लिहाजा बिक्रम चौधरी ने बगावती सुर अपना लिये।

# छह सीटों के लिए आवेदकों की जिताऊ क्षमता जांचेगी कांग्रेस

- हाईकमान को भेजे जाएंगे नाम

**एजेंसी, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनाव लड़ने के इच्छुक आवेदकों की जिताऊ क्षमता जांचने को कांग्रेस सर्वे करवाएगी। सर्वे में टॉप थ्री स्थान पर रहने वाले आवेदकों के नाम पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह मंथन करेंगे। हर विस से दो-दो संभावित उम्मीदवारों के नाम हाईकमान को भेजे जाएंगे।

इस माह के अंत तक प्रत्याशी तय होने के आसार हैं। सुजानपुर, बड़सर, कुटलैहड़, गगरेट, लाहौल-स्पीति और धर्मशाला में विधानसभा उपचुनाव होना है। दो दिन मुख्यमंत्री सुक्खू धर्मशाला और सुजानपुर के दौरे पर जा रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं की प्रत्याशी को लेकर नब्ज टटोलेंगे। सभी सियासी समीकरणों पर गौर करने के बाद ही प्रत्याशियों को लेकर आगामी फैसला लेंगे। उपचुनाव के लिए प्रत्याशी तय करने को सर्वे भी शुरू कर दिया है। पार्टी ने स्वतंत्र एजेंसी को सर्वे का काम सौंपा है।

सर्वे टीमें उपचुनाव वाले विधानसभा क्षेत्रों में डटी हैं। सर्वे की रिपोर्ट आने के बाद मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष जिताऊ क्षमता रखने वाले नेताओं के नाम का पैनल तैयार कर पार्टी हाईकमान को भेजेंगे। सर्वे रिपोर्ट आने के बाद उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों को लेकर स्थिति स्पष्ट होगी। धर्मशाला सीट से नगर निगम के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी, पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रेश कुमारी की बहू के नाम पर विचार हो रहा है।

लाहौल-स्पीति से भाजपा के पूर्व विधायक रामलाल मारकंडा और जिला परिषद सदस्य अनुराधा राणा के नाम पर मंथन हो रहा है। गगरेट से पूर्व विधायक राकेश कालिया, पूर्व उद्योग मंत्री कुलदीप कुमार और रमन जसवाल, सुजानपुर से कुलदीप सिंह पठानिया, सुरेंद्र डोगरा, बड़सर से पूर्व विधायक मनजीत डोगरा, कृष्ण चौधरी के नाम पर विचार चल रहा है। जबकि कुटलैहड़ से विवेक शर्मा को टिकट दिया जाना लगभग तय है। कांगड़ा और हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशियों के नाम जल्द घोषित होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि संभावित प्रत्याशियों के नामों की सूची केंद्रीय चुनाव समिति को सौंप दी गई है।

# अनंतनाग-राजोरी सीट पर बाहरी ने ठोकी ताल

- मोहाली के बलदेव समेत 25 ने भरा पर्चा, भाजपा मैदान में नहीं

**एजेंसी, जम्मू**

अनंतनाग-राजोरी संसदीय सीट से नामांकन के अंतिम दिन पंजाब के मोहाली के नया गांव निवासी बलदेव कुमार (67) ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल किया। अनुच्छेद 370 हटने के बाद यह पहले बाहरी व्यक्ति हैं जो कश्मीर में चुनाव लड़ रहे हैं। इससे पहले 2019 में अनुच्छेद 370 हटने से पहले हुए चुनाव में अनंतनाग से एनसीआर निवासी शम्स ख्वाजा ने ताल ठोका था। तीसरे चरण में होने वाले इस सीट के चुनाव में दो महिला समेत 25 उम्मीदवारों ने पर्चा भर्रा है।

पर्चा भरने के बाद बलदेव ने बताया कि 2014 के बाढ़ में उन्होंने यहां के लोगों के लिए काम किया है। उन्होंने यहां के कई छात्रों के पढ़ाई का खर्च उठाया है। कश्मीर के मरीज जब पंजाब इलाज के लिए जाते हैं तो उन्हें सुविधाएं भी मुहैया कराई जाती है। यहां तक कि उनके लिए एक मकान भी ले रखा है जहां वह रहकर इलाज करा सकें। उन्होंने प्रशासन से पंजाब में इन मरीजों के लिए कश्मीर भवन बनाने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

मेधा पाटकर को गुजरात सरकार ने 20 एकड़ जमीन दिया है, लेकिन उन्हें मरीजों के कश्मीर भवन के लिए दो एकड़ भी नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने उन्हें सुझाव दिया कि सत्ता में आने के बाद ही कश्मीर भवन बनाया जा सकता है। इसके बाद उन्होंने चुनाव लड़ने का फैसला किया। डोमिसाइल सर्टिफिकेट के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उनके पास यह नहीं है क्योंकि वह एक स्थान पर नहीं रहते हैं।

# कांशीराम के करीबी रहे जगन्नाथ को बसपा ने दिया टिकट

- पहली बार लड़ेंगे लोस चुनाव, उलझे जातीय समीकरण

**एजेंसी, प्रयागराज**



फूलपुर संसदीय सीट से बसपा के प्रत्याशी घोषित किए गए पार्टी के प्रयागराज मंडल के जोन प्रभारी जगन्नाथ पाल कांशीराम के नजदीकी लोगों में से रहे हैं। यहां तक कि कांशीराम जब फूलपुर से लोकसभा का चुनाव लड़े थे, उनके केंद्रीय भोजनालय और केंद्रीय कार्यालय का संचालन जगन्नाथ पाल के घर से ही किया गया था। बसपा ने उन्हें प्रत्याशी घोषित कर ओबीसी वोटरों को अपनी ओर खींचने का प्रयास भी किया है, जो विपक्षी दलों के लिए चुनौतियां पेश करेगा। जगन्नाथ पाल का भले ही पहला लोकसभा चुनाव हो लेकिन कांशीराम से जुड़े रहने के दौरान उन्होंने राजनीति के सभी दांवपेच सीखे।

बकौल जगन्नाथ उन्हें याद नहीं कि बसपा से कब जुड़े लेकिन यह याद है कि 1988 में जब सेंट जोसेफ कॉलेज में कांशीराम का कार्यक्रम हुआ था तो वह भी शामिल हुए थे और तभी से उनसे जुड़ गए।

सेना में नौकरी के दौरान पैर में चोट लग जाने से उन्होंने 1993 में सेवानिवृत्ति ले ली थी और इसके बाद राजनीति में सक्रिय हो गए। वह बसपा में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। 1995 से 1997 तक बसपा के विधानसभा महासचिव, 1997 से 1999 तक जिला उपाध्यक्ष रहे। अलग-अलग समय में मिजार्पुर, कानपुर, लखनऊ, देवी पाठन मंडल के जोन प्रभारी रहे और वर्तमान में प्रयागराज मंडल के जोन प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

मूलतः जगन्नाथ बहादुरपुर ब्लॉक के ग्रामसभा अमरसापुर से वर्ष 1995 से 2005 तक दो बार प्रधान भी रह चुके हैं। सहसों के कसेरुआ कला में विकास इंटर कॉलेज और यूनिक पब्लिक स्कूल नाम से क्रमशः हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम से उनके दो विद्यालय संचालित हो रहे हैं। जगन्नाथ का कहना है कि देश में खुशहाली केवल बसपा की सरकार ही ला सकती है। बसपा सुप्रीमो मायावती कहती हैं कि हर परिवार में एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए। यह सपना साकार हुआ तो गरीबों को पांच किलो राशन के लिए दिन भर लाइन में लगकर इंतजार नहीं करना होगा।

# सत्ता वापसी का दावा कर मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रही कांग्रेस : अनुराग ठाकुर

- उन्होंने कहा कि साल 2014 और 2019 में भी कांग्रेस सरकार बनाने के दावे कर रही थी लेकिन पीएम मोदी का नाम और काम बोलता है

**एजेंसी, हमीरपुर**



सत्ता वापसी का दावा कर कांग्रेस मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रही है। कांग्रेस 40 और भाजपा 400 पार की लड़ाई लड़ रही है। सुजानपुर में भाजपा महिला मोर्चा सम्मेलन के बाद पत्रकारों के सवालों पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि साल 2014 और 2019 में भी कांग्रेस सरकार बनाने के दावे कर रही थी लेकिन पीएम मोदी का नाम और काम बोलता है। अनुराग ठाकुर ने एक दफा फिर 400 सीट पार के दावे को दोहराते हुए कहा कि कांग्रेस 40 सीट पार और भाजपा 400 सीट पार की चुनावी लड़ाई लड़ रही है। पहले चरण की वोटिंग के बाद कांग्रेस जब ईवीएम पर आरोप लगा रही है। चुनाव में हार होती देख अब ईवीएम और निर्वाचन आयोग पर ठीकरा फोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

तमिलनाडु में सत्ता का दुरूपयोग कर लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग भ्रम और भय फैला रहे हैं। भाजपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार में बाबा साहब अंबडेकर का नाम ऊंचा किया है। उनके नाम से पंच तीर्थ भी बनाए गए। उनके जन्मदिवस पर राष्ट्रीय अवकाश भी घोषित किया।

कांग्रेस ने तो उन्हें अपमानित और प्रताड़ित कर चुनाव हरवाने का कार्य किया था। गांधी परिवार से पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने संविधान में बदलाव किए। लोकतंत्र का कत्ल करने का कार्य कांग्रेस ने किया। कांग्रेस ने संविधान में 62 दफा संशोधन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से नेताओं का पलायन जारी है।

कांग्रेस का पाप का घड़ा भर गया है। कांग्रेस में संकट बढ़ गया है और राहुल गांधी पार्टी को नहीं बचा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिनका अपना परिवार और पार्टी भ्रष्ट्राचार में डूबे हैं, वह इंडी अलायंस में हैं। पीएम मोदी ने पाई-पाई बचाकर देश की भलाई में लगाई है। सबसे अधिक नौटंकी करने वाला दल आम आदमी पार्टी है। आप सरकार के मुख्यमंत्री से लेकर लगभग सभी मंत्री जेल में हैं। जेल से जमानत के लिए बहाने ढूंढे जा रहे हैं। पंजाब और दिल्ली के लोगों पर दया आती है जोकि आम आदमी पार्टी की तरफ से ठगे गए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने लोगों की पाई-पाई बचाकर महिला कल्याण के लिए लगाई है। भारत की बेटियां आज अहम योगदान दे रही हैं।

# जेपी सबसे उम्रदराज तो कुलदीप सबसे कम प्रत्याशी, आप जीती तो बनेगा रिकॉर्ड

- अनहत सिंह और अभय सिंह ने कांस्य पदक जीता, दो पदकों के साथ भारत का अभियान समाप्त

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लोकसभा चुनाव में दिल्ली में इस बार सबसे युवा व सबसे बुजुर्ग प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। पूर्वी दिल्ली क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार सबसे कम व चांदनी चौक क्षेत्र से कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल सबसे अधिक उम्र में भाग्य अजमा रहे हैं। अब तक के इतिहास पर नजर डालें तो कांग्रेस के सज्जन कुमार के नाम युवा व भाजपा के केएल शर्मा के नाम बुजुर्ग सांसद बनने का रिकार्ड है।

वर्ष 1980 में 35 साल की उम्र में सज्जन कुमार सांसद चुने गए थे। वहीं, वर्ष 1998 में 73 वर्ष की आयु में केएल शर्मा सांसद बने थे। दिल्ली में वर्ष 1980 से पहले सबसे कम उम्र में सांसद बनने का रिकार्ड दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री चौ. ब्रह्मप्रकाश के नाम दर्ज था। वह 39 वर्ष की आयु में वर्ष 1957 में दिल्ली सदर क्षेत्र से सांसद बने थे। मगर वर्ष 1980 में कांग्रेस के सज्जन कुमार ने 35 वर्ष की आयु में बाहरी दिल्ली में चौ. ब्रह्मप्रकाश को ही हराकर उनके रिकार्ड को तोड़ दिया। इस बार पूर्वी दिल्ली से आप के टिकट पर चुनाव लड़ रहे कुलदीप कुमार की आयु 34 वर्ष है। यदि वह जीतने में सफल रहे तो सज्जन कुमार का सबसे युवा सांसद बनने का 44 साल पुराना रिकॉर्ड टूट जाएगा।

वर्ष 2014 में भी दिल्ली में युवा व बुजुर्ग सांसद बनने का रिकॉर्ड टूटने के आसार बने थे। मगर आम आदमी पार्टी उम्मीदवार राखी बिड़लान व राजमोहन गांधी यह रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके थे। उस चुनाव में राखी की आयु मात्र 27 वर्ष थी। उन्होंने उत्तर पश्चिम दिल्ली क्षेत्र से आप के टिकट पर चुनाव लड़ा था। संभवतः इससे पहले इतनी कम आयु के नेता को दिल्ली में किसी भी पार्टी ने टिकट नहीं दिया था। वहीं, पूर्वी दिल्ली क्षेत्र से राजमोहन गांधी ने 76 वर्ष की आयु में पहली बार संसद तक पहुंचने का प्रयास किया था।

## सचिन पायलट ने दलित परिवार के घर किया भोजन

**एजेंसी, सवाई माधोपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी और कांग्रेस के सभी बड़े नेता अपनी पार्टियों के प्रत्याशियों के लिए धुंआधार प्रचार-प्रसार करने में जुटे हुए हैं। चुनाव प्रचार के व्यस्त कार्यक्रमों के चलते नेताओं को समय पर भोजन करना भी नसीब नहीं हो रहा। दोनों ही प्रमुख पार्टियों के बड़े नेता कभी चलती कार में तो कभी हेलीकॉप्टर में तो कभी किसी कार्यकर्ता के घर पर भोजन करते दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में डॉक्टर किरोड़ीलाल मीणा का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल था, जिसमें वे हेलीकॉप्टर में ही भोजन करते नजर आए थे। अब कांग्रेस नेता सचिन पायलट का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे चुनाव प्रचार के दौरान एक दलित परिवार के घर खाट पर बैठकर हाथ में थाली लेकर भोजन करते दिखाई दे रहे हैं। दरअसल, सचिन पायलट टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा के समर्थन में प्रचार कर रहे थे। पायलट पहले चौथ का बरवाड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने एक चुनावी सभा को संबोधित किया।

# भाजपा पर जीत का दबाव... कांग्रेस के सामने अस्तित्व की लड़ाई

- जाटलैंड : मुकाबला कांटे का, दोनों के लिए कठिन डगर

**देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़**




जाटलैंड के नाम से मशहूर सोनीपत और रोहतक लोकसभा सीट पर पूरे राज्य की नजरें हैं। दोनों ही सीट पर कई ऐसे समीकरण बन रहे हैं, जिससे भाजपा और कांग्रेस के बीच रोचक और कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है। भाजपा पर जहां अपने प्रदर्शन दोहराने का दबाव है, वहीं, अपने अस्तित्व बचाने के लिए कांग्रेस के सामने करो-मरो जैसी स्थिति है। सोनीपत और रोहतक कांग्रेस का गढ़ रहा है। रोहतक में कांग्रेस 18 में से 11 बार जीती है। पिछले चुनाव में भाजपा ने दोनों सीटों पर कब्जा किया था। हरियाणा की दस में से इन्हीं दो ऐसी सीटों पर कांग्रेस को कम अंतर से हार मिली थी। ऐसे में कांग्रेस को इन दोनों सीटों से ही उम्मीद है।

सोनीपत में कांग्रेस के उम्मीदवार व राज्य के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भाजपा सांसद रमेश कौशिक ने करीब एक लाख 64 हजार वोटों से हराया था। वहीं, रोहतक में भाजपा सांसद अरविंद शर्मा ने कांग्रेस के उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा को मात्र साढ़े सात हजार वोटों से पटखनी दी थी। सोनीपत और रोहतक में हुड्डा परिवार का अच्छा प्रभाव माना जाता है। पिछले चुनाव की हार हुड्डा परिवार आज तक पचा नहीं पाया और अपनी हार का बदला लेने के लिए हुड्डा परिवार और कांग्रेस ने इस बार पूरा जोर लगा रखा है।

वहीं, पीएम मोदी के 400 पार के नारे की वजह से हरियाणा भाजपा पर राज्य की दसों सीट पर कमल खिलाने का दबाव है। दोनों लोकसभा क्षेत्र की 18 विधानसभा सीटों में 12 पर कांग्रेस का कब्जा और भाजपा का सिर्फ चार सीटों पर है। सोनीपत लोकसभा सीट पर पिछले तीन चुनावों में भाजपा का वोट बैंक बढ़ा है। इसके बावजूद पार्टी की राह इतनी आसान नहीं है। भाजपा के उम्मीदवार मोहन लाल बड़ौली राई विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। साल 2019 में उन्होंने विधानसभा चुनाव मात्र 2662 वोट से जीता था। पिछले लोकसभा चुनावों में मिले वोट और पीएम मोदी के चेहरे के सहारे वह मैदान में हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 52 फीसदी वोट मिले, वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार को 37 फीसदी से वोट मिले।

हालांकि 5 महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों का वोट बैंक खिसका, मगर ज्यादा नुकसान भाजपा को हुआ। इस सीट के अधीन आते नौ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को 33.4 फीसदी वोट मिले जबकि भाजपा को 35 फीसदी। भाजपा ने तीन, कांग्रेस ने पांच और जजपा ने एक सीट जीती। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 27.4 और भाजपा को 35.3 वोट मिले। इन चुनावों के जब विधानसभा चुनाव हुए तो कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ा और भाजपा का कम हुआ।

पिछले दो ट्रेंड से पता लगता है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट बैंक शेयर बढ़ता है, मगर विधानसभा चुनाव में कम हो जाता है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सात विधानसभा में लीड ली, जबकि दो विधानसभा क्षेत्र खरखौदा और बरोदा से भूपेंद्र सिंह हुड्डा आगे रहे।

जिन सात विधानसभा सीट पर भाजपा आगे थी, उनमें जींद जिले की तीन सीटें सफीदों, जींद और जुलाना शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में इन तीन सीटों पर जींद से भाजपा, सफीदों से कांग्रेस और जुलाना से जजपा ने जीत हासिल की। हालांकि जींद जिले में प्रभाव रखने वाले चौधरी बीरेंद्र सिंह इस बार कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। ऐसे में बीरेंद्र सिंह इन सीटों पर असर डाल सकते हैं। कांग्रेस के उम्मीदवार पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

रोहतक को हरियाणा की राजनीतिक राजधानी माना जाता है। पिछले लोकसभा चुनाव में रोहतक में भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा को 47 फीसदी और कांग्रेस उम्मीदवार दीपेंद्र हुड्डा को 46.4 फीसदी वोट मिले। दोनों के बीच कांटे की टक्कर हुई। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि लोकसभा चुनाव में इतना कम मार्जिन खास मायने नहीं रखता। रोहतक लोकसभा में नौ विधानसभा सीटें हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने रोहतक, कलानौर, बहादुरगढ़ और कोसली विधानसभा क्षेत्र में बढ़त ली थी। वहीं, कांग्रेस महम, गढ़ी सांपला-किलोई, बादली, झज्जर और बेरी में आगे रही। दीपेंद्र कोसली से 75 हजार वोट से पिछड़ गए थे। दीपेंद्र को 42,845 वोट मिले और अरविंद शर्मा को 1,17,825 वोट मिले। कोसली अहीरवाल बेल्ट से लगती है, जिस पर भाजपा नेता राव इंद्रजीत का प्रभाव है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सात सीटें जीतीं। बाकी दोनों में से एक पर भाजपा व एक निर्दलीय जीता।

### भाजपा ने सेंध लगाने में नहीं छोड़ी कोई कसर

बीते पांच साल में भाजपा ने हुड्डा के गढ़ में सेंध लगाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। पूर्व सीएम मनोहर लाल रोहतक में सक्रिय रहे हैं। सीएम रहते वह लगातार रोहतक का दौरा करते रहे। साथ ही कई लोगों को भाजपा में शामिल कराया। इनमें पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा भी शामिल हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस पिछली हार से सबक लेते हुए छोटी-छोटी बैठकें कर नॉन जाट वोटों को अपनी ओर खींचने में जुटी है। दीपेंद्र पिछली हार को जज्बात से जोड़कर सहानुभूति बटोरने की कोशिश में भी हैं। रोहतक की जीत से पांच महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में भी एक संदेश जाएगा। इसलिए दोनों ही दलों ने रोहतक का चुनाव जीतने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा है। राजनीतिक विश्लेषक सतीश त्यागी कहते हैं कि दोनों ही सीटों पर मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। रोहतक में हार से सबक लेते हुए कांग्रेसी काफी सतर्कता बरत रहे हैं। इस बार वह ओवर कॉन्फिडेंस में नहीं हैं। भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा भी मेहनत कर रहे हैं। जिसका भी चुनाव प्रबंधन बेहतर होगा, वही बाजी मारेगा। सोनीपत में सारा कुछ कांग्रेस के चेहरे पर निर्भर करेगा।

# हर किसान को मिलेगा मुआवजा : मुख्यमंत्री

- करनाल के खेतों में पहुंचे सीएम : बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद फसल का लिया जायजा

**देश रोजाना ब्यूरो, करनाल**



करनाल के इंद्री क्षेत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खेतों पर जाकर ओलावृष्टि और बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने कहा ओलावृष्टि की सूचना तो कल ही मिल गई थी तभी से सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। कहा कि पटवारी को गांव में भेज कर गिरदावरी कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान अपने नुकसान को क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकृत कर सकते हैं।

सीएम ने कहा कि दो-तीन दिनों के अंदर गिरदावरी पूरी होने के बाद किसानों को मुआवजा मिलना शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा आज का दौर मशीनों के युग है कंबाइन से गेहूं जल्दी कट जाता है और दो माह तक चलने वाला सीजन 15 दिन में ही सिमट जाता है। इसलिए मंडियों पर भी अचानक दबाव बढ़ जाता है लेकिन सरकार ने इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की है।

किसी भी किसान को किसी भी तरीके की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। जिसका भी नुकसान हुआ है हर किसान को मुआवजा मिलेगा और मंडियों में दाना दाना गेहूं खरीदा जाएगा।

# शराब कारोबारी के घर से 35 लाख की नगदी और जेवर चोरी

**देश रोजाना ब्यूरो, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर 33 में पंजाब हरियाणा के बड़े वाइन कांट्रेक्टर के घर से लाखों की लूट का मामला सामने आया है। घर के एक नौकर और नौकरानी ने रात को कारोबारी के भाई, एक अन्य नौकरानी और ड्राइवर को नशा मिलाकर खाना खिला दिया। इसके बाद अरविंद सिंगला की मां ऊषा सिंगला को बंधक बनाकर उनसे सामान के बारे में पूछा। लूट के बाद आरोपी उनके हाथ पैर बांधकर उन्हें बाथरूम में बंद कर गए। उन्होंने किसी तरीके से खुद को खोला और खिड़की से बाहर निकल कर बगल के घर के सिक्योरिटी गार्ड को मामले की जानकारी दी। इसके बाद गार्ड ने अरविंद सिंगला को सूचित किया। सूचना मिलते ही सिंगला घर पहुंचे और सभी को अस्पताल में भर्ती करवाया। आरोपी घर से लगभग दो किलो सोना और करीब 35 लाख की नगदी लेकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच में पता चला है कि आरोपियों को आठ दिन पहले ही काम पर रखा गया था। आरोपियों ने अपने तीन साथियों को बाहर से वारदात करने के लिए बुलाया था। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-33 निवासी शराब कारोबारी अरविंद सिंगला के घर के दो नौकरों ने शुक्रवार रात सिंगला के भाई राकेश सिंगला, नौकरानी और ड्राइवर को खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर खिला दिया। इसके बाद आरोपियों ने सिंगला की बुजुर्ग मां को बंधक बनाकर घर से करीब 2 किलो सोना व चांदी की ज्वेलरी, 35 लाख रुपये की नगदी लूट ली। बेहोश लोगों को सेक्टर-32 अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मौके पर सेक्टर-34 पुलिस थाना प्रभारी सहित क्राइम ब्रांच व फिंगर एक्सपर्ट की टीमों ने मुआयना किया। इस मामले में सेक्टर-34 थाना पुलिस द्वारा अस्पताल में दाखिल शराब कारोबारी के बयान दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में चोरी और डकैती सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया जाएगा।

# भाजपा प्रत्याशी को ग्रामीणों ने दिखाए काले झंडे



**देश रोजाना ब्यूरो, नारनौल**

महेंद्रगढ़ में अभी तक लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशियों को विरोध का सामना नहीं करना पड़ रहा था। लेकिन शनिवार सुबह सीहमा में भाजपा प्रत्याशी चौधरी धर्मबीर सिंह को काले झंडे दिखाकर विरोध किया। इस दौरान विधायक ओमप्रकाश यादव भी उनके साथ मौजूद थे। ग्रामीणों का विरोध देखते हुए कुछ देर बाद वहां से चले गए।

बता दें कि भाजपा से मौजूदा सांसद शनिवार सुबह करीब आठ बजे सीहमा में वोट मांगने के लिए गया था। इस सभा के दौरान ग्रामीण पहले से ही काले झंडे लेकर बैठे थे। बताया जा रहा है कि सीहमा को उप तहसील बनाने की पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की थी। जिसके बाद सीहमा से सटे गांव दौंगड़ा अहीर के ग्रामीणों ने विरोध भी किया था।

इस दौरान जब पूर्व मुख्यमंत्री ने दौंगड़ा अहीर में रात्रि ठहराव किया था तो ग्रामीणों ने नारेबाजी कर रोष भी जताया था। अब इस बात को लेकर सीहमा के ग्रामीणों का कहना है कि उनका भाईचारा बिगाड़ने का कार्य किया है। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए मौजूदा सांसद धर्मवीर चौधरी व पूर्व मंत्री व विधायक ओमप्रकाश यादव ने समझाना का प्रयास भी किया, लेकिन ग्रामीणों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। जिसके कुछ देर बाद मौजूदा सांसद व विधायक चले गए।

# कोर्ट ने पति, सास और ससुर को सुनाई 10-10 साल की सजा

- 15-15 हजार का जुमार्ना लगाया, दहेज-हत्या का मामला

**देश रोजाना ब्यूरो, दादरी**



चरखी-दादरी में दहेज हत्या के मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायधीश पुरुषोत्तम कुमार ने पति, सास और ससुर को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। तीनों दोषियों को 10-10 साल की कैद और 15-15 हजार रुपये जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना न भरने की सूरत में उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

जानकारी के अनुसार मई 2021 में बौंदकलां थाने में मिसरी निवासी कमला देवी ने शिकायत दी थी। महिला ने बताया था कि उसने अपनी बेटी नीतू की शादी नवंबर 2019 में भागेश्वरी निवासी अमित से की थी। अमित नैवी में तैनात है और शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी बेटी नीतू को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

कमला का आरोप था कि दहेज को लेकर उसकी बेटी के साथ मारपीट भी की गई और ये बातें नीतू ने ही उसे बताई थी। 4 मई 2021 को नीतू के ससुर सत्यदेव ने उन्हें सूचना दी कि नीतू ने अंदर से कमरा बंद कर रखा है। इसके बाद जब नीतू के मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे तो नीतू का शव पंखे पर बंधे फंदे से लटकता मिला। कमला के बयान पर पुलिस ने नीतू के पति अमित, सास राजबाला और ससुर सत्यदेव के खिलाफ धारा 498-ए, 354,304-बी व 34 के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायधीश पुरुषोत्तम कुमार ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। कोर्ट ने उनकी सजा में नरमी बरतने से इंकार कर दिया।

# कार ट्रक से टकराई, तीन दोस्तों की मौत व चौथा घायल

**देश रोजाना ब्यूरो, दादरी।** दादरी-दिल्ली मुख्यमार्ग पर एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से अकरा गई। हादसे में कार सवार इमलोटा निवासी तीन दोस्तों की मौत हो गई जबकि चौथा घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने देर रात ही घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों के शव कब्जे में ले लिए और शनिवार सुबह सिविल अस्पताल में मृतकों का पोस्टमार्टम करवाया गया। जानकारी के अनुसार गांव इमलोटा निवासी दीपक (27), साहिल (20), प्रदीप व खेमचंद (28) अपने दोस्त प्रदीप की सियाज में सवार होकर झज्जर जिले के गांव छुछक्वास में शादी में शरीक होने गए थे। समारोह के बाद वे वापस घर लौट रहे थे और उसी दौरान जब वे गांव इमलोटा के पास पहुंचे तो रोड पर खड़े एक ट्रक से उनकी कार टकरा गई। हादसे में चालक प्रदीप, दीपक, साहिल व खेमचंद घायल हो गए जबकि गाड़ी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में घायल दीपक, साहिल व खेमचंद की मौत हो गई जबकि उनका दोस्त एवं कार चालक प्रदीप अस्पताल में उपचाराधीन है।

# मेरा भी मन करता हैं कि मैं भी भाजपा का विरोध करूं : दुष्यंत

- उन्होंने कहा कि आज किसान ट्रालियां लेकर लाइनों में खड़ा है। उसकी फसल खरीद नहीं हो रही

**देश रोजाना ब्यूरो, झज्जर**



हरियाणा के झज्जर में भाजपा प्रत्याशियों के विरोध पर पूछे गए सवाल पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज के दिन तो मेरा भी मन करता है कि मैं उनका विरोध करूं। यह पीड़ा पुरानी नहीं बल्कि नई है। पार्टी के निमार्णाधीन कार्यालय के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज किसान ट्रालियां लेकर लाइनों में खड़ा है। उसकी फसल खरीद नहीं हो रही। झज्जर में नमी के नाम पर 300-300 रुपये काटे गए हैं। यह सरासर किसान के साथ अन्याय है। साढ़े चार साल हमने किसानों को परेशानी नहीं आने दी। इस सरकार ने अब किसान की मदद करने की बजाय कमजोर किया है।

हमने हमेशा किसान की समस्या का निवारण किया है। यह सरकार किसान की सुध नहीं ले रही। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने पांच उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं और बाकी पांच भी जल्द ही बैठक कर उतार दिए जाएंगे। इस बार भी परिणाम बडे. सकारात्मक होंगे। हमारा वोट शेयर 2019 से तीन-चार गुणा बढ़ेगा।

कांग्रेस की टिकट को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस में अंतरकलह बहुत ज्यादा है। कल तीन-चार बार उनकी बैठक हुई, लेकिन बेनतीजा रही। कांग्रेस अंदरखाते कमजोर है।

उनकी अंतरकलह पतन का कारण है। उन्होंने कहा कि आज 400 पार का नारा देने वाले लोग भूल चुके हैं कि इस तरह का नारा इंदिरा गांधी के समय दिया था। इंदिरा गांधी स्वयं चुनाव हारी थी। उस समय कांग्रेस बहुमत से दूर गई थी।

# पति से तंग महिला जलघर में कूदी

- चार साल की बेटी की चीख सुनकर कर्मचारियों ने बचाया, बहन ने लगाए आरोप

**देश रोजाना ब्यूरो, रोहतक**

पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक 25 साल की महिला ने शनिवार को सोनीपत स्टैंड स्थित जलघर में छलांग लगा दी। जबकि चार साल की बेटी को किनारे पर छोड़ दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तालाब में कूदे और महिला को बचाया। पुलिस पीड़िता के बयान दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी। महिला की बहन ने बताया कि उसकी बहन पूजा की शादी पंजाब में छह साल पहले हुई थी। उसकी चार साल की बेटी है।

बहन का आरोप है कि उसकी बहन को उसका पति प्रताड़ित करता है। इतना ही नहीं, मायके से भी झगड़ा करके निकाल दिया गया। वह बहन को घर लेकर आ गई। उसका पति उसके पास आया और सिटी पार्क में बुलाकर अभद्रता करने लगा। उसकी बहन को थप्पड़ तक मारा। परेशान होकर उसकी बहन तालाब में कूदी है। जनस्वास्थ्य विभाग के बेलदार अशोक ने बताया कि वह ड्यूटी पर था। अचानक जलघर में कुछ गिरने व बच्ची के रोने की आवाज सुनाई दी। उसने पहले सोचा कि कोई तैयार रहा है। नजदीक जाकर देखा तो महिला डूबती दिखाई दी।

तत्काल छलांग लगाकर उसे बाहर निकाला। मामले की सूचना पाकर सिविल लाइन थाने से एएसआई रेणू मौके पर पहुंची और महिला व उसकी बच्ची को साथ ले गई। एएसआई ने कहा कि अभी महिला डरी व सहमी हुई है। पूछताछ कर आगे की कार्रवाई करेंगे। इंस्पेक्टर उदयभान, प्रभारी थाना सिविल लाइन ने बताया कि महिला को सकुशल पुरानी सब्जी मंडी थाने में भेजा गया, जहां उसकी ससुराल वालों के खिलाफ प्रताड़ित करने की शिकायत ली जाएगी। क्योंकि वह सैनीपुरा की रहने वाली है, जो पुरानी सब्जी मंडी थाना क्षेत्र में आता है।

# उठान धीमा : खुले में छह लाख क्विंटल से ज्यादा गेहूं

- डीसी ने अधिकारियों से जवाब मांगा

**देश रोजाना ब्यूरो, कैथल**



कैथल की चीका की अनाज मंडी में आसमान तले छह लाख क्विंटल से अधिक गेहूं की फसल की पड़ी है। सीजन शुरू होने के 18 दिनों बाद भी गेहूं का एक भी कट्टा गोदामों तक नहीं पहुंचाया गया है। यह जानकारी मिलने के बाद उपायुक्त कैथल प्रशांत पंवार ने गहरी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों, मंडी एसोसिएशन व संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई है। चीका मंडी में गेहूं के उठान में हो रही देरी की सूचना के बाद उपायुक्त प्रशांत पंवार चीका पहुंचे थे। अपने चीका दौरे के दौरान उपायुक्त ने मंडी का निरीक्षण किया और उसके बाद मार्केट कमेटी कार्यालय में अधिकारियों व आढ़तियों की बैठक ली। बैठक में डीएफएससी निशांत राठी, डीएम हैफेड कृष्ण श्योराण, एसडीएम गुहला कृष्ण कुमार, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार सहित स्थानीय अधिकारी भी मौजूद थे। डीसी ने गेहूं उठाने में हो रही देरी पर अधिकारियों से जवाब मांगा।

इस दौरान मंडी प्रधान जयपाल गर्ग व मांगे राम जिंदल सहित कई आढ़तियों ने गेहूं उठाने में तेजी लाने के लिए उपायुक्त के समक्ष अपने सुझाव रखे। इस दौरान डीसी ने मंडी में गेहूं उठान का कार्य कर रहे ठेकेदार जगजीवन पाल सिंह व प्रगट सिंह से भी जवाबतलबी करते हुए उठान के काम में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए।

चीका की मंडियों में लगभग साढ़े नौ लाख क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी थी, जिसमें से लगभग नौ लाख क्विंटल गेहूं सरकारी खरीद एजेंसी हैफेड व डीएफएससी ने खरीदा है। जानकारी के अनुसार डीएफएससी ने तो अपने हिस्से का कुछ गेहूं का मंडी से उठान करवाया है लेकिन खरीद शुरू होने के 18 दिनों बाद भी हैफेड अपने हिस्से की गेहूं का एक भी कट्टा गोदामों तक नहीं पहुंचा पाया है। बैठक के बाद उपायुक्त ने हैफेड के गोदामों का भी निरीक्षण किया।

गुहला अनाज मंडी के दौरे के दौरान डीसी प्रशांत पंवार ने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा के लिए बिजली, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं निरंतर ठीक प्रकार से होनी चाहिए। उन्होंन कहा कि संबंधित एजेंसिया और ट्रांसपोर्टर उठान का कार्य तेजी से करें, ताकि मंडी में अपनी फसल को लेकर आने वाले दूसरे किसानों को जगह और जाम जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़े।

इस मौके पर उन्होंने किसानों व आढ़तियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने दौरे के दौरान हैफेड गोदाम का निरीक्षण किया और पूर्ण फीडबैक ली। इस मौके पर एसडीएम कृष्ण कुमार, डीएफएससी निशांत राठी, मार्केट कमेटी सचिव सतबीर राविश तथा संबंधित खरीद एजैंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रणजीत सिंह ने नहीं दिए सवालों के जवाब, किसानों ने की नारेबाजी

**देश रोजाना ब्यूरो, हिसार**



हरियाणा के हिसार के गांव गोरछी में जनसंपर्क के लिए पहुंचे भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह ने किसानों के सवालों के जबाव नहीं दिए। जिससे गुस्साए किसानों ने जनसभा के टैंट के सामने मुदार्बाद के नारे लगाए। किसानों ने कहा कि हम 20 सवालों के जबाव लेंगे। किसान एकता जिंदाबाद, इकंलाब जिदाबाद, भाजपा सरकार मुदार्बाद, किसानों का हक खाने वाले मुदार्बाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने अपने हाथों में किसान संगठन के झंडे थामे हुए थे।

जानकारी के अनुसार भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह शुक्रवार दोपहर गांव गोरछी में जनसंपर्क करने पहुंचे थे। जब किसान संगठन के सदस्य मौके पर पहुंचे तो पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोक लिया। किसानों ने कहा कि हम अपने सवालों के जवाब लेने आए हैं। हमें इस देश के मतदाता हैं। अगर हमारे सवालों के जवाब दिए तो हम तुरंत वापस आएंगे।

प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा कि जब किसानों पर लाठियां चल रही थी तब रणजीत सिंह कहां थे। आरोप लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने कहा कि किसानों की मौत के लिए जिम्मेदार भाजपा के प्रत्याशियों से सवाल पूछने का काम जारी रहेगा। वोट की चोट कर जवाब दिया जाएगा। इससे पहले मिजार्पुर में प्रचार के लिए पहुंचे बीजेपी प्रत्याशी रणजीत सिंह चौटाला की गाड़ी के सामने खड़े होकर किसानों ने नारेबाजी की। कुछ देर विरोध करने के बाद किसानों ने रणजीत सिंह को जाने दिया था। पहले नारनौंद विधानसभा, उकलाना विधानसभा के गांवों में बिजली मंत्री रणजीत सिंह का विरोध हो चुका है। जिसमें किसान सवाल जवाब कर रहे हैं।

भक्ति वह है जो ज्ञान उत्पन्न करती है। ज्ञान वह है जो स्वतंत्रता को गढ़ता है। स्वतंत्रता से आत्म सम्मान की भावना पैदा होती है। आत्म सम्मान जीना सिखाता है।
**-महाकवि तुलसीदास**





## संपादकीय

# अगर इतिहास बचाना है तो सबसे पहले अपनी मातृभाषा बचाओ

कहा जाता है कि जब कोई बच्चा अपने मुंह से पहला शब्द बोलता है, तो वह उसकी मातृभाषा में ही होता है। लेकिन अब यह बात गलत साबित हो रही है। लोग अब अपने बच्चों को या तो अंग्रेजी में बोलना सिखाते हैं या फिर हिंदी अथवा अपने प्रदेश में बोली जाने वाली भाषा। नतीजा, दुनिया भर में मातृभाषाएं विलुप्त हो रही हैं। भारत भी इसका अपवाद नहीं है। कभी कामायनी जैसी अद्भुत ग्रंथ की रचना करने वाले जयशंकर प्रसाद ने बड़े गर्व से कहा था कि निज भाषा उन्नति, सब उन्नति को मूल। बिन निज भाषा ज्ञान के मिटै न हिय को शूल। निज भाषा से यहां मतलब मातृभाषा से ही है। कई साल पहले एक सर्वे प्रकाशित हुआ था जिसमें बताया गया था कि पंजाब के शिक्षित युवाओं में से एक बड़ा तबका पंजाबी में बात तो कर लेता है, लेकिन लिख या पढ़ नहीं पाता। तब भाषाविदों ने इस स्थिति पर चिंता जताई थी कि आज लिखना-पढ़ना नहीं आता। लोग अपनी मातृभाषा में बात करने से कतराते हैं। सोचते हैं कि लोग उन्हें अनपढ़ गंवार समझेंगे। उनका स्टेटस प्रभावित होगा। लेकिन सच तो यह है कि जो बच्चा अपनी मातृभाषा के अलावा दूसरी भाषाएं सीखता है, तो उसकी याददाश्त और ज्ञान हासिल करने की क्षमता सामान्य से कुछ ज्यादा होती है। पूरी दुनिया में हजारों भाषाएं और बोलियां काल कवलित हो चुकी हैं। भारत में भी कई प्रांतों में प्राचीन भाषाएं और बोलियां जानने और बोलने वाले मात्र कुछ ही लोग बचे हैं या वे भी नहीं रहे। जब कोई भाषा मरती है, तो पूरी एक संस्कृति की मृत्यु होती है। हमें अपनी मातृभाषा को बचाकर रखनी चाहिए। भाषा इतिहास, संस्कृति, परंपराओं और लोक कलाओं के बारे में बताती हैं। भाषाओं से समाज के विकास का इतिहास पता चलता है। जब कोई भाषा लुप्त होती है तो एक सामूहिक ज्ञान भी नष्ट हो जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि समाज में कई भाषाएं बोलने को बढ़ावा देना जरूरी है और इसकी शुरूआत स्कूलों से की जा सकती है। लेकिन अफसोस कि ऐसा होता नहीं है। सच तो यह है कि जो भाषा रोजी-रोटी कमाने का जरिया बनती है, उसी भाषा को प्रमुखता प्रदान की जाती है। आज अंग्रेजी अंतर्राष्ट्रीय भाषा बन गई है। अंग्रेजी बोलने और लिखने-पढ़ने वालों को नौकरी अन्य भाषाएं बोलने वालों की अपेक्षा आसानी से मिल जाती है। यही वजह है कि अंग्रेजी का चारों ओर बोलबाला है। हमारे मानस में बहुत गहरे बैठ गई है अंग्रेजी। इसी मानसिकता के चलते कई घरों और स्कूलों में मातृभाषा या बोली में बात करने पर बच्चों को डांटा-डपटा जाता है। इससे बच्चों का अपनी मातृभाषा या बोली के प्रति मोह भंग होता है। वे हतोत्साहित होते हैं। अब सरकार को यह बात समझ में आने लगी है कि जब तक मातृभाषा में बच्चों को शिक्षा नहीं दी जाएगी, तब तक मातृभाषाओं और बोलियों को बचा पाना असंभव है। यही वजह है कि नई शिक्षा नीति में पांचवीं तक मातृभाषा में शिक्षा अनिवार्य की जा रही है। हमारी मातृभाषा बची रहेगी, हमारा इतिहास बचा रहेगा।

**जब कोई भाषा मरती है, तो पूरी एक संस्कृति की मृत्यु होती है।**

## बोधिवृक्ष
● अशोक मिश्र


### वैज्ञानिक माइकल फैराडे की सादगी

माइकल फैराडे एक अंग्रेज वैज्ञानिक थे। उन्होंने रसायन शास्त्री के रूप में बेंजामिन की खोज की थी। उनकी मुख्य खोजों में प्रतिचुंबकत्व, विद्युत चुंबकीय प्रेरण और इलेक्ट्रोलिसिस थीं। उनकी खोजों ने समाज को एक नई दिशा दी। वह अत्यंत सादगी से रहना पसंद करते थे। उन्हें इस बात का कोई गुमान नहीं था कि वह इतने बड़े वैज्ञानिक हैं। एक बार की बात है। एक अंग्रेज अधिकारी को माइकल फैराडे से मिलना था किसी सरकारी काम से। वह उनको खोजते-खोजते रायल सोसाइटी पहुंचा। उसने रायल सोसाइटी के गार्ड से माइकल के बारे में पूछा, तो उसने लैब की ओर इशारा कर दिया। वह अधिकारी तुनक मिजाज था। वह बड़बड़ाता हुआ प्रयोगशाला की ओर बढ़ा। उसने पूरी प्रयोगशाला छान मारी, लेकिन उसे कोई नहीं दिखा। तभी उसने देखा कि एक बूढ़ा आदमी वहां रखी बोतलों और परखनलियों को साफ कर रहा है। अधिकारी को देखकर उस बुजुर्ग ने कहा कि आप किसको खोज रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि मैं एक बड़े वैज्ञानिक से मिलना चाहता हूं। तो बुजुर्ग ने कहा कि उसका नाम क्या है? यह सुनकर अधिकारी भड़क गया। उसने कहा कि वे इतने बड़े वैज्ञानिक हैं कि तुम उनसे मिलने में मेरी सहायता नहीं कर सकते हो। उस बुजुर्ग ने कहा कि अरे! आप उनका नाम तो बताइए। अधिकारी भड़क गया। उसने कहा कि तुम उस वैज्ञानिक से मुझे नहीं मिलवा सकते हो। बुजुर्ग ने कहा कि आप नाम तो बताइए। शायद मैं आपकी मदद कर सकूं। अधिकारी ने नाम बताया, तो उस बुजुर्ग ने मुस्कुराते हुए कहा कि मैं ही माइकल फैराडे हूं। बताइए क्या काम है? यह सुनकर वह अधिकारी उनकी सादगी और विनम्रता से बहुत प्रभावित हुआ। वह उनके इन गुणों के प्रति नतमस्तक हो गया।



news@deshrojana.com

## डे इन हिस्ट्री
21 अप्रैल 2024



**21 अप्रैल 1988 को जन्मी अदिति गुप्ता एक भारतीय अभिनेत्री हैं।**

- 1451:लोदी वंश का संस्थापक बहलोल खां लोदी दिल्ली का शासक बना।
- 1895:अमेरिका में विकसित पहले फिल्म प्रोजेक्टर 'पैनटॉप्टिकॉन' का प्रदर्शन किया गया।
- 1926:इंग्लैंड की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का जन्म हुआ।
- 1938:सारे जहां से अच्छा हिंदोस्ता हमारा के रचयिता मशहूर शायर मोहम्मद इकबाल का पाकिस्तान के लाहौर में निधन हुआ।
- 1941:यूनान ने नाजी जर्मनी के समक्ष आत्मसमर्पण किया।
- 1945:दूसरे विश्व युद्ध के दौरान सोवियत संघ की सेना ने जर्मनी के बर्लिन शहर के कुछ बाहरी इलाकों पर कब्जा कर लिया।
- 1960:ब्रासीलिया को ब्राजील की राजधानी बनाया गया।
- 1975:दक्षिण विएतनाम के राष्ट्रपति थिऊ ने इस्तीफा दिया।
- 1987:श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में बम धमाके में 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई।

सामयिकी



निर्मल रानी
**वरिष्ठ साहित्यकार**

# नारा चार सौ पार का सामना बहिष्कार का?

हरियाणा के ही ग्राम पंचायत खिड़वाली में गांव के प्रवेश द्वारा पर लगे एक बोर्ड पर ग्रामवासियों ने लिखा है कि ग्राम पंचायत खिड़वाली बीजेपी व जेजेपी के नेताओं का बहिष्कार करती है। गांव में घुसने पर जान माल के खुद जिम्मेदार होंगे। पंजाब, हरियाणा सहित और भी कई राज्यों में भाजपा के इसी तरह के खुले विरोध की खबरों के बीच यह खबर भी आ रही है कि जहाँ विरोध नहीं भी हो रहा वहां भाजपा नेताओं को सुनने के लिये भीड़ भी नहीं इकट्ठी हो रही। कई जगह पैसे देकर मजदूरों के हाथों में भाजपा के झंडे थमा कर उन्हें रैलियों में शामिल किया जा रहा है।

देश में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। सत्ताधारी भाजपा जहां अब की बार चार सौ पार के नारे के साथ विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने की कोशिश कर रही है, वहीं संयुक्त विपक्ष 'इंडिया गठबंधन' भाजपा की सत्ता में वापसी रोकने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए है। सत्ता व विपक्ष के बीच हो रहे इस चुनावी दंगल से इतर विभिन्न राज्यों से यह खबरें भी आ रही हैं कि आम नागरिकों द्वारा इस चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों का न केवल बहिष्कार किया जा रहा है बल्कि कई जगह तो हिंसक विरोध से लेकर भाजपा प्रत्याशियों के विरुद्ध प्रदर्शन तक किए जा रहे हैं। कई जगह तो ग्रामवासियों ने बाकायदा बहिष्कार व चेतावनी सम्बन्धी साइनबोर्ड भी लगा दिये हैं। तो क्या हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड सहित कई राज्यों में हो रहे ऐसे बहिष्कार यह साबित नहीं करते कि भाजपा का चार सौ पार का नारा महज एक चुनावी शगूफा है?

अभी गत 30 मार्च को मुजफ़्फ़र नगर में रात करीब साढ़े आठ बजे खतौली क्षेत्र के मढ़करीमपुर गांव में चुनावी सभा के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के काफिले की गाड़ियों पर जमकर पथराव किया गया। खबरों के अनुसार पथराव में 10 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। सभा स्थल के समीप छतों से पथराव शुरू होते ही सभा में भगदड़ मच गई। समाचारों के अनुसार पथराव के साथ ही हमलावरों ने भाजपा व डॉ. बालियान के विरुद्ध नारेबाजी भी की। पथराव में हमलावरों ने खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। भाजपा ने इस घटना को विपक्ष की साजिश करार दिया है। इसी तरह गत 6 अप्रैल को जिस समय रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल जिन्हें भाजपा ने मेरठ से पार्टी उम्मीदवार बनाया है, वे स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ प्रचार रथ पर सवार होकर रोड शो निकाल रहे थे। उस समय जनता ने उनका जमकर विरोध किया व मुर्दाबाद के नारे लगाए। अरुण गोविल वापस जाओ-वापस जाओ के नारे भी देर तक लगे। उनके रथ को स्थानीय लोगों ने जबरन रोक भी लिया।

प्रदर्शनकारी भाजपा और अरुण गोविल के विरुद्ध नारेबाजी करते समय अपने हाथों में चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर रथ के आगे खड़े हो गये। कई जगह चुनाव बहिष्कार के पोस्टर चिपका दिए गए। प्रदर्शनकारी महिलाएं चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर प्रचार रथ के आगे आईं और गुस्साये लोगों ने प्रचार रथ पर चढ़ने का भी प्रयास किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ही भाजपा के और कई उम्मीदवारों के विरोध व बहिष्कार की खबरें प्राप्त हुई हैं।




इसी तरह मेरठ से लेकर सहारनपुर तक राजपूत समाज बड़ी बड़ी पंचायतें कर भाजपा को वोट न देने और भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने का आह्वान कर रहा है। पश्चिम यूपी में ठाकुर चौबीसी जो पूर्व में भाजपा का साथ देती रही है उसी ठाकुर चौबीसी ने इसबार भाजपा के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। हालांकि राजपूत समाज की नाराजगी का कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में टिकट वितरण में राजपूत समाज की अनदेखी बताया जा रहा है। राजपूत समाज गाजियाबाद से सांसद वी. के. सिंह का लोकसभा टिकट काटने के भी खिलाफ है।

हरियाणा के भी कई क्षेत्रों में न केवल भाजपा का विरोध हो रहा है बल्कि सत्ता में भाजपा की मनोहर लाल सरकार की लगभग चार वर्षों तक सहयोगी रही जजपा का भी जमकर विरोध किया जा रहा है। ग्रामीण इन्हें किसान विरोधी पार्टी के रूप में देख रहे हैं। जींद जिले के दुराना गांव के ग्रामीणों ने गांव के बाहरी इलाके में एक साइन बोर्ड लगाया हुआ है जिस पर स्पष्ट शब्दों में लिखा गया है कि बीजेपी-जेजेपी नेताओं को इस गांव में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करते हैं। उन्हें भी 2020-21 में हुए किसान आंदोलन के दौरान उनके अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति किसानों ने नहीं दी थी।

**(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)**



## चिट्ठी आई है

### प्रदेश में घटती बेटियां बढ़ती दुश्वारियां

कन्या भ्रूण हत्या के लिए हरियाणा पहले भी बदनाम रहा है। हरियाणा से ही शुरू हुए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' मुहिम के बाद कुछ हालात सुधरे थे, लेकिन अभी हाल में जारी हुए आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश में लड़कियों की संख्या घट रही है। यही वजह है कि प्रदेश सरकार ने कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने वालों को एक लाख रुपये ईनाम देने की घोषणा की है। सरकार उनका नाम भी गुप्त रखेगी। प्रदेश सरकार की यह मुहिम कितनी सफल होगी, इसके बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है, लेकिन यदि लोगों को जागरूक किया जाए, तो शायद बात बन सकती है। जब तक लोग जागरूक नहीं होंगे, तब तक इस बुराई को खत्म नहीं किया जा सकता है। जागरूकता ही एकमात्र समाधान है। हर व्यक्ति को इस सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए संकल्पबद्ध होना होगा। तभी हमारा प्रदेश इस कुड़ीमार के कलंक से मुक्त होगा। इसके लिए लोगों को शिक्षित करना होगा। शिक्षा और जागरूकता बहुत जरूरी है।

**चित्रलेखा पांडेय, रेवाड़ी**

पाठकों से 'चिट्ठी आई है' कालम के लिए विचार, सुझाव और शिकायतें आमंत्रित हैं।
***-संपादक***

## एक्स हैंडल

Tejashwi Yadav@yadavtejashwi



**तेजस्वी यादव**
**पूर्व उपमुख्यमंत्री, बिहार**

श्री नीतीश कुमार जी पर कुछ नहीं कहना चाहूँगा। वो आदरणीय हैं, सम्मानित हैं। मुझे उनसे सहानुभूति है। उनके इर्द-गिर्द कुछ लोग गुमराह कर अपने व्यक्तिगत फायदे के लिये उनका गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन तक उनके दल एवं शासन-प्रशासन की ही सही बातें नहीं पहुँचती, विपक्ष की तो छोड़िए। उन्हें अभी इसका एहसास नहीं हो रहा लेकिन बाद में होगा। उनका दल और लोग भी पछताएँगे लेकिन तब तक चीजें हाथ से निकल चुकी होंगी।

cmoharyana@cmohry

आज हरियाणा भवन नई दिल्ली में बेरी हलके के ब्लॉक समिति सदस्य और सरपंचों के एक प्रतिनिधिमंडल से भेंट कर उनके द्वारा बताए गए विभिन्न विषयों को सुना और निवारण हेतु अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर वहां पहुंचे अपने परिवारजनों से भी मुलाकात की।



**नायब सिंह सैनी**
**मुख्यमंत्री हरियाणा**

Sumit Chauhan@Sumitchauhaan

दिल्ली में रिपोर्टिंग के दौरान हमारे दर्शक मिले जिन्होंने बताया कि वो UPSC की तैयारी कर रहे हैं और @TheNewsBeak पर उनकी स्कॉलरशिप ना मिलने की खबर दिखाए जाने के बाद करीब 150 बच्चों को स्कॉलरशिप मिली जिससे कोचिंग लेकर एक परीक्षार्थी SDM बन गया और कई UP PCS की परीक्षा पास कर अफसर बन गए। साथी ने हमारा हौसला बढ़ाया और शुक्रिया कहा। हमें खुशी है कि @TheNewsBeak आंबेडकरवादी पत्रकारिता के जरिए बहुत से लोगों की ज़िंदगी में बुनियादी बदलाव ला रहा है।

# भेदभाव और सुविधाओं की कमी से प्रभावित बालिका शिक्षा



यशोदा गुर्जर
**स्वतंत्र लेखिका**

हाल ही में राजस्थान के शिक्षा मंत्री ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्कूलों के विकास से संबंधित कई अहम निर्देश दिया है। उन्होंने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में लागू होने वाले नवाचारों और नई तकनीकों पर आधारित गतिविधियों से राज्य के ग्रामीण विद्यालयों को जोड़ने में प्राथमिकता पर जोर दिया है ताकि नई तकनीक पर आधारित कार्यक्रमों से गांव के विद्यार्थी भी लाभांवित हो सकें। दरअसल आज भी राजस्थान के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां शिक्षा का प्रतिशत अन्य क्षेत्रों की तुलना में कम है। हालांकि राज्य सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध 2011 की जनगणना के आधार पर राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता की औसत दर 61.4 प्रतिशत दर्शाया गया है। इसमें सबसे अधिक गंगानगर के ग्रामीण क्षेत्रों में 66.2 प्रतिशत और सबसे कम प्रतापगढ़ में 53.2 प्रतिशत बताया गया है। जिन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रतिशत कम है, उसके पीछे कई कारण बताये जाते हैं जिसमें सबसे प्रमुख गांव से स्कूल की दूरी है। इससे सबसे अधिक किशोरियों की शिक्षा प्रभावित होती है।

राज्य के अजमेर जिला स्थित धुवालिया नाडा गांव इसका एक उदाहरण है। जिला के रसूलपुरा पंचायत स्थित इस गांव में अनुसूचित जनजाति भील और रैगर समुदाय की बहुलता है। सामाजिक और आर्थिक पिछड़े इस गांव में आने जाने के लिए ग्रामीणों को न तो परिवहन की कोई विशेष सुविधा उपलब्ध है, न ही सार्वजनिक शौचालय और न ही सामुदायिक भवन की सुविधा। इतना ही नहीं, गांव में कोई राजकीय विद्यालय भी नहीं है। इसके लिए बच्चों को प्रतिदिन दो किमी दूर रसूलपुरा में स्थापित सरकारी स्कूल आना और जाना पड़ता है। परिवहन की सुविधा नहीं होने से बच्चों को यह दूरी प्रतिदिन पैदल ही तय करनी पड़ती है। इसका सबसे अधिक नुकसान छोटे बच्चों के साथ साथ किशोरियों को होता है। जो अक्सर माहवारी के दिनों में पैदल स्कूल जाने और आने की बजाय घर में रहने को मजबूर हो जाती हैं। वहीं कई अभिभावक सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी लड़कियों को इतनी दूर स्कूल भेजने की जगह उनकी पढ़ाई छुड़वाने को तरजीह देते हैं।

इस संबंध में कक्षा नौवीं की छात्रा जाह्नवी बताती है कि गांव के बच्चे और किशोरियां प्रतिदिन पैदल स्कूल जाते हैं लेकिन वहां सुविधाएं नाममात्र की हैं। क्लास रूम तो बने हुए हैं लेकिन विद्यार्थियों के लिए न तो शौचालय की सुविधा उपलब्ध है और न ही पीने के साफ पानी की व्यवस्था है। जो पानी उपलब्ध है वह इतना खारा है कि बच्चे उसे पीना नहीं चाहते हैं, इसके बावजूद स्कूल की ओर से उसी पानी में मिल्क पाउडर मिला कर बच्चों को पीने के लिए दिया जाता है, जिससे कई बार बच्चों की तबीयत बिगड़ जाती है। उसी कक्षा की सोनू बताती है कि पहले स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं थी। पिछले वर्ष स्कूल में शौचालय का निर्माण कराया गया, लेकिन स्कूल प्रशासन की ओर से यह कहकर उसमें ताला लगा दिया गया कि बच्चे इसे गंदा कर देते हैं। ऐसे में छात्राएं माहवारी के समय स्कूल आने की जगह घर पर रुकना ही उचित समझती हैं क्योंकि जब शौचालय की व्यवस्था ही नहीं है तो वह जरूरत के समय पैड कहां चेंज करेगी? कई बार छात्राओं ने इस समस्या से स्कूल की शिक्षिकाओं को अवगत भी कराया, लेकिन उनकी ओर से भी कोई पहल नहीं की गई।

सोनू बताती है कि गांव से कम से कम 20 छात्राएं नियमित रूप से स्कूल जाती हैं। लेकिन माहवारी के समय उन्हें सुविधाओं की कमी के कारण घर पर ही रुकना पड़ता है। माहवारी किशोरियों की जिंदगी से जुड़ी एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन जब स्कूल में इसी से संबंधित प्रबंध नहीं होंगे, उन्हें शौचालय की सुविधा नहीं मिलेगी तो हो सकता है कि भविष्य में किशोरियों के ड्राप आउट की संख्या बढ़ जाए। आज जब हम स्वतंत्र हैं, सभी को शिक्षा प्राप्त करने का पूरा अधिकार है इसके बावजूद कई ऐसे गांव, बस्ती और कस्बे हैं जहां भेदभाव तो कहीं बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण इस अधिकार का हनन हो रहा है। जिसका सबसे पहले नकारात्मक प्रभाव किशोरियों की शिक्षा पर पड़ता है। **(चरखा)**

**(यह लेखक के निजी विचार हैं।)**

## त्वरित टिप्पणी

# मुनाफा कमाने के लिए करोड़ों बच्चों के सेहत से खिलवाड़



संजय मग्गू
**प्रधान संपादक**

हमारा समाज सभ्य तो है, लेकिन अमानवीय है। हम जिस समाज में रहते हैं, उस समाज में जो कुछ भी उत्पादित होता है, वह बेचने के लिए, मुनाफा कमाने के लिए होता है। दवाएं भले ही मेडिकल स्टोर्स या फैक्ट्रियों में एक्सपायर हो जाएं, लेकिन मरीजों को मुफ्त नहीं दी जा सकती हैं। सरकारी या गैर सरकारी गोदामों में लाखों टन अनाज भले ही सड़ जाए, लेकिन उसे मुफ्त में नहीं बांटा जा सकता है। सरकारें हमें जो कुछ भी मुफ्त दे रही हैं, उसके पीछे भी उनका स्वार्थ है। उन्हें वोट चाहिए, सत्ता चाहिए, इस वजह से वे पांच किलो राशन तो मुफ्त दे सकते हैं, लेकिन वैसे नहीं। पूरी दुनिया का आर्थिक ढांचा ही ऐसा है। हर चीज सिर्फ और सिर्फ मुनाफे के लिए बनती और उत्पादित होती है। मुनाफा कमाने के लिए तमाम तरह के धत्कर्म भी करने पड़ते हैं। जैसे पूरी दुनिया में मशहूर नेस्ले कंपनी कर रही है। नेस्ले कंपनी अन्य खाद्य पदार्थों के साथ-साथ बच्चों के लिए सूखा दूध और सेरेलक जैसा फूड प्रोडक्ट बनाता है। खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट की निगरानी के लिए बनाई गई संस्था पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने अपनी रिपोर्ट में नेस्ले कंपनी के संबंध में एक बड़ा खुलासा किया है। बच्चों के डिब्बा बंद दूध और सेरेलक में नेस्ले कंपनी चीनी और शहद को मिलाकर बेच रही है। इसमें भी उसने भेदभाव किया। जो अमीर देश हैं, जो विकसित हैं, जिन देशों में समृद्धि ज्यादा है, उन देशों में बिकने वाले डिब्बाबंद दूध और सेरेलक में चीन या शहद बिल्कुल नहीं रहता है। इन खाद्य पदार्थों में मिलावट उन देशों के लिए की जाती है जो गरीब हैं, अविकसित हैं। यूरोप और अमेरिका में बिकने वाले बेबी फूड में चीन या शहद मिलाने की हिम्मत नेस्ले जैसी कंपनी नहीं कर पाई, लेकिन लैटिन अमेरिका, एशिया और अफ्रीका जैसे देशों में बिकने वाले गेहूं से बने लगभग सभी बेबी फूड में मिलावट की गई थी। यह भारत सहित अन्य विकासशील और अविकसित देशों में धड़ल्ले से बेचा जा रहा था। भारत सरकार ने तो अभी पिछले हफ्ते ही बोर्नविटा को हेल्थ ड्रिंक्स की कैटेगरी से बाहर किया है। इससे पहले तो यह भारत के शहरों से लेकर गांवों तक बेखटके बेचा जा रहा था। बच्चों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यह साफ तौर पर कहा है कि तीन साल से कम उम्र के बच्चों के भोजन में किसी भी प्रकार की शर्करा या मीठे पदार्थ का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। अगर तीन साल से कम उम्र के बच्चे को शर्करा दिया जाता है, तो इन बच्चों को आगे चलकर डायबिटीज, मोटापा, ब्लड प्रेशर जैसे तमाम बीमारियां होने की आशंका बनी रहती है। नेस्ले जैसी तमाम कंपनियां अपने फायदे के लिए लोगों के सेहत से खिलवाड़ करती हैं। बेबी फूड के नाम पर इन कंपनियों के प्रोडक्ट का उपयोग करने वाले करोड़ों बच्चों को बीमारियों की ओर मुनाफा कमाने के लिए ढकेला जा रहा है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नीता मग्गू द्वारा आर.प्रहरी मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड, वार्ड नंबर 12, नजदीक हरियाणा सीनियर सेकेंड्री स्कूल, बाली नगर, पलवल से प्रकाशित और इंप्रेशन्स प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, सी-21-22, सेक्टर 59, नोएडा, 201301 से मुद्रित। **संपादकः संजय मग्गू** (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन एवं प्रकाशन के लिए जिम्मेदार) फोन नंबर-0129-4059300, 4317287, मोबाइल नंबर-7027599300, प्रसारः 9871669296 आरएनआई नंबरः **HARHIN/2021/81389, Email info@deshrojana.com, Website www.deshrojana.com**

करनाल से खिलेंगे दो कमल, एक जाएगा दिल्ली, एक जाएगा चंडीगढ़ : नायब सिंह सैनी



# नारनौल में भाजपा प्रत्याशी का विरोध, धर्मबीर सिंह को दिखाए काले झंडे

- पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव का भी किया विरोध, ग्रामीण बोले खट्टर ने भाईचारा किया खत्म

**शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना**





**नारनौल।** विधानसभा नारनौल के गांव सीहमा में वोट मांगने पहुंचे भाजपा प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह का ग्रामीणों ने काले झंडे दिखाकर विरोध किया।

उनके साथ नारनौल विधानसभा से विधायक एवं पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव सहित अन्य भाजपा नेताओं को भी ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए वह थोड़ी देर में ही कार्यक्रम छोड़कर चले गए। अब गांव के सरपंच के पति जो नारनौल के विधायक तथा रामपुर हाउस से जुड़ा हुआ है द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि यह सब एक तो कांग्रेसियों के द्वारा किया गया है, गांव में कोई विरोध नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के मौजूदा सांसद हुए भाजपा की टिकट से भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा के प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह शनिवार को वोट मांगने के लिए नारनौल विधानसभा के बड़े गांव सीहमा में आए थे। सुबह करीब 8 बजे गांव में एक सभा आयोजित की गई थी इस सभा के दौरान ग्रामीण पहले से ही काले झंडे लिए हुए बैठे थे।बताया जा रहा है कि सांसद धर्मवीर सिंह और मंत्री ओमप्रकाश यादव जब ग्रामीणों को संबोधित करने लगे तो ग्रामीणों ने दोनों को काले झंडे दिखाकर विरोध जताया । उनके विरोध का कारण था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा घोषित सिहमा को उप तहसील का न बनाया जाना। ग्रामीणों का कहना था कि मौजूदा भाजपा सरकार ने गांवों का भाईचारा बिगाड़ दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सीहमा गांव में आयोजित एक सभा में गांव को उप तहसील बनाने का ऐलान किया था। जिसके बाद इसका पड़ोस के गांव दोंगड़ा अहीर के लोगों ने विरोध किया था। गांव में विरोध करने वाले और भाजपा समर्थकों के बीच कुछ वाद विवाद भी हुआ। गत 25 मई 2023 को लोंगड़ा अहीर के लोगों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री खट्टर का घेराव भी कर लिया था। ग्रामीणों का कहना था कि यह गांव लोंगड़ा अहीर की पुरानी मांग रही थी। इस प्रकार भाजपा सरकार दो पड़ोसी गांव के लोगों का भाईचारा समाप्त करना चाह रही है । जिसका दोनों गांव के ग्रामीण विरोध कर रहे हैं।

वहीं गांव वालों का विरोध होता देख सांसद धर्मवीर सिंह में पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने लोगों को काफी समझाया लेकिन लोगों ने उनकी एक ने सुनी, अपना प्रबल विरोध जताते रहे। इसके बाद सांसद, पूर्व मंत्री सहित सभी भाजपा नेता वहां से चले गए। चौधरी धर्मवीर सिंह के अलावा पूर्व मंत्री व नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव, नरेंद्र झिमरिया, पृथ्वीराज यादव एडवोकेट, बाबूलाल यादव पटीकरा सहित कई भाजपा नेता साथ थे।सभी नेताओं के जाने के बाद घटना की भरपाई की कोशिश शुरू कर दी गई। गांव के सरपंच पति जो भाजपा नेताओं का करीबी है द्वारा इस घटना के पीछे कांग्रेस के लोगों का हाथ बता रहा है। उसका कहना है कि गांव में एक दूसरा भी व्यक्तियों ने इस तरह का काम किया है जिससे पूरे गांव की बदनाम हुई। वीडियो में 6 साल व्यक्ति हाथ में काला झंडा लिए हुए विरोध करते साफ दिखाई दे रहे हैं।

जिला महेंद्रगढ़ के नारनौल विधानसभा के गांव सीहमा को उप तहसील का दर्जा दिए जाने का जबरदस्त विरोध किया जा रहा है। जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा सीहमा को उप तहसील बनाने का बीते कल शाम (गत 25 मई 2023) ऐलान किया गया था। इसके बाद अटेली विधानसभा के समीपवर्ती गांव दौंगड़ा अहीर के लोग भड़क गए। दौगड़ा अहीर के लोग पहले से ही उप तहसील की मांग कर रहे थे। इस गांव को महेंद्रगढ़ भिवानी सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने गोद लिया हुआ था।

## पर्यावरण विषय पर आयोजित विशेष लेक्चर में विद्यार्थियों ने लिया भाग

**शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना**



**अम्बाला।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर मे पर्यावरण विषय पर विशेष लैक्चर का आयोजन किया गया जिसमे सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियो ने भाग लिया। इसमे मुख्य वक्ता ड़ा संजय तनेजा रहे। ड़ा संजय तनेजा ने विद्यार्थियो को पर्यावरण के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया व प्रदूषण संबधी दुष्प्रभाव के बारे मे भी बताया।

आज के युग में पर्यावरण प्रदूषण बहुत तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या और बड़ी-बड़ी इमारतों के कारण पर्यावरण की प्रकृति नष्ट हो रही है। हर जगह-जगह घने वृक्ष काट कर बड़ी बिल्डिंगों का निर्माण करना पर्यावरण और प्रकृति के साथ छेड़छाड़ हैं। इतना ही नहीं जहां वाहनों का धुआं, मशीनों की आवाज, खराब रासायनिक जल आदि की वजह से, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। जिसके कारण हमें अनेक बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने पर्यावरण को हम कैसे शुध्द कर सकते है वह भी विद्यार्थियो को बताया। इस अवसर पर संस्थान प्रधानाचार्य ड़ा.राजीव सपरा ने ड़ा संजय तनेजा जी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मोहित सैनी व बड़ी संख्या मे विद्यार्थी मौजूद रहे।

## सरकारी अनदेखी ने फेरा किसानों की मेहनत पर पानी : हुड्डा

- मंडियों में नहीं हो रही सुचारू खरीद, बारिश से बचने के लिए तिरपाल और बारदाना भी नहीं : हुड्डा

**शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना**



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बारिश के चलते मंडियों में फैली अव्यवस्था पर प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि बीजेपी सरकार की अनदेखी ने एकबार फिर किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया।

क्योंकि बार-बार मांग के बावजूद सरकार ने मंडियों में सुचारू खरीद की और ना ही बारिश से फसल को बचाने के लिए तिरपाल व बारदारने की व्यवस्था की। किसान कई-कई दिनों से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं और सरकार पोर्टल का झुंझुना बजा रही है। मंडियों में नियमित खरीद व उठान की कोई व्यवस्था नहीं हुई। उठान नहीं होने के चलते किसानों को भुगतान भी नहीं हो रहा है। 72 घंटे के भीतर भुगतान का दावा करने वाली सरकार की हकीकत एकबार फिर उजागर हो गई है।मंडी में काम करने वाले कारोबारियों ने बताया कि गेहूं उठान का टेंडर सिस्टम लगभग फेल हो चुका है। जिन ट्रांसपोर्टर्स को टेंडर दिया गया है, उनके पास पर्याप्त मात्रा में गाड़ियां ही नहीं है। इसलिए आढ़तियों को फसल उठवाने के लिए मजबूरी में टांसपोर्टर्स को नजराना यानी रिश्वत देनी पड़ रही है। किसान और आढ़ती ही नहीं, सरकार ने मजदूरी की दरों में भारी कटौती करके, मजदूरों पर भी बड़ी मार मारी है। हुड्डा ने कहा कि मौसम विभाग द्वारा पहले से दी गई चेतावनी के बावजूद सरकार आंखें बंद करके सोती रही। उठा नहीं होने के चलते मंडियां अनाज से अटी पड़ी हैं। मजबूरी में किसानों को अपना गेहूं सड़कों पर डालना पड़ रहा है। इसलिए 6 महीने की दिनरात मेहनत से तैयार की गई किसान की फसल खुले आसेमान के नीचे पड़ी है और बार-बार भीग रही है। भारी मात्रा में गेहूं पानी के साथ बह गया है। किसान को हुए नुकसान के लिए सीधे तौर पर बीजेपी सरकार जिम्मेदार है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भुगतान में देरी के चलते किसानों को ब्याज देने की मांग उठाई है। उन्होंने दोहराया है कि सरकार पोर्टल का झंझट खत्म करके जल्द उठान और भुगतान करे ताकि किसान अगले सीजन की तैयारी कर सकें। साथ ही बारीश की वजह से जिन किसानों को नुकसान हुआ है, उनकी भरपाई सरकार द्वारा की जानी चाहिए। किसानों की परेशानी कम करने के लिए नमी में छूट की लिमिट को भी बढ़ाना चाहिए।

## न्यूज डायरी

### 70 लोग कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल




**परी बजाज, काछवा।** शुक्रवार को गांव काछवा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह की पत्नी सुमन लता सैनी जब गांव में आई तो जनसभा में गांव सलारपुर के कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने वाले 70लोगों की सूची सौंपी गई। सलारपुर के महम सिंह कंबोज व उनकी पत्नी कृष्ण कंबोज ने बताया की 63 लोग सलारपुरा के हैं तथा 7 लोग आरके पुरम में रहते हैं। ये सभी अशोक तंवर ग्रुप के बताए गए हैं।

### भाजपा ने एक बार भी नहीं बढ़ाया कांग्रेस जितना एमएसपी : कुमारी सैलजा




**शिवकुमार शर्मा, चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि केंद्र में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकारें कांग्रेस के मुकाबले एक बार भी फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी नहीं कर सकी। किसानों की सुध न वाजपेयी सरकार ने ली और न ही 10 साल से सत्ता पर काबिज मोदी सरकार ने। डॉ मनमोहन सिंह की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने हर साल फसलों का एमएसपी बढ़ाकर किसान हितैषी होने का सबूत पेश किया। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि साल 1999 से 2004 तक देश में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार थी। उक्त सरकार ने अपने कार्यकाल में धान के दामों में 14 प्रतिशत बढ़ोतरी की, जो सालाना 2.3 प्रतिशत ही रही। लेकिन, कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान धान के एमएसपी में कुल 143 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई, जो सालाना 14.3 प्रतिशत दर्ज की गई। साल 2014 के बाद से अब तक भाजपा की मोदी सरकार ने धान के दाम में सिर्फ 54.1 प्रतिशत बढ़ोतरी की है, यानी सालाना बढ़ोतरी 6 प्रतिशत ही रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि साल 1999 से 2004 के दौरान भाजपा गठबंधन की सरकार ने गेहूं के एमएसपी में कुल 10.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जो 1.7 प्रतिशत सालाना दर्ज की गई। इसके बाद कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने इसमें 12 गुणा ज्यादा यानी 126 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जो सालाना 12.7 प्रतिशत आंकी गई। जबकि, मोदी सरकार ने 10 साल में कांग्रेस के 126 प्रतिशत के मुकाबले सिर्फ 39.3 प्रतिशत ही बढ़ोतरी की।कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने सिर्फ धान व गेहूं ही नहीं, प्रत्येक फसल के दामों में ढाई से तीन गुणा (150-200 प्रतिशत) की बढ़ोतरी की। लेकिन, मोदी सरकार में मुश्किल से 50 प्रतिशत का ही इजाफा हुआ है। जबकि, इस दौरान खेती की लागत में कई गुणा बढ़ोतरी हो चुकी है। खेती और खेती से जुड़े सामान, उपकरणों पर टैक्स थोप दिए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने खेती पर कभी कोई टैक्स नहीं लगाया। इसके विपरीत मोदी सरकार ने खाद के कट्टे का वजन 50 किलोग्राम से घटाकर 40 किलोग्राम कर दिया।

## कपड़े चेंज करते समय लड़की की रूममेट ने खींचे न्यूड फोटोज, मामला दर्ज

- महिला थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज की
- एक लड़के और लड़की के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज

**शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना**



**जींद।** सरकार की ओर से बेशक बेटी बचाओ बे पढ़ाओ के कई वादे किए जाते है लेकिन इसके बावजूद बेटियों के साथ हो रही वारदात कम होने का नाम नहीं ले रही है।

सरकार की ओर से बेशक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कई व किए जाते है लेकिन इसके बावजूद बेटिय के साथ हो रही वारदात कम होने का नाम नहीं ले रही है। जींद में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने, कपड़े बदलते समय उसकी न्यूड फोटो खींचने और धमकी देने का मामला सामने आया है। महिला थाना पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर चंडीगढ़ पुलिस को भेजी है। जींद के एक लड़के और लड़की के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तह मामला दर्ज किया गया है। जींद शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने बताया वि उसकी बेटी चंडीगढ़ में कोर्स करने के लिए गई हुई थी। इस दौरान उसके साथ जींद की एक अन्य लड़की भी कमरे में ही रहती थी। पटियाला चौक क्षेत्र के रवि नामक लड़के ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की। जब उसने विरोध किया तो उसने बताया कि उसके पास उसकी न्यूड फोटो हैं।

इन्हें देख वहहैरान रह गई और डर गई। महिला का आरोप है कि उसकी बेटी के साथ रहने वाली लड़की ने चंडीगढ़ में कोर की पढ़ाई के दौरान कपड़े बदलते वक्त उसकी न्यूड फोटो खींच ली थी। इन फोटो को दिखाकर रवि ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जान से मारने की धमकी भी दी। महिला थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर रवि और दूसरी लड़की के खिलाफ छेड़छाड़, पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धा के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामलेकी जांच में जुटी है।

## 'सरकार की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे किसान'

- नहीं हो रहा अनाज का उठान, अनाज मंडियों में खुले में पड़ा गेहूं बारिश में भीग रहा
- भाजपा लोकलुभाव वादे करने में जुटी : लाल बहादुर खोवाल

**शिवकुमार शर्मा, देश रोजाना**



**हिसार।** गेहूं व सरसों के उठान की समुचित व्यवस्था न होने एवं अनाज खरीद में भारी अव्यवस्था पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने चिंता जताई है।

हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि सरकार ने गेहूं व सरसों की खरीद के उचित प्रबंध नहीं किए और उसका खामियाजा किसान भुगत रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर की मंडियों में अनाज खुले में पड़ा है। बारिश के कारण कई जगहों पर गेहूं व सरसों भीग गई है। इतना ही नहीं आंधी के कारण भी अनाज को नुकसान पहुंच रहा है। एडवोकेट खोवाल ने कहा कि अपने आप को किसान हितैषी बताने वाले भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों को प्रताडित करने का काम किया है। कुछ सप्ताह पहले धरने व प्रदर्शन की मांग करने वाले किसानों पर सरकार ने लाठीचार्ज करवाया और उन पर अत्याचार किए गए। किसान द्वारा तपती गर्मी व बर्फीली सर्दी में जूझकर उगाए गए अनाज की बिक्री की समुचित व्यवस्था नहीं है। अनाज मंडियों में खुले में पड़ा अनाज बारिश के कारण खराब हो रहा है और किसान की कमाई पानी में बह रही है। उन्होंने कहा कि यहां तक किसरकारी खरीद के लिए बनाया गया पोर्टल भी सुचारू ढंग से काम नहीं कर रहा। इसके साथ-साथ बारदाने की कमी के कारण भी किसान जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गेहूं व सरसों की समय पर खरीद व उठान की समुचित व्यवस्था करवाना सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन भाजपा केवल लोकसभा चुनाव जीतने के लिए प्रपंच रच रही है। भाजपा ने झूठे व लोकलुभाव वादे करके हमेशा वोट बटोरने का काम किया है।लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि अब भाजपा की सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है।

गरीब, मजूदर, किसान व पिछड़ा वर्ग मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरस रहा है। इसी भांति व्यापारी व नौकरीपेशा सहित तमाम वर्ग भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण परेशान हैं।

नवीन जयहिंद की अपील पर हजारों युवा पहुंचे 'बेरोजगारों की बारात' में

## रांडा पेंशन से बात नहीं बनेगी युवाओं को रोजगार दे सरकार : जयहिंद

- कोर्ट में मजबूत पैरवी कर भर्तियों के सभी कोर्ट केस का निपटारा करवाए सरकार : जयहिंद
- विपक्ष कर रहा है बेरोजगारों के नाम पर राजनीति : जयहिंद

**परी बजाज, देश रोजाना**




**करनाल।** जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिंद ने एक बार फिर हजारों बेरोजगारों के साथ बेरोजगारों की बारात निकली।

इससे पहले रोहतक और जींद में भी ह्लबेरोजगारों की बारातह्व निकली जा चुकी` इस बार उन्होंने करनाल में बेरोजगारों के साथ ये बारात निकली और सरकार को अपना वायदा याद दिलाया। ये बारात करनाल के पुराने बस स्टैंड शुरू होकर पुरे शहर से होती हुई डीसी ऑफिस पहुंची जहाँ नवीन जयहिंद और बेरोजगारों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम युवाओं की प्रमुख मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। जयहिंद ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि आज वे बरोजगारों की बारात निकाल रहे है क्योंकि प्रदेश में कोई भी भर्ती पूरी नहीं हो रही है` टीजीटी से लेकर सीईटी तक सभी भर्तियों पर कोर्ट केस चल रहे है। आज ये सारे बेरोजगार बटेउ सरकार को अपना वायदा दिलाने के लिए आये है` जब पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा था की 50 हजार भर्तियाँ की जाएँगी और ग्रुप डी से पहले ग्रुप सी की भर्ती होगी। वे सरकार का धन्यवाद करते है कि उन्होंने रांडा पेंशन शुरू की लेकिन सभी युवा तो रांडे नहीं रह सकते और न सारे रांडे मुख्यमंत्री या गृहमंत्री बन सकते है` पिहले 6 साल से कोई भी भर्ती पूरी नहीं हुई है। छोरे -छोरियों की शादी की उम्र निकल रही है।

इनके बूढ़े माँ -बाप परेशान है इनकी शादी और नौकरी को लेकर `जयहिंद ने कहा कि करनाल में आज प्रदेश के हर जिले से हजारों पढ़े-लिखे युवा आये है। कोई टीजीटी , कोई सीईटी ग्रुप 56-57, कोई ग्रुप डी,फायर ऑपरेटर, कोई सोसिओ इकोनोमिक के अंक तो कोई हरियाणा पुलिस की भर्ती की समस्या को लेकर आया हुआ है` इन सभी भर्तियो पर कोर्ट केस चल रहे है` कोर्ट में इन भर्तियों को लेकर 22 अप्रैल को ग्रुप 56-57 और सोसिओ इकोनोमिक को लेकर 23 अप्रैल को सुनवाई है।

## सिटी विधायक के नेतृत्व में प्लाई बोर्ड एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल ने की सीएम से मुलाकात

- प्लाई वूड इंडस्ट्री से सम्बन्धित परेशानियों से करवाया अवगत

**नितिन सिंगला, देश रोजाना**



**जगाधरी।** यमुनानगर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा की जानकारी देते हुए बताया कि आज उन्होंने संत कबीर कुटीर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सेनी से प्लाई बोर्ड एसोसिएशन प्रतिनिधि मंडल को मिलवाया ० प्लाई वूड इंडस्ट्री से सम्बन्धित परेशानियों से अवगत करवाया।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि प्लाईवुड प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह को बताया कि प्लाईवुड इंडस्ट्रीज में टेक्निकल ग्रेड यूरिया का उपयोग होता है ,कृषि विभाग द्वारा समय-समय पर टेक्निकल ग्रेड यूरिया के सैंपल लिए जाते हैं जो कि कई बार फेल हो जाते हैं इसमें प्लाईवुड संचालकों का कोई भी दोष नहीं होता क्योंकि वह टेक्निकल ग्रेड यूरिया बंद कट्टे में लेते हैं अगर इसमें कोई कार्रवाई होती है तो वह यूरिया के उत्पादक या सप्लायर पर होनी चाहिए ना की प्लाईवुड संचालकों पर ,प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पॉपुलर लकड़ी व सफेदा लकड़ी पर एक परसेंट मार्केट फीस है अगर हरियाणा सरकार यह एक परसेंट मार्केट फीस को हटा दे तो प्लाईवुड उद्योग में जो बढ़ती लागत के कारण नुकसान हो रहा है उससे व्यापारियों को काफी सहूलियत होगी, विधायक घनश्याम दास ने कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिए समय समय पर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री व उच्च अधिकारियों से मिलते रहते हैं और और उसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आते हैं।

# 'राष्ट्र के विकास में भाजपा का अहम योगदान'

- राष्ट्र हित में भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए लोगों को करें प्रेरित : डॉ. अर्चना गुप्ता

**अशोक कुमार, देश रोजाना**





**करनाल।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ विजय दहिया की अध्यक्षता मे सभी जिला संयोजकों, सह संयोजकों एवं प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकारणी सदस्यों की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई।

चिकित्सा प्रकोष्ठ की इस बैठक में हरियाणा भाजपा के संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए सभी जिलों से आए जिला संयोजकों एवं सह संयोजकों कोआह्वान किया कि वह सभी अपने चिकित्सा के कार्य के साथ साथ भाजपा की सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में विकास एवं सामाजिक उत्थान के लिये किए गए कार्यो की लोगों को जानकारी देते हुए उन्हें राष्ट्र हित में भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करें । डॉ अर्चना गुप्ता ने सभी चिकित्सकों से अपील करते हुए कहा कि हमारी केंद्र की मोदी सरकार का जो 400 पार का नारा है उसके लिए हम सबने मोदीजी के इस नारे को साकार करने के लिए एकजुटता से काम करना है।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा प्रयास रहता है कि चिकित्सकों की जो भी समस्याएं हैं उनका जल्द से जल्द समाधान हो सके। डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने कहा कि हरियाणा सरकार का नजरिया चिकित्सकों के प्रति काफी सकारात्मक है। उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार चिकित्सकों की कोई भी समस्या होती है उसके समाधान के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है। इस अवसर पर उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पिछले दिनों आयुष्मान कार्ड को लेकर जो भी समस्याएं चिकित्सकों की थी उन्होंने प्रदेश सरकार से मिलकर शीघ्रता से उसका समाधान करवाया । डॉक्टर अर्चना गुप्ता ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं हमारे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी सभी डॉक्टर्स की बहुत इज्जत करते हैं। उनके मन में डॉक्टर के प्रति काफी अच्छी सोच है।

उन्होंने इस मौके पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को यह आह्वान किया कि सभी मिलकर अपने संगठन की मजबूती के लिए काम करें ताकि पार्टी का विस्तार हो सके। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक डॉ विजय दहिया ने बताया कि सभी जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक अपने कार्य क्षेत्र में आम नागरिक के साथ तालमेल रखें और पार्टी की गतिविधियों को उनके द्वारा चलाए गए जनसंपर्क अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवा शिविर लगा कर जनता का ध्यान भारतीय जनता पार्टी की तरफ आकर्षित करें ताकि उन्हें यह विश्वास हो जाए की भाजपा पार्टी देश में राष्ट्रहित,जनहित एवं विकास के कार्य कर रही है 'डॉ विजय दहिया ने कहा कि चिकित्सक केवल सेवा के लिए काम करता है इसलिए डॉक्टर को धरती पर भगवान का दर्जा दिया जाता है। डॉ विजय दहिया ने कहा की अन्य व्यवसाय से जुड़े लोग रिटायर हो जाते हैं मगर चिकित्सक कभी रिटायर नहीं होता अपितु उम्र के साथ-साथ उसका तजुर्बा बढ़ता जाता है जिसका लाभ लोगों को मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने आग्रह किया कि सभी चिकित्सक ईमानदारी से अपना काम करें ताक लोगों का विश्वास हम पर बना रहे।

इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि हमारा सभी का फर्ज बनता है कि हम सरकार बनाने में सहयोग करें । रोहतक के वरिष्ठ सर्जन एवं चिकित्सक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ आर के चौधरी ने आए हुए साथी चिकित्सकों एवं हरियाणा भाजपा पदाधिकारियों का गोष्ठी में आने पर स्वागत किया ' रोहतक जिले के सह संयोजक डॉ संजय जाखड ने अपने अनुभव बताते हुए मंच का संचालन किया।

## भाजपा को 400 सीटें पार करवाने में अल्पसंख्यक समाज की रहेगी अहम भूमिका : सिंकदर



**परी बजाज, देश रोजाना**

**करनाल।** अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सिकंदर सलमानी ने कहा कि इस बार 2024 के चुनाव में मोदी सरकार लाने और भाजपा को 400 सीटे पार करवाने में अल्पसंख्यक समाज की अहम भूमिका होगी।

मोदी सरकार के नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज को ध्यान में रखते हुए अनेकों योजनाएं चलाई गई जिनका उन्हें पूरा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने केवल अल्पसंख्यक समाज का इस्तेमाल किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अल्पसंख्यक समाज का भला किया है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर धर्म और हर वर्ग का मान सम्मान किया है। सिकंदर सलमानी लोकसभा चुनाव व करनाल विधानसभा उप चुनाव को लेकर आयोजित एक बैठक को संबोधित कर रहे थे।

## 5.19 लाख मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक

**परी बजाज, करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला की मंडियों में गेहूं की आवक शुरू हो चुकी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा खरीद के सभी आवश्यक प्रबंध पहले से ही किए जा चुके है। गत दिवस तक जिला की मंडियों व विभिन्न खरीद केंद्रों पर 5 लाख 19 हजार 977 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। इसमें से विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 5 लाख 19 हजार 977 मीट्रिक टन की खरीद की गई।

एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर गत दिवस तक 5 लाख 19 हजार 977 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई। इसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा दो लाख 9 हजार 35 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।

## गणित बच्चों के लिए है रोचक विषय : सुनीता

- कुवि के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्र मैथ ओलंपियाड में छाए

**दलबीर मलिक, देश रोजाना**



**कुरुक्षेत्र।** छात्रों के लिए गणित का विषय सबसे रोचक है। यदि छात्र रोचकता के साथ गणित विषय पर ध्यान दे तो यह विषय सबसे आसान है।

यह विचार यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल की वाइस चेयरपर्सन प्रोफेसर सुनीता दलाल ने मैथ ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को व्यक्त किए। प्रोफेसर सुनीता दलाल ने कहा कि छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए।

पहली बार छात्रों ने मैथ ओलंपियाड में भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। मैथ ओलंपियाड फाउंडेशन की तरफ से आयोजित परीक्षा में स्कूल के 60 छात्रों ने भाग लिया जिसमें से आठ छात्रों को मैडम प्राप्त हुए। कक्षा नौवीं की सलोनी ने स्वर्ण पदक, छात्र अमन ने रजत, कक्षा छठी की कनिष्का, आठवीं के राहुल, नौवीं की पूर्णिका व गीतिका,कक्षा ग्यारहवीं की भूमिका, कक्षा बारहवीं की शुभांगी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह ने कहा कि इस तरह की परीक्षाओं में भाग लेने से छात्रों में आत्मविश्वास आता है । छात्रों को परीक्षाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। इसके लिए योजना बनाकर तैयारी करनी चाहिए। छात्रों को गणित के शिक्षिका श्रीमती चेतना,शिक्षक अशोक गुप्ता ने तैयारी करवाई। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे।

## 'बढ़चढ़ कर मतदान करने के लिए कर रहे जागरूक'

**परी बजाज, करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर हरियाणा राज्य परिवहन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

हरियाणा राज्य परिवहन करनाल डिपो से निकलने वाली बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने के प्रति जागरूक कर रही हैं।

## जिला कारागार में हुआ जेल लोक अदालत का आयोजन



**दलबीर मलिक, देश रोजाना**

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में डीएलएसए द्वारा जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इस दौरान 7 केसों पर सुनवाई की गई। इस जेल लोक अदालत में 5 केसों का मौके पर निपटारा करके अंडरगोन किया गया। इन अंडरगोन किए गए केसों में 6 बंदियों को मौके पर ही रिहा किया गया। उन्होंने कहा कि यह जेल लोक अदालत प्रत्येक माह में आयोजित की जाती है, जिसमें केसों का निपटारा मौके पर ही जिला कारागार में ही किया जाता है। सीजेएम ने जेल अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा ऐसे केस इंडटीफाई करने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा बंदियों के केसों का निपटारा कर उन्हें रिहा किया जा सके। इस मौके पर जिला कारागार अधीक्षक सोमनाथ जगत सहित जिला कारागार का अन्य स्टाफ मौजूद था।

## 'प्रकाशित सामग्री पर प्रतियों की संख्या होनी चाहिए अंकित'

**परी बजाज, करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 व करनाल विधानसभा उप चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री का प्रकाशन करने के लिए पोस्टर या पंफलेट पर प्रकाशक, प्रकाशन करवाने वाले का नाम तथा प्रतियों की संख्या छपी होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन विभाग, हरियाणा निर्वाचन आयोग सहित जिला प्रशासन की ओर से चुनाव खर्च के विवरण पर पूरी निगरानी रखी जाएगी। इसलिए प्रिंटिंग प्रेस संचालक एनेक्सचर फॉर्म वन और बी भरकर यह स्पष्ट करेंगे कि प्रचार की सामग्री किस प्रैस से छपवाई गई और इस सामग्री को छपवाने वाला कौन है। साथ ही कितनी प्रतियां छापी गई है, यह ब्यौरा भी प्रेस संचालकों को देना होगा।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सुना किसानों का दर्द



**परी बजाज, देश रोजाना**

**करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इन्द्री में ओलावृष्टि से खराब हुई किसानों की फसल का जायजा लेने पहुंचे। किसानों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए कृत संकल्पित है। किसानों की खराब फसल के लिए सरकार की ओर से विशेष गिरदावरी करवाई जाएगी और किसानों की खराब फसल के लिए सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसानों की भलाई के लिए सरकार की ओर से कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिनका किसानों को पूरा लाभ मिल रहा है। आज प्रदेश के किसान खुशहाल हैं।

## चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनेजा ने वर्ल्ड लिवर डे पर किया जागरूक

**दलबीर मलिक, देश रोजाना**



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के हेल्थ सेंटर के एडमिनिस्ट्रेटर, गैपियो सदस्य, आरएसएसडीआई मेंबर एवं मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष अनेजा ने वर्ल्ड लिवर डे पर जागरूक करते हुए कहा कि लिवर हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है क्योंकि यह शरीर के पाचन तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

वर्तमान की भागदौड़ भरी जिन्दगी तथा नकारात्मक जीवन शैली व खान-पान की गलत आदतों के कारण लिवर का खराब होना आम बात है। शरीर को फिट रखने के लिए लिवर को ठीक रखना बहुत जरूरी है तथा यह भोजन को पचाने और बॉडी से टॉक्सिन को बाहर निकालने में सहायता करता है। डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि पीलिया, पेट दर्द और सूजन ,पैरों और टखनों में सूजन, स्किन में खुजली होना, पेशाब का रंग गहरा होना, पीला मल का रंग, बेहद थकावट, मतली या उल्टी ,भूख में कमी, बॉडी पर छोटे-छोटे पानी के दाने हो जाना, ये सभी खराब लिवर के लक्षण है। अपने लिवर को ठीक करने के लिए अपनी जीवनशैली में बदलाव करें। लिवर को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ आहार लें, स्वस्थ वजन बनाए रखें, नियमित रूप से व्यायाम करें।

## लाइट एंड साउंड ड्रामा 'कौम दा योद्धा' का मंचन आज

- एतिहासिक गुरुद्वारा नाडा साहिब में शाम 7 :30 बजे किया जाएगा मंचित

**परी बजाज, देश रोजाना**




**करनाल।** बाबा बंदा सिंह बहादुर की शहादत के बाद 18वीं सदी का समय खालसा पंथ के लिए बेहद कठिन रहा। मुगल सल्तनत जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने वाले खालसा पंथ को जड़ से खत्म करना चाहते थे।

18वी सदी के कुर्बानियों भरे सिख इतिहास पर आधारित व कौम के महान जरनैल बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया की जनम शताब्दी वर्ष को समर्पित लाइट एंड साउंड ड्रामा, ह्लकौम दा योद्धाह्व का मंचन कल रविवार 21 अप्रैल को ऐतहासिक गुरुद्वारा नाडा साहेब में शाम 7:30 बजे मंचित किया जाएगा। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह, धर्म प्रचार के चेयरमेन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल सहित अन्य सदस्य व प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रहेंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए गुरुद्वारा नाडा साहिब के मैनेजर रणजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सहयोग से बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया जनम शताब्दी कमेटी के अंतर्गत इंटरनेशनल सिख फोरम व शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया की सांझी पेशकारी में 18वीं सदी में सिखों की महान कुर्बानियों व मुगलों के जुल्मों की दास्ताँ को मंच व स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जाएगा। रोशनी व धवनी पर आधारित इस नाटक के लेखन व निर्माण इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु द्वारा किया गया है नाटक कौम दा योद्धा का निर्देशन प्रसिद्ध रंगकर्मी व निर्देशक कृष्ण मलिक ने किया है। नाटक में सिख शस्त्र विद्या गतका की कोरियोग्राफी व संयोजन का श्रेय शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान गुरतेज सिंह खालसा व उनके साथियों द्वारा की गई है जबकि साउंड रिकॉर्डिंग व लाइट मैनेजमेंट जसबीर गिल व उनके साथियों द्वारा की जाएगी।

नाटक के लेखक व इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव प्रीतपाल सिंह पन्नु ने बताया कि इस नाटक में सिख कौम के महान योद्धा बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया के जनम से इतिहास की गाथा शुरू होती है।

### न्यूज डायरी

## कानूनी साक्षरता एवं यौन उत्पीड़न उन्मूलन पर की गई विभिन्न प्रतियोगिताएं



**मानव गर्ग, लाडवा।** लाडवा के इन्दिरा गांधी नेशनल कॉलेज में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ एवं यौन उत्पीड़न उन्मूलन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, निबन्ध लेखन, कविता पाठ एवं भाषण प्रतियोगिता आदि करवाई गई। जिसमें विद्यार्थियों को ज्वलन्त समस्याओं के प्रति जागरूक एवं वैधानिक नियमों के प्रति सचेत किया गया। इस कार्यक्रम में 21 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ अशोक वर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए इसी तरह बढ़चढ़ कर कॉलेज की सकरात्मक क्रियाओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के निर्णायक मण्डल में डॉ वन्दना, डॉ सुमन सिवाच और डॉ नवीन कुमारी रहे। भाषण प्रतियोगिता में शुभम, कुदरत एवं सिमरन, कविता पाठ प्रतियोगिता में रेनू, शुभम एवं कुदरत, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में प्रियंका, अंजलि एवं सिमरन, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में बीटा, रेनू एवं भूमिका, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में गुरसिमरन, निकिता एवं तनीशा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थानों पर रहे। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ हरनीत कौर और प्रो सुनीता रानी ने मंच का संचालन किया। वहीं मौके पर डा. संदीप बंसल और प्रो प्रियंका भी उपस्थित रहें।

## गीता विद्यालय में मनाई गई महावीर जयंती



**दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र।** आज श्रीमद्भागवद गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में महावीर जयंती के बारे में विद्यालय के कंप्यूटर आचार्य वीरेंद्र सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्रों को बताया कि महावीर जयंती जैन धर्म द्वारा 21अप्रैल को मनाई जाएगी। वर्धमान महावीर के जन्म के अवसर पर इसका आयोजन किया जाता है। भगवान महावीर जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर थे ' उनका जन्म बिहार के वैशाली जिले के कुंड ग्राम में शुक्ल पक्ष में हुआ महावीर जयंती को जैन संस्कृति में सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। हिंदू कैलेंडर के अनुसार यह चैत्र मास शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी को यह त्यौहार मनाया जाता है। भगवान महावीर के सिद्धांत :अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह आदि हैं। जैन धर्म में सम्यक ज्ञान सम्यक दर्शन सम्यक आचरण एवं पांच महावृत्त :अहिंसा, सत्य ,अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य को माना गया है हम सभी को भी भगवान महावीर के बताए हुए सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए अपना जीवन व्यतीत करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य भैया बहन व छात्र उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से सजाया जाएगा महान नगर कीर्तन : अजराना



**दलबीर मलिक, कुरुक्षेत्र।** धर्मनगर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब पातशाही नौवीं में महान कीर्तन समागम 29 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। समागम से पहले 28 अप्रैल को ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने दी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब सेवक जत्था के सहयोग से यह समागम करवाया जा रहा है, जिसमें श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर के हजूरी रागी भाई कुलदीप सिंह व भाई भूपिंदर सिंह संगत को कीर्तन से निहाल करेंगे। इसके अलावा भाई सुरजीत सिंह वारस जलांधर वालो का ढाडी जत्था संगत को ढाडी वारों से संगत को गुरु इतिहास से जोड़ेगा। यहीं नहीं, मीरी-पीरी के मालिक साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज की चरण छौह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र के हजूरी रागी भाई मलिंदर सिंह का जत्था भी अपनी रूहानी आवाज में शबद कीर्तन करेंगे। इसके अतिरिक्त गुरुद्वारा साहिब के पूर्व हैड ग्रंथी एवं कथावाचक भाई गुरदास सिंह जी संगत को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के जीवन प्रसंग सुनाएंगे। अजराना के अनुसार 28 अप्रैल को पंज प्यारों की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की सुंदर पालकी के साथ महान नगर कीर्तन सजाया जाएगा। यह नगर कीर्तन ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी से आरंभ होकर शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से होते हुए श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की चरण छौह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवीं कुरुक्षेत्र में ही संपन्न होगा। समापन अवसर पर संगत द्वारा आकर्षक आतिशबाजी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले 14 अप्रैल से गुरु साहिब के प्रकाश पर्व को समर्पित ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही नौवीं से प्रतिदिन तडके प्रभातफेरियां भी सजाई जा रही है, जिसमें भारी गिनती में संगत शामिल होकर नाम सिमरन करती है। प्रभातफेरी सजाने की श्रृंखला 28 अप्रैल तक चलेगी। उन्होंने संगत से आह्वान किया कि नगर कीर्तन एवं समागम में अधिक से अधिक गिनती में शामिल होकर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त करें। इस मौके पर हरियाणा कमेटी के उप सचिव सतपाल सिंह, अमरिंदर सिंह, सहायक सुपरवाईजर हरकीरत सिंह, ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी के मैनेजर जज सिंह, लेखाकार हरमीत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई फसल का सरकार को भेजा ब्यौरा: उत्तम सिंह


**परी बजाज, करनाल।** करनाल के उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि जिले में बारिश और ओलावृष्टि की वजह से कुछ गांवों में फसल खराब हुई है। जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए बिना समय गंवाए इन गांवों से जुड़ा ब्यौरा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को भेज दिया है। उन्होंने जल्द से जल्द फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने की डिमांड भी विभाग के समक्ष रखी है ताकि किसान स्वयं भी अपनी खराब फसल का ब्यौरा इस पोर्टल पर डाल सके। उन्होंने कहा कि बारिश और ओलावृष्टि से इंद्री तहसील के कुछ गांवों में अधिक नुकसान हुआ है। इसके अतिरिक्त नीलोखेड़ी तहसील के भी कुछ गांव शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कल बारिश के बाद से ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को फसल खराबे से संबंधी रिपोर्ट देने के निर्देश दे दिए गए थे।

# करनाल से खिलेंगे दो कमल, एक जाएगा दिल्ली, एक जाएगा चंडीगढ़ : नायब सिंह सैनी

- किसानों की खराब फसल को लेकर कहा : किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है सरकार
- जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर करती है पूरा विश्वास

परी बजाज, देश रोजाना





**करनाल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ओलावृष्टि से किसानों की जो फसल खराब हुई है उसके क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने के आदेश दिए गए थे। फसल खराब का दौरा करने के लिए अधिकारियों को भेजा गया है।

उन्होंने कहा कि किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खडी है। नायब सिंह सैनी करनाल में अपने प्रवास के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने लोकसभा व विधानसभा उप चुनाव को लेकर कहा कि करनाल से दो कमल के फूल खिलेंगे जिनमें से एक फूल मनोहर लाल दिल्ली लेकर जाएंगे और एक कमल का फूल चंडीगढ जाएगा।

जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षो से जिस तरह निरंतर देश और प्रदेश का विकास हो रहा है वह जारी रहेगा। भाजपा सरकार में विकास की गति नहीं रूकेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश की सेवा की अब सांसद बनकर भी वह जनता की सेवा करेंगे। पत्रकारों के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में कहीं भी दिखाई नहीं दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता का पूरा समर्थन है। तीसरी बार भी मोदी जी को ही प्रधानमंत्री बनेंगे।

### कांग्रेस ओबीसी, एससी वर्ग की विरोधी और भाजपा ने सभी वर्गों को दिया सम्मान

मानव गर्ग, लाडवा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ओबीसी व एससी वर्ग के विरोधी है, जबकि भाजपा ने सभी वर्गों को सम्मान दिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह करनाल जाते समय लाडवा-इंद्री मार्ग पर भाजपा लाडवा मंडल अध्यक्ष प्रवीण पांचाल की दुकान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में भाजपा की आंधी चली हुई है और इन लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा 400 पार सीटें लेकर पूर्ण बहुमत से देश में अपनी सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में विपक्षी पार्टियों के पास प्रत्याशी तक नहीं है, जो कि हरियाणा लोकसभा में चुनाव लड़ सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा की 10 की 10 सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों का जीतना तय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में केवल सिर्फ शोषण हुआ है।वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण पांचाल की दुकान पर पहुंचने पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

## महंत प्रभात पुरी कन्या स्कूल में सामूहिक कन्या पूजन हुआ संपन्न

दलबीर मलिक, देश रोजाना



**कुरुक्षेत्र।** झासा रोड़, श्याम कालोनी स्थित महंत प्रभात पुरी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मां दुर्गा की कृपा पाने के लिए महंत वंशी पुरी जी महाराज एवं महंत महेश पुरी जी महाराज के सानिध्य में सामूहिक कन्या पूजन का अनुष्ठान किया गया।

महंत वंशी पुरी जी महाराज ने कहा कि कन्याओं में मां दुर्गा का वास होता है। मां भय, निराशा, विघ्न और शत्रुओं का हरण करे। हम सब के जीवन में सुख-समृद्धि, खुशहाली, सफलता व सकारात्मक ऊर्जा लाए।

दिगंबर महेश पुरी ने स्वयं 9 कन्याओं व एक बालक का पूजन किया और कहा कि दुर्गा रूप कन्याओं का कभी भी पूजन करके आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है। प्राचार्य भजन राठोर ने बताया कि इस अनुष्ठान को विधालय प्रबंधक सुनील सचदेवा द्वारा प्रायोजित किया गया था। संतो,विधालय अध्यापिकाओं व सचदेवा परिवार द्वारा 350 कन्याओं को कपाट पर सिन्दूर लगाकर, चुनरी पहरा कर, दक्षिणा देकर तथा चने व हलवे का भोजन करवा कर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

## साइबर ठगों से रहे सावधान : एसपी कैथल

**कुलभूषण शर्मा, कैथल।** एसपी उपासना ने कहा है कि किसी भी तरह के फ्रॉड से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है। जो भी फ्रॉड करने के तरीके चल रहे है उन्हे लेकर जागरूक रहे। अगर आप किसी भी फ्रॉड का शिकार हो जाते है तो तुरंत उसके बारे में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और नजदीकी पुलिस थाने में अवश्य शिकायत दे।

एसपी उपासना ने कहा है कि साइबर अपराधियों ने फ्रॉड करने का एक नया तरीका निकाला है। इसे वॉइस क्लोनिंग फ्रॉड कहा जाता है। इसमें अपराधी आवाज को क्लोन करने के लिए एडवांस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते है और पीड़ितों को ये भरोसा दिलाया जाता है कि वे मुश्किल में फंसे अपने परिवारजनों या बच्चों से बात कर रहे है। जिसके झांसे में आकर नागरिक फ्रॉड का शिकार हो जाते है।

## स्पेशल सेल की टीम ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

- खारवन गांव में लूटपाट के बाद हत्या के मामले का मात्र 12 घंटे में खुलासा

नितिन सिंगला, देश रोजाना



**जगाधरी।** डीएसपी कवलजीत सिंह ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि कल दिनांक 19 अप्रैल को गांव खारवन में घर के आंगन में सो रहे ऑटो चालक की लूटपाट के बाद हत्या के मामले का स्पैशल सेल की टीम ने मात्र 12 घंटे में मामला सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

डीएसपी कवलजीत सिंह ने बताया कि सेल के इंचार्ज राजेश राणा की टीम को सूचना मिली कि दो युवक खारवन मोड छछरौली पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे हैं। इस सूचना के आधार पर मुख्य सिपाही राजू राणा, आजाद सिंह, कृष्ण, कुलदीप, विपिन, धर्मवीर का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे दोनो युवको को काबू किया। पुछताश पर जिनकी पहचान गांव बलौली निवासी रजत उर्फ बछडा पुत्र सतीश कुमार व खारवन निवासी खेमचंद उर्फ डागर उर्फ सोनू पुत्र ऋषि पाल के नाम से हुई। आरोपियों ने खारवन गांव में लूट के बाद हत्या के मामले का खुलासा किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेशकर रिमांड पर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपी रजत पर पहले लूट, स्नैचिंग चोरी के 10 मामले दर्ज हैं। वहीं आरोपी खेमचंद पर पहले चोरी के पांच मामले दर्ज हैं। दोनों ही आरोपियों की दोस्ती जेल में हुई थी। जमानत पर बाहर आए और यह दोस्ती कायम रखी उसके बाद खारवन में लूट के बाद हत्या की वारदात को अंजाम दिया।

उन्होंने बताया कि खारवन निवासी 55 वर्षीय हरिकृष्ण उर्फ छोटू घर में अकेला रहता था। 2012 में उसकी पत्नी की मौत हो गई थी तब से वह घर में अकेला रहकर ऑटो चलाता था।

## यमुनानगर की 'आप' की महिला कार्यकर्ता और उसके पति ने अपने ही पार्टी के नेता को लूटा

- यमुनानगर के गांव सरांवा की निवासी नेहा रानी और उसके पति राजेश कुमार ने प्लॉट खरीदने के नाम पर लूटे 15 लाख रुपए
- बराड़ा थाना पुलिस ने एक दंपती समेत 5 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया

नितिन सिंगला, देश रोजाना



**जगाधरी।** हरियाणा के अंबाला में आम आदमी पार्टी नेता से 15 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है।

आरोपियों ने 'आप' नेता को जाल में फंसाया और 10 मरला जमीन दिलाने के बदले 15 लाख रुपए ले लिए। लेकिन, नेता को न प्लॉट मिला और न ही रकम वापस मिली।'आप' नेता ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों पर तांत्रिक विद्या करने का भी आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर बराड़ा थाना पुलिस ने एक दंपती समेत 5 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अंबाला के गांव मिल्क शेखा निवासी संजीव चौधरी मिल्क ने बताया कि वह 'आप' के एससी विंग में प्रदेश के संयुक्त सचिव हैं। मुलाना विधानसभा से विधायक के चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। नेता ने बताया कि उनकी 10 अक्टूबर 2022 को यमुनानगर के गांव सरांवा निवासी नेहा रानी और उसके पति राजेश कुमार से मुलाकात हुई थी।शिकायत में नेता ने बताया कि पांचों आरोपियों से उसका मिलना-जुलना हो गया। आरोपी राजेश और उसकी पत्नी नेहा ने बताया था कि वह भी 'आप' कार्यकर्ता हैं। जुलाई 2023 में नेहा ने उसके पास कॉल कर बताया कि उसकी नेहा इंटरप्राइजेज रियल एस्टेट प्राइवेट कंपनी है।

इसमें उपरोक्त पांचों मिलकर जमीन का बिजनेस करते हैं। आरोपियों ने नेता से कहा कि अगर वह 15 लाख रुपए लगाता हो तो उसे बराड़ा में 10 मरले का प्लॉट रोड के नजदीक दिलवा देंगे। 'आप' नेता ने बताया कि सस्ते प्लॉट के लालच में उसने आरोपियों को रकम दे दी, लेकिन उसे न प्लॉट मिला और न ही रकम लौटाई।

## दो दिवसीय उत्सव शिक्षांगन 2024 आयोजित

**अर्पित वधवा, थानेसर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में दो दिवसीय शिक्षांगन 2024 उत्सव समारोह का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। दो दिन में होने वाली सभी गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दिया गया। आने वाले 2 दिनों में शिक्षा में पढ़ रहे सभी विद्यार्थियों के लिए कई प्रतिस्पर्धा रखी गई हैं। जिनमे नृत्य, गायन, प्रश्नोत्तरी शिक्षा' एस गोट टैलेंट, साइंस एग्जीबिशन इत्यादि शामिल हैं। उदघाटन के बाद शिक्षांगन का टीजर लॉन्च हुआ।

जिसने शिक्षांगन के रचनात्मक,उत्साह और जुनून को परिभाषित करने वाली एक झलक सबके सामने प्रस्तुत की। उद्घाटन समारोह में हमारे मुख्य अतिथि ग्रुप कैप्टन एस.सी गौर, शौर्य चक्र, विशिष्ट सेवा मेडल और ब्रिगेडियर के.के सिंह जी थे।

## डीसी प्रशांत पंवार ने किया गुहला अनाज मंडी का दौरा



कुलभूषण शर्मा, देश रोजाना

**गुहला चीका।** डीसी प्रशांत पंवार ने गुहला अनाज मंडी का दौरा करके गेहूं खरीद एवं उठान प्रक्रिया का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को उठान में तेजी लाने के निर्देश दिए। गेहूं खरीद के बाद तय समय सीमा में उठान का कार्य करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आवागमन बाधित नहीं हो और खरीद प्रक्रिया समुचित चलती रहे। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए बिजली, पानी, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं निरंतर ठीक प्रकार से होनी चाहिए। संबंधित एजेंसियां और ट्रांसपोर्टर उठान का कार्य तेजी से करें, ताकि मंडी में अपनी फसल को लेकर आने वाले दूसरे किसानों को जगह और जाम जैसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़े। इस मौके पर उन्होंने किसानों व आढ़तियों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने आढ़तियों को कहा कि वे गेहूं खरीद प्रक्रिया में अपना पूरा सहयोग दें।

## बेमौसमी बरसात और ओलावृष्टि से किसानों की फसल हुई बर्बाद



निर्मल संधु, देश रोजाना

**इंद्री।** इंद्री क्षेत्र में हुई भारी बरसात व ओलावर्ष्टि से किसानों की खेत मे पकी खड़ी गेहू की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गयी है ।किसानों ने कहा कि शुक्रवार को आई तेज बरसात व ओलावर्ष्टि से सब्जी आदि सभी नस्ट हो गयी।

सरकार से किसानों ने मांग की है सरकार दो दिन के अंदर गिरदावर करवाकर किसानों को 60 हजार प्रति एकड़ के हिसाब से किसानों को मुआवजा दे ताकि किसानों के खराबे की भरपाई हो सके। किसानों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार जल्द गिरदावरी नही करवाकर किसानों मुआवजा नही देती किसान बड़ा फैसला लेने पर मजबूर हो जायेगे। किसान श्याम मुरारी,भीम मढ़ाण ,सुरेंदर ,हेमराज ,सियाराम ० गुलाब सिंह ने कहा की इंद्री क्षेत्र में किसानो की पकी हुई गेहू की हजारो एकड़ फसल और सब्जी सभी पूरी तरह नष्ट हो गयी जिससे किसानो की छ :महीने की कमाई पर पानी फिर गया है किसान के पास कुछ भी नहीं बचा उन्होंने सरकार से मांग की जल्द से जल्द दो दिन के अंदर खराब हुई फसल की गिरदावरी करवाकर किसानो को 60 हजार प्रति एकड़ के हिसाब मुआवजा दे ताकि किसानो की भरपाई हो सके।

## भाजपा को वोट देकर मोदी के विकसित भारत के सपने को करें साकार : नवीन

- कुरुक्षेत्र की जनता नवीन जिंदल को भारी बहुमत से जीत दिलवाने का ले संकल्प : सुभाष सुधा

दलबीर मलिक, देश रोजाना



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी नवीन जिंदल आजकल लोकसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा कर लोगों से अपने लिए वोटो की अपील कर रहे हैं।

नवीन जिंदल के साथ हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री सुभाष सुधा भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल के लिए ऐड़ी चोटी का का जोर लगा रहे हैं। नवीन जिंदल की जनसभाओं में जनता का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद नवीन जिंदल को मिल रहा है। आज गांधीनगर में भारी भीड़ ने भाजपा प्रत्याशी नवीन जिंदल व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का भव्य स्वागत किया । नवीन जिंदल जनसभाओं में लोगों को संबोधित करते हुए कहते हैं कि मैं बहुत सौभाग्य शादी हूं जिसको युगपुरुष यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी ने मुझे भाजपा में शामिल करके कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया ।उन्होंने कहा कि भगवान का दिया मेरे पास सब कुछ है। मैं केवल मात्र आपके आशीर्वाद से कुरुक्षेत्र की जनता की सेवा करना चाहता हूं ।

पहले भी मैंने 10 साल सांसद रहते हुए कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में बहुत कम किया है ,अब फिर आपने मुझे आशीर्वाद दिया तो आगे कोई भी कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। जिंदल ने कहा कि मोदी और मनोहर की गारंटी पर जनता को पूर्ण विश्वास है कि यदि जनता का कोई भला कर सकता है तो वह नरेंद्र मोदी कर सकता है ।जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प ले लिया है। जनता सन 2047 तक भारत को विकसित देश के रूप में देखना चाहती है और वह तभी संभव होगा की केंद्र में भाजपा की सरकार होगी और नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री होंगे। जिंदल ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र जनता को सुखमय जीवन जीने हेतु गारंटी का एक बहुत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जनसभा को हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री सुभाषसुधा ने संबोधित करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के विकास के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने हजारों करोड़ रूपया दिया जिसके कारण कुरुक्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

## न्यूज डायरी

### पीड़ित किसानों को 60 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार : डॉ. सुनील पंवार



**निर्मल संधु, इंद्री।** राजीव गांधी पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष ड़ा. सुनील पंवार ने आज इन्द्री के गांव ड़िपों में पहुंचकर कल अचानक हुई ओलावृष्टि एवं बरसात से तबाह हुई गेंहु की फसल का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने पीड़ित किसानों से बातचीत भी की। प्रदेशाध्यक्ष ड़ा. सुनील पंवार ने कहा कि कल हुई ओलावृष्टि से इन्द्री हल्के की हजारों एकड़ फसल तबाह हो गई है। किसानों का बहुत भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे में प्रदेश सरकार को चाहिए कि वो किसानों की बर्बाद हुई फसलों की तुरंत गिरदावरी करवाकर आर्थिक मदद देने का काम करें। उन्होंने कहा कि हमारी प्रदेश सरकार से मांग है कि वो पीड़ित किसानों को प्रति एकड़ साठ हजार रूपया मुआवजा दे। सुनील पंवार ने कहा कि सरकार केवल किसानों के साथ होने का दावा कर बड़े बड़े वायदे करती है। इससे पहले भी जब मनोहर लाल प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तो उस समय भी उन्होंने किसानों को खराब हुई फसल का मुआवजा देने की घोषणा की थी लेकिन आज तक भी किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। सरकार केवल खोखले दावे व घोषनाएं ही कर रही है। सरकार किसानों के साथ मजाक कर रही है। उन्होंने कहा कि आज इन्द्री में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आए तो जरूर लेकिन ना तो कोई घोषणा करके गए ओर ना ही हल्के के पीड़ित किसानों से मिलें। मुख्यमंत्री केवल औपचारिकता पूरी करने के लिए ही आए। इस अवसर पर उनके साथ गांव के सभी किसान मौजूद रहे।

### विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**नितिन सिंगला, जगाधरी।** जिला बार एसोसिएशन जगाधरी (यमुनानगर) के सभागार में जिला न्यायालय जगाधरी के तीन माननीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदीप सिंह, राजेन्द्र पाल सिंह और डा. नंदिता कौशिक के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती शालिनी सिंह नागपाल अन्य सभी जज साहिबानों के साथ सम्मलित हुई। जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के प्रधान अरुण ढाण्डा द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की और माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अन्य सभी जज साहिबानों का आज के विदाई समारोह में पहुंचने पर हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया। प्रधान अरुण ढाण्डा ने सभी 3 जजों जिनका स्थांतरण हुआ है उनको अपनी व समस्त बार एसोसिएशन की तरफ से उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में माननीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदीप सिंह, राजेन्द्र पाल सिंह और डा. नंदिता कौशिक को जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम का मंच संचालन बार के महा-सचिव अभिषेक बांगड ने किया कार्यक्रम के उपरांत सभी सदस्यों ने जलपान ग्रहण किया। इस अवसर पर उप-प्रधान रविन्द्र सिंह संधू, सह-सचिव शानु शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सैनी, पूर्व प्रधान राम कुमार रादौरी, पूर्व प्रधान यशपाल रझेडी, पूर्व प्रधान पवन कुमार पूनिया, ज्ञान चंद वर्मा, श्याम चंद गर्ग, डी0 एस0 खुराना, साहिब सिंह गुर्जर आदि अन्य अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

### जनता के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही सरकार : नायब सैनी



**अशोक कुमार, करनाल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता को सुविधा देना सरकार का दायित्व है। सरकार लगातार जनता के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। देश को आजाद हुए 77 सात बीत गए लेकिन 2014 से पहले देश जिस गति से आगे बढना चाहिए था, जिस गति से देश का विकास होना चाहिए था वह नहीं हो पाया था। जिस दिन से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं हमारा देश आज कितना आगे निकल चुका है यह जनता के सामने हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को करनाल के सेक्टर-8 में गौरव खुराना की ओर से आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसके अलावा वे भाजपा कार्यकर्ता गोविंद शर्मा व नरेंद्र बाम्बा के निवास पर भी पहुंचे। उन्होंने आगामी लोकसभा व करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर भाजपा का साथ देने का वादा किया। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षो में यह परिवर्तन आया है कि भारत दुनिया में 11वें स्थान पर था लेकिन अब 5वें स्थान पर भारत का नाम है। आज पूरी दुनिया में भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। भारत 10 वर्षो में बहुत आगे निकल गया है। देश को आगे बढ़ाने के लिए मोदी जी को जनता के आशीर्वाद की जरूरत है। मोदी जैसा नेतृत्व सैंकडो वर्षो बाद देश को मिला है जिसने देश को एक नई दिशा व नई दशा दी है। 2014 से पहले दुनिया बोलती थी हम सुनते थे अब भारत बोलता है दुनिया सुनती है। यह केवल नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम है। 2014 से पहले और 2024 के बीच का अंतर आज साफ दिखाई देता है। मनोहर लाल ने दिन रात एक करके प्रदेश की सेवा की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता जगमोहन आनंद, संजय बठला, महामंत्री सुनील गोयल, राजबीर शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, पूर्व पार्षद वीर विक्रम सहित अन्य मौजूद रहे।

### यातायात नियमों की सभी करें पालना : उपासना

कुलभूषण शर्मा, कैथल। यातायात के नियमों की पालना ना करने कारण कई बार अप्रिय घटना घट जाती है, जिससे भारी जान माल की हानि उठानी पड़ती है। सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जिला वासियों से यातायात नियमों की पालना करने बारे एसपी उपासना द्वारा अपील की गई है। एसपी ने कहा कि माता-पिता 18 वर्ष से कम की आयु के बच्चों को मोटरसाईकिल इत्यादि सार्वजनिक स्थान पर चलाने के लिए ना दें क्योंकि इससे आपको और बच्चो व दूसरे वाहन चलाने वालों को खतरा रहता है। ड्राइविंग सीखते समय अपनी कार के पीछे एल का निशान जरूर लगवायें। वाहन का प्रयोग करते समय दो पहिया वाहन पर हेलमेट और चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें।

# लिफ्टिंग में देरी कर रहे ठेकेदारों के खिलाफ होगी कार्रवाई : निशांत कुमार यादव

- मुख्य सचिव की वीसी के बाद डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश
- मुख्य सचिव ने मंडियों से फसल उठान के कार्य की समीक्षा की

**देव चौहान, देश रोजाना**

**गुरुग्राम।** जिला की अनाज मंडियों से फसल के उठान कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई ना बरती जाए, अन्यथा इसके लिए जिम्मेदार ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि मंडियों में लेबर और लिफ्टिंग के जो ठेकेदार ठीक से काम नहीं कर रहे हैं, उनका काम रोककर नए ठेकेदारों को अवसर दिए जाएं। हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद के साथ वीडियो कांफ्रेंस करने के बाद डीसी शनिवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला के प्रशासनिक अधिकारी, मार्केटिंग बोर्ड, खाद्य एवं पूर्ति विभाग तथा खरीद एंजेसियों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्य सचिव ने सभी जिला उपायुक्त को मंडियों से फसल का उठान तेजी से करवाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जे फार्म कटने के बाद 72 घंटों में किसान की फसल का भुगतान होना चाहिए। वीसी के बाद डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि फसल उठान का कार्य




तेजी से किया जाना चाहिए। मंडियों में स्टॉक पड़ा रहा तो इससे खरीद का काम प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि जो ठेकेदार उठान के काम में देरी कर रहे हैं, उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। हेलीमंडी, फर्रूखनगर, सोहना की मंडी में अभी तक 32 हजार 388.05 मीट्रिक टन सरसों की खरीद हुई है। इसमें से 16 हजार मीट्रिक टन सरसों अभी मंडियों में है, जिसकी अगले दो दिनों में तीव्रता से लिफ्टिंग करवाई जाए।

उन्होंने कहा कि सिवाड़ी गोदाम पर खाद्य एवं पूर्ति विभाग के निरीक्षक यह निगरानी रखेंगे कि कितना स्टॉक यहां पहुंचाया जा रहा है। कितने ट्रक व श्रमिक काम कर रहे हैं। अब तक 38 हजार 630.50 मीट्रिक टन गेहूं की आवक मंडियों में हो चुकी है। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अनिल कुमार ने बताया कि फर्रूखनगर के समीप 8 हजार मीट्रिक टन क्षमता का एक गोदाम किराए पर लिया गया है। इससे सरसों का स्टॉक काफी हद तक मंडी से खत्म हो जाएगा। मंडियों में पुराने ठेकेदार के स्थान पर नए ठेकेदारों को कार्य आवंटित किया जा रहा है। इस अवसर पर बादशाहपुर के एसडीएम विश्वजीत चौधरी, सोहना के एसडीएम सोनू भट्ट, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र कुमार, पटौदी के एसडीएम होशियार सिंह, मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव, नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम, मार्केटिंग बोर्ड की क्षेत्रीय प्रबंधक मीतु धनखड़, जिला प्रबंधक विनय यादव, हरियाणा वेयरहाऊस से सुमन, मार्केट कमेटी सचिव सुनीता, विपिन यादव, विद्यासागर इत्यादि मौजूद रहे।

# पत्नी की नुकीली चीज से हमला कर पति ने की हत्या, मामला दर्ज

**हर्ष खटाना, देश रोजाना**

**गुरुग्राम।** मानेसर क्षेत्र में गांव खोह में पति ने पत्नी की नुकीली चीज से हमला कर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी पति कमरे को बंदकर फरार हो गया। रिश्तेदारों ने महिला को कमरे में खून से लथपथ पाया और पुलिस को घटना की सूचना दी।

शनिवार को शिकायत पर आईएमटी मानेसर थाने में पुलिस ने हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश निवासी अमित चौधरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खोह गांव में किराये पर रहता है। उनकी चचेरी बहन पूजा भी अपने पति शारदा प्रसाद मूल रूप से प्रयागराज के साथ उनके




बगल में किरायेदार के रूप में रहती थी। शारदा प्रसाद पत्नी पूजा को मारता-पीटता और गाली-गलौज करता था। शुक्रवार की रात शारदा प्रसाद नशे की हालत में घर पहुंचा और मेरी बहन पूजा से बहस कर रहा था।

मैंने और मेरे चाचा ने यह सोच कर नजरअंदाज कर दिया कि शायद उनके बीच कुछ बात हुई होगी। हम अपने कमरे में सो गये। शनिवार सुबह हमने पूजा का कमरा बाहर से बंद पाया।

हमने उसके मोबाइल पर संपर्क किया,लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। कमरे की खिड़की से देखा तो मेरी बहन पूजा खून से लथपथ कमरे में गद्दे पर बिना कपड़ों के पड़ी थी।

उसका पेट किसी नुकीली चीज से काटा गया था और सीने पर भी घाव थे। जबकि मेरा जीजा फरार था। इसके बाद हमने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया।

शिकायत के बाद शनिवार को आईएमटी, मानेसर पुलिस स्टेशन में पीड़ित महिला के पति के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एनसीयू में 9वीं राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन




**देव चौहान, देश रोजाना**

**गुरुग्राम।** नॉर्थकैप यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ में शनिवार को संपन्न हुई 9वीं राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में देश भर के महत्वाकांक्षी वकीलों ने पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। प्रतियोगिता की शुरूआत न्यायमूर्ति अनीश दयाल (दिल्ली हाईकोर्ट) के उद्घाटन भाषण से हुई। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने वकीलों के समग्र विकास पर बल दिया और छात्रों से पाठ्यपुस्तकों से परे जाकर वास्तविक दुनिया के अनुभवों को सीखने का आग्रह किया। उन्होंने विधि विद्यालय के जीवन के अमूल्य महत्व को भी रेखांकित किया। इस वर्ष की प्रतियोगिता का विषय ₹टिकाऊ विकास-सपना नहीं तो आवश्यकता₹ था। यह समसामयिक विषय पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर वैश्विक चर्चा से जुड़ा हुआ था। देशभर के केंद्रीय, राज्य और निजी विधि विद्यालयों की 16 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। उन्होंने बुनियादी ढांचा विकास, पर्यावरणीय प्रभाव और आदिवासी अधिकारों से संबंधित कानूनी चुनौतियों पर बहस की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुरुग्राम सहित प्रो-बोनो क्लब (कानून और न्याय मंत्रालय), पाहुजा लॉ एकेडमी और मनु पात्रा द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम विधिक शिक्षा और वकालत को बढ़ावा देने के लिए सहयोग का एक शानदार उदाहरण है।

# यूथ से बूथ जीतने की रणनीति पर जुट जाएं कार्यकर्ता: कमल यादव

- एक-एक वोट विकसित भारत बनाने के मोदी के संकल्प को मजबूत करेगी
- जिला अध्यक्ष ने बादशाहपुर विधानसभा के मोर्चा अध्यक्षों, पदाधिकारियों के साथ की संगठनात्मक बैठक

**देव चौहान, देश रोजाना**

**गुरुग्राम।** बीजेपी ने लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक मतों से जीतने के लिए तैयारियां और तेज कर दी है। भाजपा का इस बार सबसे ज्यादा फोकस युवा मतदाताओं पर है। भाजपा की नीतियां भी युवाओं को प्रोत्साहन कर रही है। ज्यादा से ज्यादा चुवाओं को पार्टी से जोड़ने और भाजपा के पक्ष में मतदान करने बूथ जीतने की रणनीति पर शनिवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल में जिला अध्यक्ष कमल यादव ने बादशाहपुर विधानसभा के मंडलों के अध्यक्ष,



मोर्चों के अध्यक्षों के साथ चर्चा की। यादव ने सभी पदाधिकारियों को आगामी योजनाओं को लेकर भी जरूरी दिशा निर्देश दिए। जिला मीडिया प्रभारी एवं गुरुग्राम लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति मीडिया प्रमुख डा. गजेंद्र गुप्ता ने बताया कि शनिवार को गुरुकमल कार्यालय में जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता मे संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में कमल यादव ने लोकसभा चुनाव को भारी बहुमत से जीतने के लिए पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर काम करने के लिए कहा। कमल यादव ने सभी मोर्चों के अध्यक्षों से युवाओं को पार्टी की योजनाओं और नीतियों के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देने की बात भी बैठक में कही।

# नगर निगम गुरुग्राम ने 5 सितारा होटल पर लगाया 25 हजार रूपए का जुमार्ना

- जांच के दौरान सेक्टर-29 स्थित होटल वैस्टिन में ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पाई गई अवहेलना

**देव चौहान, देश रोजाना**



**गुरुग्राम।** सरकार द्वारा लागू ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित करवाने की दिशा में नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत निगम टीमें विभिन्न होटल, मॉल्स आदि का निरीक्षण कर रही हैं तथा नियमों की अवहेलना पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शनिवार को सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सेक्टर-29 स्थित 5 सितारा होटल वेस्टिन पहुंचे। यहां जांच के दौरान उन्होंने पाया कि होटल प्रबंधन द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन नियमों पूरी तरह से दरकिनार किया जा रहा है। यहां पर ना तो कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया जा रहा है और ना ही कचरा निष्पादन की कोई व्यवस्था पाई गई।

टीम ने मौके पर ही होटल प्रबंधन पर ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की अवहेलना करने के मामले में 25 हजार रूपए का जुमार्ना लगाया। उल्लेखनीय है कि नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ द्वारा समय-समय पर निगम क्षेत्र में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों से अपील की जा रही है कि वे अपने यहां ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित करें। इस नियम के तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों को उनके यहां से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करके उसका स्वयं के स्तर पर अपने ही परिसर में निष्पादित करना अनिवार्य है।

नियम के तहत 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पन्न करने वाले रिहायशी परिसर, होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज पैलेस, औद्योगिक व संस्थागत इकाइयों की यह जिम्मेदारी तय की गई है। सभी अपनी जिम्मेदारियों का पालन करें तथा स्वच्छ गुरुग्राम में सहयोग दें।

## विद्यार्थियों ने गीतों, पोस्टर लेकन निकाली जनचेतना रैली

**देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम।** लोकतंत्र की यही पुकार, मत खोना अपना अधिकार, लोकतंत्र का भाग्य विधाता, हर एक जागरूक मतदाता आदि नारों के साथ जिला के राजकीय विद्यालयों में स्वीप अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। छात्र-छात्राएं गीतों, पोस्टर, जनचेतना रैली तथा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से नागरिकों को वोट देने के लिए जागरूक कर रहे हैं। स्वीप के नोडल अधिकारी एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि जिला में मतदाता जागरुकता का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। गुरुग्राम, फर्रूनगर, पटौदी आदि खंडों के राजकीय विद्यालयों में कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को वोट देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को मतदान होगा। इसलिए प्रत्येक वोटर इस तारीख को ध्यान में रखे और सारे काम छोडकर सबसे पहले वोट डालने के लिए बूथ पर जाए।

## न्यूज डायरी

### आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में अवैध निमार्णों पर चला निगम का पीला पंजा

**देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम।** आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में अवैध निमार्णों पर शनिवार का दिन भारी रहा। नगर निगम गुरुग्राम की इनफोर्समैंट टीम ने धर्म कॉलोनी ओम विहार में अवैध रूप से निमार्णाधीन 7 भवनों पर धराशायी करने की कार्रवाई की। जोन-2 क्षेत्र की इनफोर्समैंट टीम इंचार्ज हितेश दहिया के नेतृत्व में आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में स्थित धर्म कॉलोनी ओम विहार में पहुंची। यहां पर प्रतिबंध के बावजूद 7 भवनों का निर्माण किया जा रहा था। टीम ने मौके पर की जेसीबी की मदद से सभी 7 भवनों को तोड़ दिया। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद रहा। टीम में कनिष्ठ अभियंता राहुल यादव व विनीत सहित अन्य कर्मचारी शामिल थे। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ के अनुसार आयुध डिपो के प्रतिबंधित दायरे में किसी भी प्रकार के निर्माण पर न्यायालय द्वारा प्रतिबंध लगाया हुआ है। नगर निगम गुरुग्राम की टीमें इस क्षेत्र में लगातार निगरानी बनाए हुए हैं तथा समय-समय पर अवैध निमार्णों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### राजकीय कन्या विद्यालय गुड़गांव गांव में लगाया गया वाटर कूलर

**देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम।** गुडगांव गांव के समाजसेवी स्वर्गीय भगत सिंह कटारिया की पुण्य तिथि पर उनकी याद में उनके सुपुत्र गुरुग्राम बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव कमलजीत कटारिया ने एक वाटर कूलर शहीद लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुडगांव गांव में लगवाया। शनिवार को इसका उद्घाटन स्कूल की प्रधानाचार्य संगीता शर्मा व गुडगांव गौरव रत्ना जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा, लायंस क्लब के अध्यक्ष दीपक कटारिया एडवोकेट, कमलदीप गौड़ एडवोकेट, ऋषि शर्मा, राही फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष हंसराज शर्मा, गंगा जीवन फाउंडेशन की निदेशक रितु कटारिया चौधरी, राजेश कुमार लखेरा, सुभाष यादव, संजय कुमार आदि मौजूद थे। समाजसेवी भगत सिंह कटारिया की याद में प्रतिवर्ष जल सेवा के रूप में वाटर कूलर सरकारी स्कूलों में लगाया जाता है। इससे पूर्व भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय में लगाया गया था। प्रधानाचार्य संगीता शर्मा ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज में कम ही होते हैं। जिनकी याद में उनके परिवार के लोग प्रत्येक वर्ष वाटर कूलर योग्य बच्चों के लिए लगवा रहे हैं। ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय भगत सिंह कटारिया श्री शीतला माता के परम भक्त थे। उन्होंने अपने जीवन काल में बहुत सारे सामाजिक कार्य किए हैं।

### लायंस पब्लिक स्कूल में मनाया अभिनंदन समारोह

**देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम।** लायंस पब्लिक स्कूल सेक्टर-10ए ने पिछले सत्र 2023-24 में अपनी अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए अपने मेहनती छात्रों को सम्मानित करने और उनकी सराहना करने के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन लायन के.एस. ढाका, पूर्व चेयरमैन लायन डीवी तनेजा, वाइस चेयरमैन लायन सुधीर तनेजा और लायन भीम वासुदेव, सचिव लायन डॉ. सुनील सिंगला, पूर्व चेयरमैन लायन ए.सी. गोयल और स्कूल के प्रबंधक राजीव कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह की शुरूआत ज्ञान की देवी मां सरस्वती को श्रद्धांजलि स्वरूप दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। छात्रों द्वारा मधुर स्वर में स्वागत गीत गाया गया। प्रिंसिपल दीपिंदर कौर ने इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभा का स्वागत किया। उन्होंने पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी व उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों को दो समूहों में सम्मानित किया गया। पहले समूह में नर्सरी से कक्षा प पांचवीं तक और दूसरे समूह में कक्षा सातवीं से कक्षा नौवीं तक के बच्चों को सम्मानित किया गया। इसमें 11वीं कक्षा के छात्र भी शामिल रहे। लगभग 508 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। छात्रों को विद्यालय के चारों सदनों द्वारा सत्र 2023-24 में जीती गई साहित्यिक, सांस्कृतिक ट्राफियां और खेल चैंपियन ट्रॉफी भी प्रदान की गई। ईओ एलपीएस रेनू वर्मा और वाइस प्रिंसिपल इंदु कौशिक ने इस आयोजन को यादगार बनाने वाले सभी को धन्यवाद किया।

### नेशनल रॉल बॉल चैंपियनशिप के लिए गुरुग्राम में लगा कैंप

**देव चौहान, देश रोजाना, गुरुग्राम।** 16 से 22 अप्रैल तक गुरुग्राम के गढ़ी हरसरू स्थित आरकेएस अकादमी में आयोजित अंडर-14 सब-जूनियर रोल बॉल स्टेट कैंप का शुक्रवार को समापन हो गया। इस कैंप में असाधारण प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया गया। जिला रोल बॉल एसोसिएशन गुरुग्राम द्वारा आयोजित इस कैंप में युवा एथलीट्स ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिन्होंने कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया। कैंप से चुने गए खिलाड़ी देहरादून में होने वाली राष्ट्रीय रोल बॉल चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। लड़कों के वर्ग की टीम में अथर्व सिंह निवासी गुरुग्राम, हार्दिक यादव निवासी गुरुग्राम, रितिक कुमार निवासी गुरुग्राम, शिवेन चौधरी निवासी रेवाड़ी, तनिश निवासी कैथल हितेश संत निवासी हिसार, हिमांशु निवासी हिसार, शिवेन-कैथल, नवदीप निवासी करनाल व नितीश निवासी करनाल, गुरतेज निवासी करनाल, अंश निवासी सोनीपत को चुना गया। वहीं लड़कियों के वर्ग की टीम में वृंदा त्यागी निवासी गुरुग्राम, कनक शर्मा निवासी गुरुग्राम, अवनी निवासी गुरुग्राम, अनुष्का निवासी गुरुग्राम, कनक निवासी गुरुग्राम, अनुवा सिंह निवासी रेवाड़ी, यशवी निवासी रेवाड़ी, संजीदा निवासी कैथल, अर्शिया निवासी हिसार, मुस्कान निवासी सोनीपत, सन्नवी निवासी सोनीपत, तेजल निवासी सोनीपत को चुना गया हैं। लड़कों की टीम के कोच इरफान अली के नेतृत्व में जबकि लड़कियों की टीम कोच विजय कुमार (अजय) कैंप कोच अतुल के साथ मिलकर 25 अप्रैल 2024 से शुरू होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए कमर कस रहे हैं। रोल बॉल एसोसिएशन हरियाणा के महासचिव रणबीर सिंह ने जिला रोल बॉल एसोसिएशन गुरुग्राम टीम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन व राज्य शिविर के सफल आयोजन के लिए बधाई दी हैं।

# सेक्टर-29 स्थित अग्निशमन विभाग परिसर में संपन्न हुआ अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह

- 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया गया सेवा सुरक्षा सप्ताह

**देव चौहान, देश रोजाना**

**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 स्थित अग्निशमन विभाग परिसर में अग्निशमन सेवा सप्ताह का रविवार को समापन किया गया। शहीद अग्निशमन अधिकारियों, कर्मचारियों की याद में मनाया जाने वाला अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया गया।

सप्ताह के अंतिम दिन शनिवार को अग्निशमन कर्मचारियों ने विभिन्न तरीकों से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। 14 अप्रैल 1944 को मुंबई में डाक यार्ड में लगी




सेक्टर-29 स्थित अग्निशमन विभाग परिसर में अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन पर मॉकड्रिल करते कर्मचारी।

भयंकर आग को बुझाते हुए 66 दमकलकर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे। इसलिए हर साल 14 अप्रैल के दिन को अग्निशमन सेवा दिवस एवं 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस सप्ताह के दौरान अग्निशमन सेवाओं में एयर फोर्स स्टेशन 54 एएसपी गुरुग्राम, एयर फोर्स स्टेशन वायरलैस, एयर फोर्स स्टेशन रजोकरी दिल्ली, एयर फोर्स स्टेशन अर्जनगढ़ दिल्ली, डीएलएफ फायर सर्विस, डीएलएफ सिटी फेस-3 एवं 5, मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड, मेदांता मेडिसिटी, एएसएफ लिमिटेड, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्रा. लि., सुजूकी मोटर साइकिल, हल्दीराम, आयरिया मॉल आदि की दमकल गाडियों ने सेक्टर-29 फायर स्टेशन परिसर में मॉक ड्रिल में भाग लिया। इस दौरान दमकल विभाग गुरुग्राम व अन्य सभी अग्रिशमन सेवाओं ने विभिन्न अग्रिशमन उपकरणों का प्रदर्शन किया। फायर फाइटिंग की फायर ड्रिल की गई। इस अवसर पर तकनीकी उन-निदेशक गुलशन कालड़ा द्वारा दमकल सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दमकल कर्मचारियों उप-दमकल कंद्र अधिकारी रामकेश व मदन सिंह, मुख्य अग्रिशामक संजीत, अग्रिशामक जोगिंद्र, नरेंद्र, जयबीर, मोनू ङ्कषसह, पुष्पेंद्र, रणबीर, पवन कुमार, प्रदीप कुमार, फायर चालक अनिल कुमार, फायर ऑपरेटर राजू तंवर, हेमंत, अजय, स्वयं सेवक श्रेय चोपड़ा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपनिदेशक तकनीकी गुलशन कालड़ा ने फायर गाडियों को रोड शो के लिए रवाना किया। इस अवसर पर दमकल केंद्र अधिकारी जयनारायण सेक्टर-37, दमकल केंद्र अधिकारी प्रशिक्षण केंद्र मानेसर सुनील अदलखा, दमकल केंद्र अधिकारी सेक्टर-29 नितीश भारद्वाज, दमकल केंद्र अधिकारी भीम नगर रमेश सैनी, दमकल केंद्र अधिकारी उद्योग विहार रामकरण शर्मा मौजूद रहे।

# ब्रम्ह दत्त मेमोरियल इंटर-स्कूल टेबल टेनिस प्रतियोगिता का हुआ समापन

- प्रतियोगिता में 20 स्कूलों की 60 टीमों ने लिया भाग
- विजेता टीमों को डायरेक्टर सरोज सुमन गुलाटी ने किया पुरस्कृत

**देव चौहान, देश रोजाना**

**गुरुग्राम।** जीपीएससी के तत्वावधान में गुरुग्राम के सेक्टर-10 स्थित ब्रह्म दत्त ब्लू बैल्स पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय ब्रह्म दत्त मेमोरियल इंटर-स्कूल टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के ख्याति प्राप्त 20 स्कूलों की 60 टीमों ने भाग लिया। आयु सीमा 12, 14, 17 और 19 में विभाजित इस प्रतियोगिता के लड़कों और लड़कियों के वर्ग में खेले गए मुकाबलों में जीत हासिल करने के लिए युवा टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल का भरपूर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में



12 आयु वर्ग के लड़कों की श्रेणी में मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-46 गुरुग्राम और लड़कियों की श्रेणी में डीपीएस सेक्टर-45 गुरुग्राम ने अपना परचम लहराया। 14 आयु वर्ग के लड़कों की श्रेणी में कड़े मुकाबले के बाद सनसिटी स्कूल सेक्टर-54, गुरुग्राम और लड़कियों की श्रेणी में डीएवी स्कूल सेक्टर-49, गुरुग्राम ने पहला स्थान प्राप्त किया। वही 17 आयु वर्ग के लड़कों की श्रेणी में ब्लू बैल्स मॉडल स्कूल सेक्टर-4 गुरुग्राम और लड़कियों की श्रेणी में डीपीएस सेक्टर-45 गुरुग्राम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 19 आयु वर्ग के लड़कों व लड़कियों दोनों ही श्रेणी में बाल भारती स्कूल मानेसर विजेता बना। बतौर मुख्य अतिथि ब्लू बैल्स ग्रुप ऑफ स्कूल्स की डायरेक्टर डॉ. सरोज सुमन गुलाटी ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ ही साथ खेल में भी आगे रहने के लिए भी प्रेरित किया।

# लोकसभा आम चुनाव हिदायतों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी जानकारी

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना



**रेवाड़ी।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में समाचार पत्रों, टीवी चौनल व सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाली पेड न्यूज पर एमसीएमसी (मीडिया सर्टिफिकेशन व मॉनिटरिंग कमेटी) के अधिकारी कड़ी नजर रख रहे हैं और भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन की अवहेलना से संबंधित मामला संज्ञान में आते ही संबंधित राजनीतिक दल व प्रत्याशी को तुरंत प्रभाव से नोटिस जारी किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल हुड्डा ने लोकसभा आम चुनाव को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी की गई हिदायतों बारे जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में मीडिया का अहम योगदान है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा समाचार पत्रों, टेलीविजन चौनलों, केबल टीवी, सोशल मीडिया, बल्क एसएमएस, वॉइस मैसेज व ई-पेपर आदि में विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पहले प्रशासन की ओर से गठित एमसीएमसी कमेटी द्वारा अनुमति लेनी अनिवार्य है। प्रत्याशी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से किसी विज्ञापन का प्रसारण करने के लिए एमसीएमसी कमेटी की पूर्व अनुमति लेनी आवश्यक नहीं है। लेकिन इन विज्ञापनों का खर्च उसके खर्च में शामिल किया जाएगा। प्रत्याशी को नामांकन के दौरान अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स की जानकारी निर्धारित फार्म में भरकर देनी होगी। उन्होंने बताया कि यदि कोई प्राइवेट व्यक्ति किसी प्रत्याशी के पक्ष में विज्ञापन प्रकाशित करवाता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव में प्रचार के लिए प्रकाशित करवाए जाने वाले पंपलेट, पोस्टर व अन्य सामग्री पर प्रिंटर व पब्लिशर का नाम प्रकाशित होना जरूरी है। इसके लिए घोषणा पत्र देना भी जरूरी है जिसके न देने पर सजा का प्रावधान है।

85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता घर से डाल सकेंगे वोट, करना होगा आवेदन जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि लोक सभा के आम चुनाव को लेकर जिले में निष्पक्ष और बिना प्रलोभन के चुनाव करवाया जाएगा और सभी मतदाताओं से अपील की जाएगी कि वह अपने मत का प्रयोग करें। चुनाव आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर पर ही वोट डलवाने का प्रावधान किया गया है। इसके लिए मतदाता को इसका लाभ लेने के लिए चुनाव कार्यालय में फार्म नम्बर 12 डी भरकर देना होगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार जिला प्रशासन की ओर से सभी पोलिंग बूथों पर पीने का पानी, महिला व पुरूषों के लिए अलग-अलग शौचालय, विकलांगों के लिए रैम्प आदि की सुविधा दी जाएगी तथा इस बार भी चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार पिंक बूथ बनाए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि यदि कोई राजनीतिक दल रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए और जहां पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगला और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त कोई भी राजनीतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा और राजनीतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर सकेगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर बनाई गई इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर विभिन्न प्रकार से नजर रखेगी ताकि कार्यक्रमों में उम्मीदवार द्वारा आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न किया जा सके। उन्होंने कहा कि इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग टीम उम्मीदवार द्वारा खर्च की गई राशि का हिसाब रखेगी और उसकी सूचना देगी।

## अवैध शराब बेचने निकला एक पकड़ा

**धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी।** थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान गांव बामड फतेहपुरी निवासी मोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 पव्वा देशी शराब मार्का रसीला संतरा बरामद की है। जांचकर्ता ने बताया कि गत 19 अप्रैल 2024 को सूचना मिली कि मोनू निवासी गांव बामड फतेहपुरी, जो धारूहेड़ा की ओर से सोहना रोड पर बैग में अवैध शराब लेकर आ रहा है।

इस सूचना को सच मानकर तुरन्त सोहना रोड पर नाका बन्दी करके आरोपी को काबू किया गया तो उसने अपना नाम मोनु निवासी गांव बामड फतेहपुरी बतलाया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 40 पव्वा देशी शराब मार्का रसीला संतरा बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-6 धारूहेड़ा में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रवादी ब्राह्मण संघ ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले हितेश को दी शाबाशी



**राजबीर सांगवान, देश रोजाना, बधारूहेड़ा।** यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 में धारूहेड़ा के सेक्टर 4 निवासी प्राचार्य देशराज शर्मा के पुत्र हितेश ने 436 वीं रैंक हासिल कर इस क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह परिणाम आने के बाद उनको लगातार घर जाकर बधाई दी जा रही है। इसी क्रम में राष्ट्रवादी ब्राह्मण संघ जिला रेवाड़ी के एससी शर्मा ट्रेजरा, सतीश कुमार जोशी महासचिव, जगदीश शर्मा कार्यकारी सदस्, सुभाष शर्मा महासचिव और मुकेश शर्मा कार्यकारी सदस्य एसके वशिष्ठ ने हितेश को पुष्पगुच्छ देकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी। बता दें कि हितेश के पिता देशराज राजकीय वरिष्ठ विद्यालय कापड़ीवास में प्राचार्य हैं जबकि उनकी माता राधा शर्मा गृहणी हैं। छोटी बहन मोनिका शर्मा कानून में पीएचडी करने के साथ ही न्यायिक सेवा की तैयारी कर रही है। हितेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों और गुरूजन को दिया।

### तीन भगौड़े अपराधी काबू

**धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी।** माननीय अदालत द्वारा अलग-अलग मामलों में आरोपी नरेन्द्र कुमार निवासी गांव डीगल जिला झज्जर, अंसार निवासी गांव काबन का बास जिला भरतपुर राजस्थान और राकेश पंडित निवासी मोहल्ला शिव कालोनी रेवाड़ी हाल आबाद गांव खेडी जिला महेंद्रगढ़ को माननीय अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर माननीय अदालत द्वारा उद्घघोषित अपराधी घोषित किया गया था। रेवाड़ी पुलिस की अलग - 2 पुलिस टीमों द्वारा गत 19 अप्रैल को उक्त उद्घघोषित आरोपियों को काबू करके संबंधित अभियोगों में नियम अनुसार गिरफ्तार/शामिल अनुसंधान किया गया है।

### कृषि महाविद्यालय बावल में मनाया जाएगा पृथ्वी दिवस 22 को

**कौशिक, देश रोजाना, बावल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय बावल में 22 अप्रैल 2024 को पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। इस जिलास्तरीय कार्यक्रम में 15 से अधिक महाविद्यालय के छात्र हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर एवं स्लोगन, शिल्प कला, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और प्रश्नोत्तरी कराई जाएगी। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और इनाम दिए जाएंगे। बावल में प्लास्टिक उन्मूलन जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी। उक्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेश कौशिक ने यहां यह जानकारी दी।

### स्विफ्ट डिजायर की टक्कर से मोपेड चालक की मौत

**देश रोजाना ब्यूरो, नारनौल।** नारनौल के निजामपुर रोड पर फ्लाईओवर पर एक विक्की मोपेड चालक को डिजायर गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से नारनौल के नागरिक अस्पताल में घायल को पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार सीकर राजस्थान का रहने वाला रंजीत नाथ नारनौल के जलमहल के पास झुग्गी बनाकर रह रहा था। करीब 9 बजे निजामपुर रोड पर फ्लाईओवर से होते हुए अपने घर आ रहा था। इस दौरान एक स्विफ्टडिजायर गाड़ी चालक ने मोपेड विक्की को टक्कर मार दी। जिससे विक्की सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायल को नारनौल के अस्पताल में पहुंचाया और जांच शुरू कर दी। वहीं घटना के बाद स्विफ्ट डिजायर गाड़ी भी आगे से क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक के दो लड़की व एक लड़का है। शनिवार को मृतक का पोस्टमार्टम कर परिजनों को शव सौंप दिया गया।

### आठ महीने बाद डॉक्टर पर लापरवाही का केस दर्ज, पति ने लगाया था आरोप

**देश रोजाना ब्यूरो, सोनीपत।** सोनीपत के एक निजी अस्पताल व चिकित्सक पर जच्चा बच्चा की मौत को लेकर खरखौदा पुलिस ने लापरवाही का मुकदमा दर्ज किया है। अस्पताल में डिलिवरी के लिए भर्ती हुई महिला व उसके बच्चे की मौत हो गई थी। जिसमें अब पुलिस ने कारवाई की है। अगस्त, 2023 में शहर के वार्ड 15 के रहने वाले नवीन ने आरोप लगाए थे की वह अपनी पत्नी लक्ष्मी की डिलिवरी चेक अप कराने के लिए वार्ड 13 की एक नर्स के पास ले गया था। नर्स मुझे व मेरी पत्नी को चैकअप कराने के लिए निजी अस्पताल दिल्ली रोड खरखौदा ले गई। अस्पताल में डॉ. नेहा उर्फ नितिका ने मेरी पत्नी का चैकअप किया और कहा कि इसकी डिलिवरी आज ही होगी। रात करीब 10 बजे मेरी पत्नी की डिलिवरी हुई जो उसी नर्स ने मुझे बताया कि आपके बच्चे की मौत हो गई है और पत्नी की हालत गंभीर है, इसको रेफर कर रहे है। जब में अपनी पत्नी लक्ष्मी को रोहतक लेकर जाने लगा उस समय पत्नी लक्ष्मी बेहोश थी। वह अपनी पत्नी लक्ष्मी को लेकर पीजीआई रोहतक पहुंचा, जहां डाक्टर ने बताया कि यह मर चुकी है।वह अपनी पत्नी का वापस घर लेकर आ गया और सुहब करीब 9 बजे अपने नवजात शिशु के शव को अस्पताल लेने पहुंचा। शव लेकर आने के बाद उसने कपडा खोलकर देखा तो बच्चे के बाएं साईड के होठ पर कट लगा था और सिर के बाएं साईड खाल उतरी हुई थी। नवीन ने आरोप लगाया था कि मेरी पत्नी लक्ष्मी व उनके नवजात शिशु की मौत नर्स व डॉ निकिता उर्फ नेहा की लापरवाही के कारण हुई है। इस मामले में बोर्ड की जांच चली हुई थी। जिसकी रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मां ने प्रेमी संग मिलकर पांच साल की मासूम बेटी को पीटकर मार डाला, हुई फरार

**देश रोजाना ब्यूरो, सोनीपत।** हरियाणा के सोनीपत में पति से अलग रह रही एक तलाकशुदा महिला ने अपनी पांच साल की मासूम बेटी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद वह प्रेमी संग पूर्व पति के मामा के घर पहुंची और मृत बेटी को छोड़कर फरार हो गई। सदर थाना पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। इंडियन कॉलोनी गली नंबर-3 निवासी फिरोज खान ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 12 साल पहले पटेल नगर निवासी रवीना के साथ उसकी शादी हुई थी। रवीना से उसकी दो बेटियां तनु (8) व तनवी (5) थीं। फिरोज और रवीना में बाद में झगड़ा होने लगा तो दो साल पहले उन्होंने तलाक ले लिया। रवीना बड़ी बेटी तनु को अपने साथ ले गई और झज्जर के गांव छारा निवासी ऑटो चालक प्रेमी पंकज के साथ सोनीपत में ही रहने लगी, जबकि तनवी पिता फिरोज के साथ रह रही थी। फिरोज खान ने बताया कि आठ माह पहले रवीना उसके पास आई और दो दिन में छोड़ने की बात कहकर बेटी तनवी को साथ ले गई। इसके बाद वह लापता हो गई। वीरवार रात को रवीना अपने प्रेमी पंकज के साथ, मोहन नगर स्थित उनके मामा अमजद के घर पहुंची और तनवी का शव छोड़कर वहां से भाग निकली। मामा अमजद ने तनवी के शरीर पर चोट के निशान देखकर फिरोज को फोन किया। साथ ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। फिरोज का आरोप है कि तनवी की बेरहमी से हत्या की गई है। बेटी के शरीर पर डंडे से पीटने के साथ ही बाल नोचने व दागने के भी निशान मिले हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि शरीर पर चोट के निशान थे, लेकिन दागने की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हो सकेगी। इंस्पेक्टर सेठी मलिक, थाना प्रभारी, सदर सोनीपत ने कहा कि पांच साल की बच्ची की पीटकर हत्या की गई है।

## युवक का अपहरण कर मारपीट मामले में नाबालिग को लिया अभिरक्षा में



धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

**रेवाड़ी।** थाना सेक्टर छह धारूहेड़ा पुलिस ने युवक का अपहरण कर मारपीट करने के मामले में एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस के अनुसार गांव गढ़ी अलावलपुर निवासी आकाश ने अपनी शिकायत में बताया कि 18 नवंबर 2023 को वह अपने घर के बाहर गली में खड़ा था, तब धारूहेड़ा निवासी संजू और विकास अपने 4/5 अन्य साथियों के साथ तीन बाइक पर आए और उसके जबरन बाइक पर बिठाकर धारूहेड़ा के जैन स्कूल के पास खाली जगह पर लेकर गए। सभी आरोपी उसके साथ मारपीट कर मौके से फरार हो गए। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 6 धारूहेड़ा में मामला दर्ज करके मामले में तीन आरोपी संजू, मनजीत और विकास पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है, जहां से उसे फरीदाबाद बाल सुधार गृह में भेज दिया गया।

## बाबा भैरू मंदिर में हुआ जागरण

**धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी।** चैत्र नवरात्रों के बाद दशमी की रात्रि को कालाका रोड़ स्थित धोबी घाट पर रजक (धोबी) महासभा रेवाड़ी ने बाबा भैरू मंदिर में रात्रि जागरण का आयोजन किया। रजक महासभा रेवाड़ी के प्रधान राजेश पंवार ने बताया कि गत 29 वर्षो से प्रत्येक वर्ष चैत्र नवरात्रों की दशमी की रात्रि को इस मंदिर में बाबा भैरू का जागरण और भजन कीर्तन कराया जाता है, जिसमें लोक गायक भजन गाकर और सुंदर झांकियां निकालते हैं। एकादशी को भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। जागरण में रोहतक सभा के प्रधान बलराज चौहान, हरियाणा सभा के कोषाध्यक्ष भीमसिंह बेनीवाल, रेवाड़ी महासभा के उपप्रधान प्रदीप कुमार, महासचिव जसवंत सिंह, कोषाध्यक्ष मूलचंद, सचिव पवन कुमार, रामेश्वर दास जांगिड़, नरेश कुमार, अजय कुमार, राजकुमार, सुरेश सैन, नानक गुप्ता, विजय पंवार, हिमांशु गुप्ता, सुनील भटनागर, मनीष सैन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## केएलपी कालेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमीनार आयोजित

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना



**रेवाड़ी।** शनिवार को नगर के केएलपी कॉलेज की आईक्यूएसी तथा रिसर्च सेल के तत्त्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, क्रियान्वयन एवं चुनौतियाँ विषय पर एक दिवसीय सेमीनार आयोजित की गई। इसके उद्घाटन सत्र के मुख्य-अतिथि आईजीयू मीरपुर के कुलपति प्रोफेसर जेपी यादव जबकि, विशिष्ट अतिथि उद्योगपति रिपुदमन गुप्ता तथा डॉ. अर्चना सूटा, जिला हायर एजुकेशन ऑफिसर थी।

मुख्य अतिथि प्रो. यादव और गणमान्य ने माँ-शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। संगोष्ठी में सभी अतिथियों को एक - एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सेमिनार समन्वयक डॉ. अनुराधा दीपक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमें यह सिखाती है कि कैसे सीखा जाए, 20 प्रदेशों से लगभग 200 शोधार्थियों ने इसमें अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर शोध-सारांश पर आधारित सोवीनियर ई.बुकलेट का भी लोकार्पण किया गया। मंच संचालक डॉ. ऋचा शर्मा ने सभी अतिथियों का परिचय श्रोताओं से कराते हुए इस संगोष्ठी की महत्ता और प्रासंगिकता समझाई। प्रबंध कार्यरिणी के अध्यक्ष अमित गुप्ता ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए जीवन भर सीखने को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि प्रो. जे.पी. यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पांच स्तंभों की चर्चा करते हुए पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नालंदा, तक्षशिला जैसे समृद्ध शैक्षणिक इतिहास की चर्चा करते हुए 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दोहराया।

## बीकानेर विद्यालय में जागरूकता रैली आयोजित




धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

**रेवाड़ी।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) की ओर से जागरूकता रैली एवं बैठक आयोजित की गई। प्राचार्य मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया।

कार्यक्रम की प्रभारी सुमिता गुप्ता के नेतृत्व वाली इस रैली में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थी व्यावसायिक कौशल संबंधी बैनर दिखाकर तथा नारे लगाते हुए इस गांव के मुख्य मार्गो से गुजरे और आमजन को जागरूक किया। बाद में इस विद्यालय में एसएमसी सदस्यों तथा अभिभावकों के साथ बैठक भी हुई। इस बैठक में प्राचार्य मनोज कुमार ने बताया कि विद्यालय में एनएसक्यूएफ के तहत आईटी और बैंकिंग दो व्यवसायिक कोर्स उपलब्ध है। उन्होंने उपस्थित सदस्यों तथा अभिभावकों को अपने बच्चों को व्यवसायिक कौशल मे निपुणता हासिल करने के लिए उपलब्ध कोर्स में प्रवेश दिलवाने की अपील की।

व्यावसायिक शिक्षिका सुमित्रा देवी ने बताया कि विद्यालय में उपलब्ध व्यवसायिक कोर्स बहुत ही रोजगार परक है। कोर्स पूरा करने के बाद एनएसक्यूएफ की ओर से प्लेसमेंट का भी प्रावधान किया जाता है। परिणामस्वरूप कई बच्चे रोजगार पा चुके है। उन्होंने भी अभिभावकों से अपने बच्चों को रोजगार परक शिक्षा प्रदान करने की अपील की। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य कैप्टन फकीर चंद, प्रदीप कुमार सहित प्रवक्ता मनोज कुमार, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, नरेंद्र सिंह, प्रिया, सीमा, कविता, रजनी आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री चौधरी जसवंत बावल का हुआ ऑपरेशन



**धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना, रेवाड़ी।** हरियाणा विकास पार्टी की चौधरी बंशीलाल सरकार में मत्स्य पालन एवं नागरिक उडडयन विभाग के मंत्री रहे चौधरी जसवंत सिंह बावल को शुक्रवार की अलसुबह सीने में दर्द होने के बाद नगर के मार्स हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया, जहां उनका आप्रेशन कर दिया गया। अब उनकी हालत खतरे से बाहर है मगर चिकित्सक उनके स्वास्थ्य पर अभी अपनी निगरानी बनाए हुए हैं। चिकित्सकों के अनुसार अभी पूर्व मंत्री से किसी को भी मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही।

## पूर्व विधायक रणधीर कापड़ीवास से सिंचाई मंत्री से की मुलाकात




धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना

**रेवाड़ी।** हरियाणा की नायब सरकार के सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव यहां रेवाड़ी से भाजपा के पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापडीवास से उनके पैतृक निवास पर मुलाकात की। करीब तीन घंटे तक चली इस बैठक में दक्षिण हरियाणा में पानी की उपलब्धता के अलावा स्थानीय राजनीति को लेकर चर्चा हुई।सिंचाई मंत्री का यहां पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत करने के बाद खुशनुमा माहौल में यह बैठक हुई। बता दें कि इससे पहले हरियााण सरकार में एक अन्य मंत्री विश्मबर वाल्मीकि ने भी कापडीवास से मुलाकात की थी। इनके अलावा सीएम नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्या डॉ. सुधा यादव सहित अनेक बड़े नेता भी कापड़ीवास में आ चुके हैं। इन मुलाकातों के अभी से सियासी मतलब निकाले जाने लगे हैं। चूंकि दक्षिण हरियाणा में नहरी पानी की खासी जरूरत सिंचाई और पेयजल के लिए होती है, ऐसे में सिंचाई मंत्री के साथ यह मुलाकात आगे क्या गुल खिलाएगी, यह वक्त बतागी। इस मुलाकात के दौरान सिंचाई मंत्री के साथ कापड़ीवास के भतीजे मुकेश यादव कापडीवास और अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्पेशल नाके लगाकर इन्फोर्समेंट बढ़ाएं आबकारी, कराधान और एसएसटी टीमें

धनेश विद्यार्थी, देश रोजाना



**रेवाड़ी।** जिला में 18वें लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने आबकारी एवं कराधान विभाग व एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) एफएसटी (फ्लाईंग स्क्वायड टीम) के अधिकारियों को अवैध तरीके से शराब की बिक्री व आवाजाही की पूर्ण रोकथाम के लिए सख्त रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना कराने में एफएसटी और एसएसटी टीमों का अहम रोल है। आदर्श आचार संहिता को मूर्त रूप से लागू करने के लिए चुनाव आयोग बहुत की गंभीर है। इस दौरान टीमों को सी-विजिल एप और ईइसएमएस एप के बारे और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने निर्देश दिए कि डिस्टलरी से शराब लेकर निकलने वाली गाडिय़ों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाए, जिसके लिए गाडिय़ों में जीपीएस सिस्टम होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यदि चेकिंग के दौरान गाड़ी बगैर जीपीएस के मिलती है या निर्धारित रूट पर नहीं मिलती है तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि रेवाड़ी की सीमाओं पर चौकिंग अभियान तेज करें व गांवों से होकर जाने वाले मार्गों पर विशेष चौकसी बरती जाए।

आबकारी व कराधान विभाग नियमों के खिलाफ गतिविधि मिलने पर तुरंत लें एक्शन जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि आबकारी व कराधान विभाग नियमों के खिलाफ कोई गतिविधि मिलती है तो त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत एक्शन लें। जिला में मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मल्टी लेयर सिस्टम तैयार किया गया है जिससे की प्रभावी मॉनिटरिंग होगी।

इसके अलावा एसएसटी टीमों को निर्धारित नाकों के अलावा सरप्राइज नाके लगाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आमजन लोकसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान आचार संहिता के संचालन के दौरान हरियाणा राज्य में शराब की अवैध आवाजाही, बिक्री एवं नकली शराब से सम्बन्धित शिकायतें देने व प्राप्त करने के लिए आबकारी एवं कराधान विभाग, हरियाणा द्वारा प्रधान कार्यालय, पंचकूला में स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष में दे सकते हैं।

शिकायतें / सूचना नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नंबर 18001022012 (टोल फ्री) 0172-4112222 और ईमेल पर दर्ज की जा सकती है। नियंत्रण कक्ष सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चालू रहेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति शराब की किसी भी अवैध आवाजाही / बिक्री व हरियाणा राज्य में नकली शराब की आवाजाही व बिक्री के सम्बन्ध में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है या सूचना दे सकता है।

## 13 जुलाई तक होगी शहर के पार्कों के झूलों का रखाव और जिम मरम्मत

**धनेश विद्यार्थी, रेवाड़ी।** वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सीएलजी समिति के चेयरमैन सुनील भार्गव ने कुछ दिन पहले शिकायत नगर के पब्लिक यूटिलिटी कोर्ट में पार्कों के झूले व पार्कों में लगे ओपन जिम की मरम्मत के लिए दायर की थी, जिसमें चेयरमैन पब्लिक यूटिलिटी कोर्ट ने नगर परिषद रेवाड़ी को पार्कों के झूले वह ओपन जिम जिनकी हालत खस्ता हो गई है उनको ठीक करवाने के आदेश पारित किए थे। रेवाड़ी नगर परिषद ने समय रहते अगर यह काम पूरा नहीं किया, इस सूरत में एडवोकेट सुनील भार्गव ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट में इजरा दायर की।

# अमेरिका ने ईरान को दी चेतावनी

## महाविनाशक परमाणु बॉम्बरों की निकाली परेड

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच अमेरिका ने अपनी ताकत दिखाई है। अमेरिका ने अपने परमाणु स्टील्थ बमवर्षकों बी-2 स्पिरिट के लगभग पूरे बेड़े के साथ शक्ति प्रदर्शन किया है। बी-2 स्पिरिट्स सिर्फ सबसे महत्वपूर्ण मिशनों के लिए रखे गए हैं।

अमेरिकी वायुसेना ने वॉर्निंग देते हुए कहा कि ये दुनिया में कहीं भी , कभी भी हमला करने के लिए तैयार हैं। बी-2 स्पिरिट एक मल्टी-रोल भारी बमवर्षक है जो पारंपरिक और परमाणु दोनों ही तरह के हथियार ले जाने में सक्षम है। 1000 किमी प्रति घंटे इसकी स्पीड है, जिसे ऐसा डिजाइन किया गया है कि रडार न पकड़ सके।

यह दुनिया का सबसे महंगा विमान है, जिसकी कीमत 1.7 बिलियन डॉलर है। इस विमान को दो पायलट चलाते हैं। इसकी रेंज 9650 किमी है। अंतरमहाद्वीपीय मिशनों के लिए इसे बनाया गया है। इजरायल ने कहा था कि वह ईरान के हमले का जवाब देगा। इसे देखते हुए अमेरिका ने अपने गुप्त बमवर्षकों का परीक्षण किया। 20 बी-2 स्पिरिट के पूरे बेड़े में से बारह ने साथ में उड़ान भरी। ये विमान बेहद दुर्लभ हैं, जिन्हें स्पिरिट विजिलेंस प्रशिक्षण अभ्यास के हिस्से पर साथ में देखा गया था।

इन विमानों का एकसाथ करीब से उड़ना एक चुनौती है। सोमवार को व्हाइटमैन एयरफोर्स बेस मिसौरी के रनवे पर इसे देखा गया। अमेरिकी वायुसेना ने एक बयान में कहा, 'नियमित प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करता है कि वायुसैनिक वैश्विक हमले के लिए हमेशा तैयार रहें, कभी भी और कहीं भी।' स्पिरिट विजिलेंस के बारे में बोलते हुए 509वें ऑपरेशंस ग्रुप के कमांडर कर्नल जेफ्री स्टीव ने कहा, 'यह एक रिमाइंडर है कि बी-2 स्पिरिट बॉम्बर परमाणु हथियारों की ताकत है। सीधे शब्दों में कहें तो बी-2 दुनिया का सबसे रणनीतिक विमान है। स्टीव के मुताबिक यह एकमात्र विमान है जो छिपकर, भारी हथियारों के साथ लंबी दूरी तक मार कर सकता है। अमेरिकी वायुशक्ति का प्रदर्शन तब हुआ, जब अमेरिका की ओर से बार-बार संयम बरतने की बात कही जाती रही है। शुक्रवार को ईरान पर इजरायल ने हमला बोल दिया। सटीक हमले से इजरायल ने ईरान के बेशकीमती परमाणु हथियारों के अड्डे पर हमला किया। हालांकि इस हमले के बाद से मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।



# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच इराक में ईरान समर्थित सैन्य ठिकानों पर पांच धमाके, तीन घायल

**एजेंसी, बगदादा**

ईरान और इस्राइल के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। लगातार दोनों देश एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। इस बीच इराक में शनिवार को ईरान समर्थित सैन्य ठिकानों पांच धमाके हुए। इसमें कम से कम तीन लोग घायल हो गए। हालांकि, अभी तक धमाकों के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

बगदाद के दक्षिण में बेबीलोन गवर्नरेट में सुरक्षा समिति के सदस्य मुहन्नाद अल-अनाजी के अनुसार, विस्फोट विशेष रूप से पॉपुलर मोबिलाइजेशन यूनिट्स (पीएमयू) से संबंधित एक जगह पर हुए। बेबीलोन गवर्नरेट के उत्तर में राजमार्ग पर अल-मशरौ जिले के कलसू सैन्य अड्डे पर हुए धमाकों की जांच चल रही है।



एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पीएमयू एक इराकी अर्धसैनिक समूह है जो ज्यादातर शिया ईरान द्वारा समर्थित है। पीएमयू स्थानीय प्रशासन से संबद्ध है और ईरान में शिया के साथ मजबूत संबंध हैं जो लंबे समय से इराकी राजनीति पर हावी है।

बता दें, यह धमाके ऐसे समय में हुए हैं, जब इस्राइल सात अक्तूबर के हमले के जवाब में गाजा में हमास से लड़ रहा है। कहा जाता है कि इस्राइल पर हुए हमले के पीछे कहीं न कहीं ईरान का हाथ था। इस महीने इस्राइल और ईरान के बीच एक के बाद एक हुए हमले ने गुप्त चल रही लड़ाई को सामने लाकर रख दिया।

ईरान के दमिश्क स्थित दूतावास पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान की सेना के दो शीर्ष कमांडर्स समेत सात लोगों की मौत हुई थी। ईरान ने इस हमले का आरोप इस्राइल पर लगाया था। ईरान ने चेतावनी दी थी कि अगर इस्राइल ने उन पर हमला किया तो वे और ताकत के साथ पलटवार करेंगे। इसके बाद, बीते दिनों ईरान ने इस्राइल पर 300 से ज्यादा मिसाइलों और ड्रोंस से हमला किया था। हालांकि ये मिसाइलें और ड्रोंस इस्राइल की हवाई सुरक्षा को नहीं भेद पाई थीं। वहीं, हाल ही में इस्राइल ने पलटवार किया।

## व्हाइट हाउस ने टकराव पर टिप्पणी से किया इनकार

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** ईरान के एक राजनयिक ने शुक्रवार को कहा कि उनके देश की रक्षा प्रणालियों ने उसके क्षेत्र पर एक इस्राइली हमले को रोक दिया। उन्होंने कहा कि इससे उनके किसी भी प्रतिष्ठान को कोई नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने आक्रामकता के सामने अपनी रक्षा करने के तेहरान के वैध अधिकार की बात पर जोर दिया। मुंबई में ईरान के महावाणिज्य दूत दाऊद रेजाई एस्कंदारी ने जोर देकर कहा कि अगर कहीं भी ईरान के क्षेत्र में या उसके परमाणु प्रतिष्ठान पर हमला होता है तो उनके देश के पास अपनी रक्षा करने का 'अंतर्निहित और वैध अधिकार' है। उन्होंने कहा, ₹हो सकता है कि वहां केवल एख छोटा सा हमला हुआ हो। लेकिन हमारी रक्षा प्रणाली ने सभी हमलों को रोक लिया। जहां तक हमें जानकारी है..हमारे किसी भी प्रतिष्ठान को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

# राष्ट्रपति जरदारी के अभिभाषण पर हंगामा

## संसद में लगे 'गो जरदारी गो' के नारे; दो सांसद निलंबित

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में नई सरकार तो बन गई है, लेकिन विपक्ष लगातार इसका विरोध कर रहा है। गुरुवार को भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। यहां राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सदन में जमकर हंगामा हुआ। हालांकि, अगले दिन यानी शुक्रवार को हंगामा करने के लिए दो सांसदों को निलंबित कर दिया।

राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को गुरुवार को उस समय जोरदार विरोध और नारेबाजी का सामना करना पड़ा, जब वह संसद के दोनों सदनों सीनेट और नेशनल असेंबली की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे।अधिकारियों ने नए संसदीय वर्ष की शुरूआत के मौके पर संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान संसद में हंगामा करने के लिए दो सांसदों को निलंबित कर दिया।

बता दें, प्रदर्शन किसी और ने नहीं बल्कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के सांसदों और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) ने किया था। राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने के लिए नेशनल असेंबली के अध्यक्ष सरदार अयाज सादिक ने सांसद जमशेद दस्ती और मुहम्मद इकबाल खान के खिलाफ कार्रवाई की। बताया जा रहा कि हंगामा करने वालों में दर्जनों लोग शामिल थे। यह लोग राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान लगातार 'गो जरदारी गो' का नारा लगाते रहे। हालांकि, राष्ट्रपति ने कुछ भी नहीं कहा और मुस्कुराते रहे।

# पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल बनाने में मदद करने का आरोप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका ने चीन की तीन और बेलारूस की एक कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन कंपनियों पर यह प्रतिबंध पाकिस्तान को बैलिस्टिक मिसाइल के पुर्जे मुहैया कराने के लिए लगाया गया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने चीन की जिन तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है, उनमें लॉन्गडे टेक्नोलॉजी डेवलेपमेंट की शी, तियानजिन क्रिएटिव सोर्स इंटरनेशनल ट्रेड और ग्रानपेक्ट कंपनी लिमिटेड का नाम शामिल है।

वहीं बेलारूस की मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। इन चारों कंपनियों पर पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम में मदद करने का



आरोप है। मैथ्यू मिलर ने कहा कि ये कंपनियां भारी तबाही वाले हथियारों के प्रसार में शामिल पाई गई हैं। जिसके चलते इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। अमेरिका के विदेश विभाग ने बताया कि बेलारूस की कंपनी मिंस्क व्हील ट्रैक्टर प्लांट कंपनी पाकिस्तान के लंबी दूरी के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोग्राम के लिए विशेष व्हीकल चेसिस मुहैया कर रही थी। ये चेसिस बैलिस्टिक मिसाइल में लॉन्च सपोर्ट में इस्तेमाल होता है।

# पाकिस्तान के रावलपिंडी में महिला ने एक साथ छह बच्चों को दिया जन्म

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के रावलपिंडी में 27 साल की महिला ने एक दुर्लभ घटना में छह बच्चों को जन्म दिया है। रावलपिंडी के जिला अस्पताल में शुक्रवार को महिला ने सेक्स्टुपलेट्स को जन्म दिया। पाकिस्तान के अखबार डॉन के मुताबिक, हजारा कॉलोनी के रहने वाले मोहम्मद वहीद की पत्नी जीनत वहीद गर्भवती थीं, प्रसव पीड़ा होने पर गुरुवार रात उनको अस्पताल लाया गया। इसके बाद शुक्रवार को जीनत ने एक घंटे के अंदर एक के बाद एक छह बच्चों को जन्म दिया।

जिला अस्पताल की मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर फरजाना ने बताया



है कि छह शिशुओं में से चार लड़के और दो लड़कियां हैं। सभी छह बच्चे का वजन दो पाउंड से कम है लेकिन बच्चे और जच्चा मां की सेहत फिलहाल ठीक है। डॉक्टरों ने बच्चों को इनक्यूबेटर में रखा है लेकिन कोई खतरे की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि जीनत का यह पहला प्रसव था। सभी बच्चे और उनकी मां स्वस्थ हैं और डॉक्टर उन्हें सर्वश्रेष्ठ इलाज मुहैया कराने की कोशिश कर रहे हैं।

अस्पताल के लेबर रूम की ड्यूटी ऑफिसर ने बताया कि यह सामान्य डिलीवरी नहीं थी और डिलीवरी क्रम में बच्ची तीसरे नंबर पर थी। डिलीवरी में कॉम्प्लिकेशन को देखते हुए डॉक्टर फरजाना ने ऑपरेशन के लिए सबसे विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम बनाई थी, जिन्होंने सफलता के साथ सर्जरी की। डॉक्टर फरजाना ने कहा कि बच्चों को जन्म देने के बाद जीनत को कुछ स्वास्थ्य संबंधी दिक्कते हुई हैं। हालांकि ये बहुत गंभीर नहीं और अगले कुछ दिनों में उनकी स्थिति सामान्य हो जाएगी। उन्होंने कहा कि डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ खुश हैं कि अल्लाह ने मां और बच्चों की जान बचा ली।

मेडिकल एक्सपर्ट का कहना है कि छह बच्चों का एक साथ जन्म एक सामान्य घटना नहीं है लेकिन हाल के वर्षों में प्रजनन दवाओं की लोकप्रियता ने इस तरह की संभावनों को बढ़ाया है। वहीं अस्पताल में मीडिया के साथ वहीद और उसके परिवार ने बात करते हुए कहा कि वह इस बात से खुश है कि एक बार में ही उनके परिवार में इतनी ज्यादा खुशियां आई हैं।

# फिल्म

## करीना ने 'रामलीला' छोड़ी, दीपिका-रणवीर ने आज तक नहीं बोला थैंक्यू

**बॉलीवुड** अभिनेत्री करीना कपूर खान जल्द ही अपनी अगली फिल्म 'सिंघम अगेन' में अभिनय करती नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके अलावा रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर और टाइगर श्रॉफ भी नजर आएंगे। इसी बीच, करीना कपूर ने हाल ही में, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और खुद से जुड़ी मजेदार बातें साझा की है।

फिल्म 'रामलीला' से रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की जोड़ी काफी हिट हुई थी। यह वही फिल्म थी, जिसमें दोनों एक-दूसरे के करीब आए थे। दोनों का प्यार कुछ इस कद्र परवान चढ़ा कि कुछ ही साल बाद दोनों ने शादी कर ली थी। यह फिल्म दोनों के लिए काफी खास है। आपको जानकर हैरानी होगी कि दीपिका से पहले करीना कपूर को इस फिल्म में काम करने का मौका मिला था, लेकिन बेबो ने इस प्रोजक्ट को छोड़ दिया था। करीना कपूर ने हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में मजाक करते हुए कहा कि उन्हें दीपिका और रणवीर सिंह ने अभी तक 'रामलीला' को नहीं करने के लिए धन्यवाद नहीं दिया है। करीना ने कहा कि वे भाग्य में यकीन करती हैं। उनका मानना है कि जीवन में जो कुछ भी होना है, वह किसी भी चीज के जरिए हो जाता है। उन्होंने आगे कहा कि सब कुछ सितारों में लिखा हुआ है, लेकिन सब कुछ मिलना हर किसी के लिए नहीं लिखा है। करीना कपूर को 'रामलीला' बनाने वाले संजय लीला भंसाली की ओर से पहले भी एक फिल्म मिली थी। 'देवदास' के लिए ऐश्वर्या राय से पहले करीना कपूर को कास्ट किया गया था। उनका स्क्रीन टेस्ट भी हो चुका था। इतना ही नहीं, करीना को पैसे भी मिल गए थे, लेकिन बाद में उनकी जगह ऐश्वर्या को फिल्म में ले लिया गया था। इससे करीना बेहद नाराज हो गई थी। एक पुराने साक्षात्कार में तो करीना ने यह तक कह दिया था कि अगर उनके पास कोई फिल्म नहीं होगी, तब भी वह भंसाली के साथ काम नहीं करेंगी।



# सुशांत के पूर्व हाउस मैनेजर सैमुअल मिरांडा को मिली बड़ी राहत

**दिवंगत** बॉलीवुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के पूर्व हाउस मैनेजर सैमुअल मिरांडा ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनके खिलाफ जारी किए गए लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) को रद्द करने के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अब बॉम्बे हाई कोर्ट ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के पूर्व घरेलू नौकर सैमुअल मिरांडा के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो ( सीबीआई ) के लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) को रद्द कर दिया है। आइए जानते हैं कि पूरा मामला क्या है।



कानूनी कार्यवाही के दौरान सैमुअल मिरांडा को देश छोड़ने से रोकने के लिए एलओसी दायर की गई थी। हालांकि, सैमुअल मिरांडा ने जवाब में छुट्टियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रा की योजनाओं का हवाला देते हुए एलओसी को रद्द करने के लिए एक याचिका दायर की थी। अब मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिस रेवती मोहिते-डेरे और मंजूषा देशपांडे की बॉम्बे हाई कोर्ट की बेंच ने तर्क दिया कि एलओसी की निरंतरता के लिए सीबीआई द्वारा रिकॉर्ड पर कुछ भी नहीं लाया गया है। बेंच ने माना कि अब तक, सीबीआई ने कोई आरोप पत्र या समापन रिपोर्ट जमा नहीं किया है और यह स्वीकार किया गया कि याचिकाकर्ता ने जांच में भाग लिया है और पूरे समय सहयोग किया है।

उच्च न्यायालय की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि यात्रा का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। उन्होंने नोट किया कि लुक आउट सर्कुलर में याचिकाकर्ता के गिरफ्तारी से बचने, मुकदमे के लिए अनुपलब्ध होने, फरार होने या किसी अन्य वैध कारण के बारे में कोई चिंता नहीं जताई गई थी।

# शमिता ने दिखाया कलात्मक कौशल फैंस बोले- आप हमारी रोल मॉडल हैं

**बॉलीवुड** अभिनेत्री शमिता शेट्टी अपने फैशन और अभिनय से तो दर्शकों को लुभाती ही हैं, मगर अब उन्होंने अपने फैंस को स्केच बनाने की कला से भी प्रभावित किया है। बड़े पर्दे से लंबे समय से दूर रहीं शमिता शेट्टी की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग हैं। अपने फैंस के लिए वो हमेशा कुछ ना कुछ अलग करती रहती हैं। इस बार उन्होंने अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया है।



अभिनेत्री शमिता शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है। इसमें वे अपनी रचनात्मकता दिखा रही हैं। वीडियो में शमिता स्केच बनाती हुई दिख रही हैं। शमिता स्केच बनाते हुए पूरी तरह से उसमें डूबी हुई दिख रही हैं। इस वीडियो को साझा करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, कला एक स्वतंत्र आत्मा की यात्रा है। शमिता अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती हैं।

शमिता के इस वीडियो को साझा करने के बाद उनके फैंस इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया देने लगे। एक यूजर ने लिखा, खूबसूरत! वहीं एक और यूजर ने टिप्पणी कर लिखा, वॉव! शमिता की एक फैन ने लिखा आप मेरी रोल मॉडल हैं लव यू।

शमिता शेट्टी को आखिरी बार 10 फरवरी 2023 में फिल्म टेनेंट में देखा गया था। वह बिग बॉस ओटीटी 1 में टॉप 3 में रहीं। शमिता ने बिग बॉस 14 में भी हिस्सा लिया और अपना सफर टॉप 4 के साथ खत्म किया। हालांकि, अभी तक उनके किसी आगामी कार्य की कोई आधिकारिक सूचना नहीं है।

# बिजनेस

## औपचारिक क्षेत्रों में 2023-24 में मिले 1.65 करोड़ रोजगार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रोजगार के मोर्चे पर सुनहरी तस्वीर दिख रही है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1.65 करोड़ सदस्य जोड़े हैं। 2022-23 की तुलना में यह 19 फीसदी अधिक है। ईपीएफओ शनिवार को आंकड़ा जारी करेगा।

श्रम मंत्रालय के मुताबिक, पिछले साढ़े छह वर्षों में 6.1 करोड़ सदस्य ईपीएफओ से जुड़े हैं। 2018-19 में 61.12 लाख सदस्य शुद्ध रूप से जुड़े थे। 2019-20 में यह बढ़कर 78.58 लाख हो गए। हालांकि, कोरोना के कारण 2020-21 में संख्या मामूली घटकर 77.08 लाख रही। 2021-22 में इसमें 1.22 करोड़ की बढ़त देखी गई। 2022-23 में इसमें 1.38 करोड़ की बढ़त रही। ईपीएफओ में सदस्यों के बढ़ने का मतलब यह होता है कि औपचारिक क्षेत्रों में लोगों को रोजगार मिल रहा है। इससे लोगों को सामाजिक सुरक्षा भी मिलती है।

सरकार चालू वित्त वर्ष में जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन यानी जीआईसी और एलआईसी में हिस्सा बेच सकती है। सरकार को निवेशकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। ऐसे में जीआईसी में कई चरणों में 10 फीसदी तक हिस्सा बेच सकती है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि 10 फीसदी हिस्सा बेचने से वर्तमान मूल्य पर सरकार जीआईसी से 57 अरब रुपये जुटा सकती है। एलआईसी में सरकार कई चरणों में छोटे-छोटे हिस्से बेच सकती है। निवेशकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया पर इसका फैसला होगा। आईपीओ में सरकार ने 3.5 फीसदी हिस्सा बेचा था। अगर इसमें 1.5 फीसदी हिस्सा भी बेचा जाता है तो सरकार को वर्तमान भाव पर 92 अरब रुपये जुटाने में मदद मिलेगी।




देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ हफ्तों में पहली बार गिरा है। 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 5.4 अरब डॉलर गिरकर 643.16 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले 5 अप्रैल के हफ्ते में यह 2.9 अरब डॉलर बढ़कर सार्वकालिक उच्च स्तर 648.56 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी मुद्रा संपत्ति 6.51 अरब डॉलर घटकर 564.65 अरब डॉलर रह गई है। सोने का भंडार 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.8 अरब डॉलर रह गया है।

लगातार दो वर्षों तक फसल की पैदावार कम होने के बाद सरकारी गोदामों में गेहूं का भंडार 16 वर्षों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और स्थानीय कीमतों को कम करने के लिए रिकॉर्ड गेहूं बेचा था। आंकड़ों के अनुसार, एक अप्रैल को गेहूं का भंडार 75 लाख टन रहा जो पिछले साल के 83.5 लाख टन से कम है। पिछले 10 सालों में एक अप्रैल को औसत गेहूं भंडार 1.67 करोड़ टन था। सरकार ने पिछले साल गेहूं की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए रिकॉर्ड एक करोड़ टन गेहूं बेचा, इससे सरकारी गोदामों में भंडार कम हो गया।

# वैश्विक वृद्धि में 17 फीसदी योगदान देगा भारत

- आईएमएफ ने भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन को सराहा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ ने चुनावी वर्ष में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के लिए भारत की सराहना की है। इसने कहा, अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इसकी 6.8 प्रतिशत की वृद्धि बहुत अच्छी है। आईएमएफ में एशिया व प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने कहा, भारत वैश्विक वृद्धि में 17 फीसदी का योगदान करेगा। श्रीनिवासन ने कहा, महंगाई कम हो रही है। इसे तय लक्ष्य तक लाया जाए। आखिरकार ठोस मैक्रो फंडामेंटल ही वह आधार है, जिसके आधार पर देश समृद्ध होते हैं और टिकाऊ वृद्धि करते हैं। इसे बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है।

श्रीनिवासन के मुताबिक, भारत ने कई वर्षों में कई झटकों को झेला है। उससे सफलतापूर्वक पार पाया है। यह सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख जीडीपी में से एक बनकर उभर रहा है। चालू वित्त वर्ष में निजी खपत




और सरकारी निवेश के नेतृत्व में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान है। भारत में लगातार महंगाई कम हो रही है। यह अब पांच फीसदी से नीचे है।

श्रीनिवासन ने कहा, भारत बेहतरीन स्थान है। विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति मजबूत है। समग्र मैक्रो फंडामेंटल अच्छा है। अर्थव्यवस्था के जोखिम मोटे तौर पर संतुलित हैं। भारत में पूंजी निवेश में निजी सेक्टर ज्यादा खर्च कर सकता है।

श्रीनिवासन के अनुसार, दूसरा चालक डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) है। डीपीआई जो करता है वह प्रतिस्पर्धा और इनोवेशन को बढ़ावा देकर उत्पादकता बढ़ाता है। यह वित्तीय समावेशन को भी बढ़ावा देता है और सरकारी क्षेत्र को और अधिक कुशल बनाता है। आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने विश्व बैंक कमिटी के सदस्यों को बताया कि 2022 में वास्तविक समय में लेनदेन में 46% के साथ भारत शीर्ष पर है।


# एलन मस्क का भारत दौरा टला

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क का भारत दौरा टला है। बताया गया है कि मस्क ने खुद इस दौरे को कुछ समय के लिए स्थगित करने का फैसला किया। बता दें कि मस्क सोमवार को ही भारत आकर पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे।

मस्क ने इसे लेकर एक्स पर अपने हैंडल से पोस्ट भी किया। उन्होंने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुझे टेस्ला के प्रति जिम्मेदारी के चलते भारत दौरा टालना पड़ रहा है। लेकिन मैं इस साल ही भारत आने का मौका देख रहा हूं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने मस्क के दौरे के टलने की पुष्टि की है। हालांकि, इसके कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। टेस्ला



और भारत सरकार की तरफ से भी इस पर अब तक कोई बयान जारी नहीं किया गया है। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते ही एलन मस्क ने खुद भारत दौरे की पुष्टि की थी। हालांकि, उनके दौरे से जुड़ी डिटेल्स को गुप्त रखा गया था। सूत्रों ने दावा किया था कि मस्क की यह यात्रा संभावित रूप से टेस्ला के निवेश योजनाओं और देश में एक नया कारखाना खोलने की घोषणा के साथ होगी। महाराष्ट्र और गुजरात दोनों राज्य सरकारों ने कथित तौर पर टेस्ला को इस उद्देश्य के लिए आकर्षक भूमि की पेशकश की है।

AIS Asahi India Glass Ltd.
SAINT-GOBAIN
M :7678601638
Windshield Fitment Expert
All Car Glass Repair & Replacement With Insurance & Cash Facility
( Service Available At Your Home )
शीशे ही शीशे
सभी गाड़ियों के शीशे लगाये जाते है कैश व इश्योरेंस द्वारा
SERVICE AVIAILABLE AT FARIDABAD, DELHI & NCR
e-mail : windshield.fitment.expert@gmail.com

# हैदराबाद को लगा पांचवां झटका, नीतीश रेड्डी पवेलियन लौटे, कुलदीप को मिला विकेट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी जारी रखते हुए हैदराबाद को पांचवां झटका दिया। कुलदीप ने सेट हो चुके नीतीश रेड्डी को आउट किया। नीतीश 27 गेंदों पर 37 रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने इस तरह मैच में चार विकेट लिए और दिल्ली को वापसी कराने में अहम भूमिका निभाई। हैदराबाद ने 17 ओवर की समाप्ति के बाद पांच विकेट पर 221 रन बना लिए हैं। शाहबाज अहमद का साथ देने अब्दुल समद क्रीज पर उतरे हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद ने शानदार बल्लेबाजी जारी रखते हुए 200 रनों का आंकड़ा पूरा कर लिया। हैदराबाद ने 15 ओवर की समाप्ति के बाद चार विकेट पर 204 रन बना लिए हैं। क्रीज पर नीतीश रेड्डी 26 रन और शाहबाज अहमद 24 गेंद बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव की अगुआई में दिल्ली के गेंदबाजों ने सनराइजर्स हैदराबाद को झटके दिए और मैच में वापसी की। हैदराबाद ने पावरप्ले में तूफानी शुरूआत की थी, लेकिन अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड के आउट होने के बाद उसकी रन गति धीमी पड़ गई है। 13 ओवर की समाप्ति के बाद हैदराबाद ने चार विकेट पर 184 रन बना हैं। हैदराबाद के लिए नीतीश रेड्डी और शाहबाज अहमद क्रीज पर मौजूद हैं। अच्छी शुरूआत के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की पारी लड़खड़ा गई है और टीम ने चार विकेट गंवा दिए हैं। कुलदीप यादव के ट्रेविस हेड को पवेलियन भेजने के बाद अक्षर पटेल ने हेनरिच क्लासेन को बोल्ड कर हैदराबाद को चौथा झटका दिया है। पावरप्ले में तूफानी बल्लेबाजी करने वाली हैदराबाद को कुलदीप और अक्षर ने बैकफुट पर ला दिया है। क्रीज पर फिलहाल नीतीश रेड्डी और शाहबाज अहमद मौजूद हैं।



कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए ट्रेविस हेड को पवेलियन भेज दिया है। हेड 32 गेंदों पर 89 रन बनाकर आउट हुए।

चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप ने हैदराबाद को दूसरा झटका देते हुए नए बल्लेबाज के तौर पर उतरे एडेन मार्करम को आउट किया। मार्करम तीन गेंदों पर एक रन बनाकर पवेलियन लौटे। हालांकि ट्रेविस हेड क्रीज पर मौजूद हैं और 27 गेंदों पर 85 रन बनाकर खेल रहे हैं। हेड का साथ देने हेनरिच क्लासेन उतरे हैं।

चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ने दिल्ली कैपिटल्स को पहली सफलता दिलाई। कुलदीप ने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे अभिषेक शर्मा को आउट किया। अभिषेक 12 गेंदों पर दो चौके और छह छक्कों की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ हेड और कुलदीप के बीच पहले विकेट के लिए हुई 131 रनों की साझेदारी टूट गई।

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में बिना किसी नुकसान के 125 रन बना लिए हैं। यह आईपीएल इतिहास में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर केकेआर के नाम था जिन्होंने 2017 में आरसीबी के खिलाफ बिना किसी नुकसान के 105 रन बनाए थे। हेड 26 गेंदों पर 84 रन और अभिषेक 10 गेंदों पर 40 रन बनाकर क्रीज पर टिके हुए हैं।

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने तूफानी शुरूआत जारी रखते हुए पांच ओवर की समाप्ति के बाद स्कोर 100 रन के पार पहुंचा दिया है। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने मिलाकर 10 छक्के और नौ चौके लगाए हैं। हेड 20 गेंदों पर 62 रन और अभिषेक 10 गेंदों पर 40 रन बनाकर खेल रहे हैं।

ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने एक बार फिर सनराइजर्स हैदराबाद को शानदार शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए तीन ओवर समाप्त होने तक स्कोर बिना किसी नुकसान के 62 रन पहुंचा दिया है। इसी के साथ ट्रेविस हेड ने महज 16 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया है।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद की पारी शुरू हो गई है। हैदराबाद के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पारी की शुरूआत करने उतरे हैं। दिल्ली की ओर से तेज गेंदबाज खलील अहमद ने गेंदबाजी की शुरूआत की है।

## लखनऊ में बैटिंग के लिए उतरे धोनी तो फैंस के शोर से सहमीं डिकॉक की पत्नी

**एजेंसी, लखनऊ**

आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ महेंद्र सिंह धोनी ने नौ गेंद में 311.11 के स्ट्राइक रेट से 28 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाए और लखनऊ के इकाना में मौजूद फैंस को भरपूर एंटरटेन किया। 90 रन पर पांच विकेट गंवा चुकी सीएसके एक समय परेशानी में दिख रही थी। इसके बाद रवींद्र जडेजा और मोईन अली ने 51 रन की साझेदारी और फिर आखिर में जडेजा ने धोनी के साथ 35 रन की साझेदारी कर चेन्नई की टीम को 20 ओवर में 176 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। माही के चौके-छक्कों ने फैंस को अपनी सीट से खड़े होकर उस पारी का लुत्फ उठाने के लिए मजबूर कर दिया।

यह मैच भले ही लखनऊ में खेला गया था, लेकिन सीएसके और विशेष रूप से धोनी के लिए स्टेडियम में काफी समर्थन था। फैंस सीएसके के झंडे और जर्सी में इकाना स्टेडियम पहुंचे थे और लखनऊ की नीली जर्सी से ज्यादा पीली जर्सी नजर आ रही थी। लखनऊ के स्टार बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की पत्नी साशा भी स्टेडियम में मौजूद थीं। उन्होंने इस मैच में कुछ ऐसा अनुभव किया, जिसे इससे पहले उन्होंने पहले कभी अनुभव नहीं किया था। दरअसल, मोईन अली के आउट होने के बाद जब धोनी बल्लेबाजी के लिए ड्रेसिंग रूम से बाहर निकले और मैदान में पहुंचे तो फैंस उनके नाम के नारे लगाने लगे। जैसा कि पिछले कुछ मैचों में भी दिखा है कि धोनी का ड्रेसिंग रूम से बाहर निकलकर आने और क्रीज तक पहुंचने ने डेसिबल के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फैंस धोनी को बल्लेबाजी करने आने को इतना चीयर करते हैं कि वह यह भूल जाते हैं कि सीएसके का कोई विकेट गिरा है। लखनऊ में भी कुछ ऐसा ही हुआ। इसके बाद साशा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने स्मार्ट वॉच की तस्वीर साझा की और कैप्शन में लिखा, 'जब एमएस धोनी बल्लेबाजी करने के लिए बाहर आते हैं।' कैप्शन के साथ उन्होंने अपनी स्मार्टवॉच पर एक नोटिफिकेशन की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, 'लाउड एनवायरनमेंट- साउंड लेवल 95 डेसिबल हिट कर रहा है। इस स्तर के साउंड लेवल पर 10 मिनट रहने पर आप अस्थायी रूप से बहरे हो सकते हैं।'

# पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहीद अफरीदी ने रोहित की पॉजिटिव अप्रोच का किया समर्थन

**एजेंसी, कराची**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने हाल ही में पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा था कि इससे टेस्ट क्रिकेट को बूस्ट मिलेगा। अब पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहीद अफरीदी ने रोहित के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। मालूम हो कि भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक कारणों से लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है।

हाल ही में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने एक पॉडकास्ट के दौरान रोहित से पूछा था कि क्या भारत और पाकिस्तान



के बीच नियमित रूप से मैच होना टेस्ट क्रिकेट के लिए फायदेमंद रहेगा? इस पर रोहित ने कहा था, मेरा मानना है कि वे अच्छी टीम है। अगर हम बाहर खेलें तो उनकी गेंदबाजी लाइन अप बेहतर है। दोनों टीमों के बीच आखिरी बार टेस्ट 2007-08 में खेला गया था। हां, मैं पाकिस्तान के खिलाफ खेलना पसंद करूंगा। दोनों टीमों के बीच अच्छा मुकाबला होता है। हम उनके खिलाफ आईसीसी टूनार्मेंट में खेलते हैं। नियमित रूप से क्रिकेट होना पसंद करूंगा।

अफरीदी ने रोहित के बयान का समर्थन करते हुए भारतीय कप्तान के पॉजिटिव अप्रोच की सराहना की है। उन्होंने कहा कि खेल दोनों देशों के बीच मतभेद कम करने का कारण बन सकता है। अफरीदी ने एक चैनल से कहा, बिलकुल बहुत अच्छा जवाब है, होना भी यही चाहिए। भारतीय कप्तान द्वारा एक सकारात्मक बयान आया है। वह भारत के दूत हैं। मैंने हमेशा से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच मतभेद दूर करने में खेल, विशेषकर क्रिकेट एक बड़ी भूमिका निभा सकता है। हम भारत जाते थे और क्रिकेट खेलते थे। इसी तरह से रिश्ते बेहतर होते हैं। पड़ोसी हैं, पड़ोसियों का हक होता है। रिश्ते जितने बेहतर हो उतना अच्छा है।

भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम बार मुकाबला पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप में हुआ था। भारत ने अहमदाबाद में खेले गए उस मुकाबले में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। दोनों टीमों के बीच अब एक बार फिर से टी20 विश्व कप के दौरान भिड़ंत होगी।

## टी20 विश्व कप पहले भारत के लिए खुशखबरी, शमी ने जल्द वापसी के दिए संकेत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम के लिए एक राहत की खबर सामने आई है। टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने अपनी चोट को लेकर अपडेट दिया है। शमी की सर्जरी हुई थी और वह रैहिब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। उन्होंने जल्द ही मैदान पर वापस लौटने की इच्छा जताई है। उन्होंने इसके साथ ही रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल भारत में हुए वनडे विश्व कप में हिस्सा लिया था। उन्होंने पूरे टूनामेंट के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। शमी ने विश्व कप में 24 विकेट चटकाए थे और वह टूनामेंट के सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए थे।

## भारतीय महिला पहलवानों को मिली बड़ी कामयाबी

### अंशु मलिक और विनेश फोगाट ने हासिल किया कोटा

**एजेंसी, बिश्केक**

भारत के स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट और अंशु मलिक ने बिश्केक में जारी एशियन ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया है।

विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लौरा गैनिक्जी को 10-0 से हराकर महिला 50 किग्रा वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने 4:18 मिनट में लड़ाई जीत ली। अब उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान की अक्तेंगे क्यूनिमजेवा से होगा, जिन्होंने चीनी ताइपे की मेंग ह्सुआन हसी को 4-2 से हराया है।



वहीं, अंशु मलिक ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। उन्होंने उज्बेकिस्तान की लैलोखोन सोबिरोवा को 11-0 से तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। पूर्व में अंशु ने बिश्केक में अपने दोनों मुकाबले तकनीकी श्रेष्ठता के दम पर जीते थे।

विनेश ने महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में कोरिया की प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकेंड तक चले मुकाबले में हराया। उनकी मजबूत पकड़ का विरोधी खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था। अगले मुकाबले में विनेश ने कंबोडिया की एसमानांग डिट को महज 67 सेकेंड में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फाइनल में पहुंचने वाले दो पहलवानों को ओलंपिक कोटा मिलेगा। विनेश चयन ट्रायल में जीतने के बाद 50 किग्रा वर्ग में खेल रही हैं। अगर वह चूक भी जाती हैं तो 53 किग्रा वर्ग में दावेदार होंगी जिसमें अंतिम पंघाल ने कोटा हासिल किया है। अंतिम को एक और ट्रायल में उतरने के लिए कहा जा सकता है।

# भारत को लंबी कूद में बड़ा झटका, घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर, होगी सर्जरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था।

इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डायमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरूआत करनी थी, लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया।



श्रीशंकर के पिता एस. मुरली ही उनके कोच हैं। श्रीशंकर का कहना है कि उनके शरीर को उनके पिता उनसे बेहतर समझते हैं। श्रीशंकर के पिता पूर्व ट्रिपल जंप एथलीट थे और दक्षिण एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता रहे हैं। 1992 एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनकी मां के.एस. बिजिमोल 800 मीटर रेस में रजत पदक जीती थीं।

श्रीशंकर के पिता मुरली एक समय पर शराब के शौकीन थे, लेकिन बेटे के खेल पर ध्यान देने के लिए उन्होंने इससे दूरी बना ली। टोक्यो ओलंपिक में श्रीशंकर के फेल होने के बाद मुरली ने ही अपने बेटे को संभाला था। उस समय श्रीशंकर काफी दबाव में थे और डिप्रेशन में भी चले गए थे। वह खेल छोड़कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहते थे। ऐसे में उनके पिता ने उन्हें संभाला और श्रीशंकर भारत के शीर्ष लॉन्ग जंपर बन गए। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को रजत पदक दिलाया था।

## राहुल-ऋतुराज पर लगा 12-12 लाख रुपए का जुमार्ना

**एजेंसी, लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान केएल राहुल और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ पर आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 12-12 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है ।लखनऊ ने अपने होम ग्राउंड इकाना स्टेडियम पर खेलते हुए चेन्नई को शुक्रवार को आठ विकेट से हराया था। आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का इन टीमों का यह पहला अपराध था। इसी वजह से राहुल और ऋतुराज पर सिर्फ जुमार्ना लगाया गया। आगे ऐसी गलती होने पर इन दोनों पर सख्त कार्रवाई की जा सकती है। नियम के तहत कप्तानों को कुछ मैचों के लिए बैन भी करने का प्रवाधान है। आईपीएल ने एक बयान में कहा- लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान केएल राहुल को सीएसके के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवरगति का दोषी पाया गया।

## भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन

### पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने से चूके

**एजेंसी, बिश्केक**

अमन सहरावत एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शुक्रवार को अपना सेमीफाइनल हारने के बाद पेरिस खेलों के लिए कोटा हासिल करने से चूक गए, जबकि दीपक पूनिया और सुजीत कलकल को वजन करने के लिए समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण टूनार्मेंट में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला।

अमन ने 57 किग्रा वर्ग में दबदबे वाला आगाज करते हुए अपने शुरूआती दो प्रतिद्वंद्वियों येरासिल मुख्तारुली और सुंगवॉन किम को तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। वह हालांकि उज्बेकिस्तान के गुलोमजोन अब्दुल्लेव के खिलाफ इस लय को जारी रखने में विफल रहे और 10 अंकों से पिछड़ने के बाद हार गए। भारतीय कुश्ती जगत को अमन से काफी



उम्मीदें थी क्योंकि उन्होंने अपने आयु वर्ग में मजबूत माने जाने वाले रवि दाहिया को शिकस्त देकर देश के प्रतिनिधित्व का मौका हासिल किया था। अमन के अलावा जयदीप ने भी 74 किग्रा वर्ग में शानदार शुरूआत की और तुर्कमेनिस्तान के अल अर्सलान बेगेनजोव को हराया। वह क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान के ओरोजोबेक तोक्तोमाम्बेतोवबाद के खिलाफ मुकाबला 2-2 से बराबर होने के बाद हार गए। सुमित मलिक (125 किग्रा) भी अपने पहले दौर में किर्गिस्तान के लखागवागेरेल मुनख्तूर से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गए, जबकि दीपक (97 किग्रा) क्वालीफिकेशन दौर में अराश योशिदा से तकनीकी श्रेष्ठता से हार गए।

दीपक और सुजीत कलकल को एशियन ओलंपिक क्वालीफायर्स में शामिल होने की मंजूरी नहीं मिली। यह दोनों पहलवान मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे हुए थे और शुक्रवार को बिश्केक पहुंचे थे। जब तक यह दोनों भारतीय पहलवान वहां पहुंचे, उस समय तक अन्य पहलवानों के वजन की जांच शुरू हो चुकी थी जिसके बाद आयोजकों ने दीपक और सुजीत को मंजूरी देने से इनकार कर दिया।

सूत्रों ने कहा कि भारतीय कोचों के अनुरोध के बावजूद आयोजकों ने उन्हें अनुमति नहीं दी। पूनिया ( 86 किग्रा ) टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचे थे। महिलाओं की स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें सबसे ज्यादा नजरें विनेश फोगाट (50 किग्रा) पर होंगी। एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के बाद पहलवानों को मई में तुर्की में होने वाले विश्व ओलंपिक क्वालीफायर से एक और मौका मिलेगा।

# टी20 विश्व कप के लिए टीम को लेकर 27 अप्रैल को चयनकर्ताओं से मिल सकते हैं रोहित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल 2024 के बाद टी20 विश्व कप खेला जाना है। एक जून से शुरू हो रहे विश्व कप को लेकर सभी टीमों को एक मई तक 15 संभावित खिलाड़ियों के नाम भेजने हैं। इसको लेकर भारतीय टीम में भी काफी हलचल है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कई तरह के दावे किए जा रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, हेड कोच राहुल द्रविड़ और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के बीच हाल ही में मीटिंग हुई थी और टी20 विश्व कप के लिए नामों पर चर्चा हुई थी। हालांकि, हाल ही में रोहित ने इस तरह की मीटिंग की खबरों का खंडन किया था। अब एक और रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें कहा गया है कि टी20 विश्व कप को लेकर टीम चयन के लिए 27 अप्रैल



को रोहित और अगरकर की मुलाकात हो सकती है।

ऐसी उम्मीद की जा रही है कि भारतीय चयनकर्ता जल्द ही आने वाले दिनों में टीम की घोषणा करेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को अस्थायी टीम सौंपने की समय सीमा एक मई है और अजित अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति 15 खिलाड़ियों को चुनने के लिए दिल्ली में बैठक कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चयनकर्ता 27 या 28 अप्रैल को नई दिल्ली में बैठक करेंगे। मुंबई इंडियंस को अगले हफ्ते 27 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स से खेलना है, जिसका मतलब है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी राष्ट्रीय राजधानी में होंगे। चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर इन दिनों विदेश में छुट्टियां मना रहे हैं और वह अपने साथियों के साथ बैठक में शामिल होने के लिए सीधे दिल्ली रवाना होंगे।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव का चयन तय है और अगर वे फिट रहते हैं तो वे अमेरिका के लिए उड़ान भर सकते हैं। वहीं, संशय रोहित के ओपनिंग पार्टनर को लेकर है। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल में से किसी एक को चुनने पर संशय है। यशस्वी आईपीएल 2024 में खराब फॉर्म में रहे हैं, जबकि शुभमन का भी प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। ऐसे में विराट और रोहित के ओपनिंग करने पर भी चर्चा हो रही है। वहीं, शुभमन-यशस्वी में से किसी एक को बैकअप ओपनर के तौर पर रखा जाएगा।

विराट के ओपनिंग करने से नंबर चार पर एक पावर हिटर को खिलाने की जगह खाली हो जाएगी। ऐसे में केएल राहुल, शिवम दुबे या रिंकू सिंह में से किसी को खेलने का मौका मिल सकता है। सूर्यकुमार का नंबर तीन पर खेलना लगभग तय है। वहीं, पांच पर ऋषभ पंत खेल सकते हैं। हार्दिक पांड्या के फॉर्म भी चयनकताओं के लिए परेशानी का सबब है। आईपीएल में हार्दिक कुछ खास नहीं कर सके हैं। छठे नंबर पर भी एक पावरहिटर को मौका दिया जा सकता है। ऐसे में सातवें पर जडेजा और आठवें पर हार्दिक खेल सकते हैं। बाकी के तीन स्थान गेंदबाजों के लिए होंगे। इनमें से भी बुमराह का खेलना लगभग तय है। एक और तेज गेंदबाज के तौर पर अर्शदीप और सिराज के बीच लड़ाई होगी। 20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम में ये 20 खिलाड़ी हो सकते हैं (15 संभावित और पांच रिजर्व खिलाड़ी)।

## पंजाब के खिलाफ डीआरएस को लेकर 'बेईमानी' करते दिखे थे डेविड और पोलार्ड

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर पंजाब किंग्स के खिलाफ 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में खेले गए मैच के दौरान आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। यह जुमार्ना तब लगाया गया जब मैच के दौरान का एक वायरल वीडियो सामने आया था, जिसमें पांच बार के चैंपियन मुंबई के डगआउट में डेविड और पोलार्ड को बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को डीआरएस के लिए इशारा करने और लेने में अवैध सहायता प्रदान करते हुए देखा गया था।

आईपीएल ने एक बयान में कहा, 'डेविड और पोलार्ड ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल एक का अपराध किया है। डेविड और पोलार्ड पर मैच फीस का 20-20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी द्वारा लगाए गए जुमार्ने को स्वीकार कर लिया है। आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।

दरअसल, मुंबई इंडियंस की पंजाब किंग्स पर नौ रन से जीत के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में हार्दिक पांड्या की टीम पर 'डीआरएस में चीटिंग' करने का आरोप लगा था। वीडियो में मुंबई के खिलाड़ी टिम डेविड को डगआउट से डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) लेने के लिए इशारा करते देखा गया, लेकिन उन्हें जल्द ही समझ आया कि वह स्क्रीन पर हैं। ऐसे में डेविड हाथ छुपाते दिखे। इसके बाद मैदान पर मौजूद बल्लेबाज डीआरएस की मांग करता दिखा। टककी पारी के 15वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने सूर्यकुमार यादव को ऑफ स्टंप के बाहर फुल लेंथ की गेंद फेंकी। गेंद सूर्या की पहुंच से काफी दूर था। हालांकि, अंपायर इसे वाइड करार नहीं देते हैं।

सूर्यकुमार तब 47 गेंदों पर 67 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे और ऑनफील्ड अंपायर ने इसे लीगल डिलीवरी माना। इसके बाद बड़ी स्क्रीन पर डेविड और पोलार्ड को डीआरएस लेने के लिए इशारा करते दिखाया जाता है। वहीं, बाउचर क्रीज पर मौजूद बल्लेबाजों को वाइड का इशारा करते दिखते हैं। इसके बाद करन अंपायर को दिखाने की कोशिश करते हैं कि डग आउट की ओर से इशारा किया जा रहा है, लेकिन अंपायर उनकी बातों को अनसुना कर देता है। डेविड और पोलार्ड को दाएं हाथ के बल्लेबाज से रिव्यू लेने का आग्रह करते हुए देखा गया, जो नियमों के अनुसार अवैध है। डेविड को डीआरएस के लिए इशारा करते देख स्ट्राइक पर मौजूद सूर्या अंपायर से डीआरएस की मांग करते हैं और अंपायर वाइड के लिए डीआरएस लेते हैं। हालांकि, मुंबई की टीम पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।